सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-329 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 11 मई 2024
02 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

केजरीवाल तिहाड़ जेल से रिहा

राहत

- आवास पर पहुंचते ही केजरीवाल को संजय सिंह ने गोद में उठाया
- खूब हुई आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरके आप कार्यकर्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की तिहाड़ जेल से 39 दिन बाद रिहा होने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल अपने आवास पहुंचे। इस दौरान आवास को खूबसूरती से सजाया गया था।

आवास के बाहर फूलों को बिछाया गया था। कार्यकर्ता जुटे थे और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं उनके पहुंचते ही जमकर आतिशबाजी की गई। जब केजरीवाल अपने आवास पर पहुंचने वाले थे, हजारों कार्यकर्ता पलक-पांवरे बिछाकर उनका इंतजार कर रहे थे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी हो रही थी। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरक रहे थे। इस दौरान मिठाईयां भी खूब बांटी जा रही थी। जब इंतजार की घड़ियां खत्म हुई और केजरीवाल आवास के दरवाजे पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं में खूब जोश भर गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। केजरीवाल के आवास पहुंचते ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह उनके स्वागत में खड़े थे। उन्होंने केजरीवाल को अपनी गोद में उठा लिया। इस दौरान आप के तमाम बड़े नेता जैसे सौरभ भारद्वाज, सोमनाथ भारती, कैलाश गहलोत भी मौजूद रहे। सभी ने केजरीवाल के गले मिलकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोगों में खूब उत्साह देखा गया। आवास पर पहुंचते ही केजरीवाल के मां-पिता दरवाजे पर फूल माला लेकर खड़े थे। केजरीवाल ने दोनों के पैर छूए।

सुप्रीम कोर्ट ने दी एक जून तक जमानत

केस अगस्त 2022 में, गिरफ्तारी मार्च 2024 में, डेढ़ साल ईडी कहां थी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय के नौ समन के बाद केजरीवाल की 21 मार्च को गिरफ्तारी हुई थी। करीब 50 दिन बाद उन्हें राहत मिली है। उन्हें यह राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाईं हैं, जिनका उन्हें पालन करना होगा। ये हैं शर्तें- अरविंद केजरीवाल को समर्पण कर दो जून को जेल में लौटना होगा। उन्हें 50 हजार रुपये का मुचलका भरना होगा। केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। उन्हें अपने इस बयान का पालन करना होगा कि वे किसी भी आधिकारिक फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे, जब तक कि मामला उपराज्यपाल से मंजूरी हासिल करने जितना जरूरी न हो। केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय में नहीं जाएंगे। वे किसी भी गवाह से बात नहीं कर सकेंगे और मामले से जुड़े आधिकारिक दस्तावेजों को नहीं देख सकेंगे। अरविंद केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत को उनके खिलाफ मामले से जुड़े गुण-दोष पर दी गई राय न माना जाए।

मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, दो जवान घायल

कामयाबी

- ऑपरेशन के लिए सीएम विष्णुदेव ने अधिकारियों को दी बधाई
- भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पीड़िया के जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो जवानों के घायल होने की भी जानकारी मिल रही है। सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा की डीआरजी कोबरा की 210 बटालियन और एसटीएफ के जवानों की सर्चिंग जारी है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद किया है। जंगल मे मौजूद कई बड़े नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। नक्सली मुठभेड़ पर सीएम विष्णुदेव साय ने जवानों और अधिकारियों को बधाई दी है। सीएम ने कहा कि घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार, विस्फोटक और दैनिक उपयोग का समान भी बरामद किया गया है। घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे तक मुठभेड़ हुई है।

भक्तों ने बनाया नया रिकॉर्ड

रुद्रप्रयाग। पंचकेदार में प्रमुख केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा में नया अध्याय भी जुड़ गया है। शुक्रवार को कपाटोद्घाटन पर धाम में 29030 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि कपाटोद्घाटन के मौके पर इनती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

प्राइम लोकेशन पर दुकान के लिए संपर्क करें

अल्मास मैरिज हाल नेपियर रोड कॉलोनी के पास मुस्तफा सेण्टर में एक दुकान 650 स्क्वायर फ़ीट ए सी और फर्नीचर के साथ किराये के लिए संपर्क करें।
8299575013

महिला पहलवान यौन उत्पीड़न मामला

बृजभूषण सिंह पर आरोप तय

मुसीबत

- राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिया आदेश
- पांच शिकायतों में पर्याप्त सबूत : दिल्ली कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने सह-अभियुक्त विनोद तोमर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के अपराध के लिए भी आरोप तय किए हैं। विनोद तोमर डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने आदेश पारित किया है। अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख सिंह पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 354 (शील भंग करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध में आरोप तय किए है। हालांकि, छठे पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में बृजभूषण शरण सिंह को आरोपमुक्त कर दिया। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनकी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने सांसद के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की थी। शिकायतकर्ताओं ने पहले सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

मोदी पीएम नहीं, राजा हैं: राहुल गांधी

राहुल गांधी का दावा, मोदी नहीं बनेंगे पीएम, मैं मोदी से डिबेट को तैयार

पलटवार

- सबसे सफल आन्दोलन संविधान है
- मैं आरक्षण खत्म होने नहीं दूंगा

अवधनामा ब्यूरो

संविधान लोगों को ताकत देता है : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा भाजपा की 180 से ज्यादा सीटें नहीं आने वाली हैं। अगर ईवीएम में गड़बड़ी की तो ही पीएम बन सकते हैं। जातीय जनगणना से देश के 90 फीसदी लोगों को संसाधनों में हिस्सेदारी मिलेगी। 90 फीसदी लोगों को दबाया नहीं जा सकता है। संविधान लोगों को ताकत देता है। सत्ता मेरे लिए नशा नहीं है।

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया की मैं लिख कर दे सकता हूँ मोदी प्रधामंत्री नहीं बनेंगे आपके पैदा होने से पहले ही आपका भविष्य तय हो जाता था। आप पैदा ही नहीं हुए आपकी काबिलियत नहीं देखी आपका भविष्य तय हो गया।

उन्होने कहा की हिन्दुस्तान में सारे के सारे लोगों को छोटे-छोटे खांचों में डाल दिया जाता था। राहुल गाँधी आज लखनऊ के इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संविधान रक्षा और न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा की आप इस काम के लायक हो, आप इस काम के लायक और आप इस काम के लायक। यह आप कभी नहीं कर सकते, यह कभी नहीं बोल पाओगे। आपके पैदा होने से पहले तय किया जाएगा कि कोई आपको छुएगा नहीं, आप जमीन नहीं खरीद पाओगे। हिन्दुस्तान के करोड़ों अरबों लोगों ने हाजरों साल इस तरह जिंदगी जी। मैं आरक्षण खत्म होने नहीं दूंगा। सबसे सफल आन्दोलन संविधान है। पीएम नरेंद्र मोदी नहीं राजा है। उन्होंने अपना भविष्य तय नहीं किया समाज ने पहले ही तय करदिया। कितना दुख-दर्द कितनी काबिलियत बर्बाद हुई। इस चीज को बदलने के लिए बहुत सारे लोग खड़े हुए जिनकी ऐतिहासिक सूची है अनिल जयहिन्द ने उनके नाम लिये। सब ने एक बात की जो सच्चाई थी, उसको उन्होंने स्वीकार किया कि हमें यह दिख रहा है कि यह सच्चाई है और इस बात को मैं स्वीकार करूंगा। दो तरह के लोग होते हैं राजनीति में एकदम दिख जाता है पूरी जिंदगी सत्ता के पीछे दौड़ते-दौड़ते सच्चाई को स्वीकार नहीं करते। न अपनी सच्चाई स्वीकार करते हैं न किसी और की। उन्हें बस अपने हाथों मेंसत्ता दिखती है। दूसरे तरह के लोग कहते हैं यह सच्चाई है इसे में स्वीकार कर रहा हूं चाहे अच्छा लगे या बुरा लगे। अलग-अलग समाज में अलग-अलग जगह से लोग आए अम्बेडकर, महात्मा गांधी, पेरियार, बुद्धा, यह अलग-अलग जगह से आए लेकिन स्वीकार किया कि जो देख रहा हूं यह सच है इसे छोड़ूगा नहीं।



एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें फिर रद्द

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल की कमी के कारण शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द कर दीं और हालांकि अधिकारियो को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को मुआवजा देने से करीब 30 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। मंगलवार रात से चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द की गई और यह गुरुवार को रद्द हुई 100 उड़ानों से कम हैं।

खड़गे को चुनाव आयोग की नसीहत

बयान सोच-समझकर दें

आरोप

- खरगे ने मतदान के आंकड़े जारी करने पर उठाए थे सवाल

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई। आयोग ने उनके बयानों को चुनाव संचालन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर आक्रामकता करार दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान से जुड़ा डेटा जारी करने के संबंध में कांग्रेस के आरोप निराधार हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों कराने में भ्रम पैदा होता है। आयोग ने कहा कि ऐसे बयानों से चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। राज्यों में बड़ी चुनाव मशीनरी इससे हतोत्साहित भी हो सकती है। खरगे ने सात मई को इंडी गठबंधन के नेताओं को पत्र लिखा था। पत्र में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कथित धांधली का आरोप लगाया था। पत्र में खरगे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की थी कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। खरगे ने लिखा हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की संस्कृति की रक्षा करना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा था, इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के तौर पर यह हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा करें और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बचाएं। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में हुए फेरबदल पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह अंतिम नतीजों में फेरबदल करने की कोशिश हो सकती है। खरगे ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों को देखते हुए पीएम मोदी और भाजपा परेशान है। पूरा देश जानता है कि यह तानाशाही सरकार सत्ता के नशे में चूर है और अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान प्रतिशत और डाटा साझा करने में हुई देरी पर विपक्षी पार्टियां सवाल उठा रही हैं।

चुनाव प्रचार

प्रत्याशी डॉ. आनंद कुमार के पक्ष में वोट की अपील

रामद्रोही नहीं हो सकते भारत के हितैषी : योगी

संबोधन

- वोट बैंक के लिए होता रहा महाराजा सुहेलदेव का अपमान
- पिछली सरकार में गरीब भूख से मरता था: सीएम

बहराइच। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आजादी के बाद से महाराजा सुहेलदेव राजभर का अपमान होता रहा।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के गुनहगार सालार मसूद गाजी को मौत के घाट उतारकर बहराइच में उसकी कब्र बनाने वाले महा पराक्रमी महाराजा सुहेलदेव को केवल वोट बैंक के लिए कांग्रेस, सपा और बसपा ने सम्मान नहीं दिया, क्योंकि उन्हें डर था कि ऐसा करने पर सालार मसूद गाजी का भक्त वोटबैंक खिसक न जाए। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को महसी के रामपुरवा बाग में बहराइच लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी डॉ आनंद कुमार गोंड के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने महाराज सुहेलदेव के पराक्रम की भूमि और स्वाधीनता सेनानी राजा बलभद्र सिंह की पावन भूमि को कोटि कोटि नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह को अक्षय तृतीया और परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आज के दिन त्रेतायुग और सतयुग की शुरुआत हुई थी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में आया था तब आपने आशीर्वाद दिया और सुरेश्वर सिंह महसी से विधायक बने और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार ने अयोध्या में न केवल रामलला का भव्य मंदिर बनवाया, बल्कि अराजकता फैलाने वाले माफिया तत्वों का रामनाम सत्य करने का काम भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार आपकी भावनाओं का सम्मान करती हो, आपके हितों का संरक्षण करती हो, विकास के कार्यों के साथ जोड़ती हो, उसे बार बार चुनना चाहिए। इससे वर्तमान तो सुधरता ही है, भविष्य के लिए भी नये-नये अवसर पैदा होते हैं। पिछली सरकार में गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। दंगे होते थे और कर्फ्यू लगता था। राम हमारे श्वास-श्वास में रचे बसे हैं। कांग्रेस और सपा जैसे रामद्रोही भारत के हितैषी नहीं हो सकते। यही कारण है कि इनके समय में दंगे होते थे। गरीब को उसका हक नहीं मिलता था। पैसा तब भी था मगर तब बंदरबांट होता था। अयोध्या, बनारस, लखनऊ, कचहरियों, सीआरपीएफ कैंप पर हमला होता था।

युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के प्रतिष्ठित महाविद्यालय युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय, कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने की। मंच संचालन का निर्वहन सौरभ वर्मा ने किया इस दौरान आदरणीय कुलपति जी ने अपने सम्बोधन में मतदाताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदान स्थल पर जाएं, साथ ही अपने परिवार, संबंधियों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि एक भी व्यक्ति वोट देने से न छूटे। वोट देना आपका अधिकार और कर्तव्य दोनों है, क्योंकि आपका वोट राष्ट्र के प्रति आपके कर्तव्य बोध को सुनिश्चित करता है तथा विकसित राष्ट्र के नीति निर्माण में भागीदार होता है। प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने छात्र-छात्राओं को उनके मताधिकार से परिचित कराते हुए कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में आपके द्वारा किया गया प्रत्येक वोट एक स्वर्णिम भविष्य का आधार सिद्ध होगा। इस दौरान सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के इसी क्रम में राजगढ़ वार्ड में मतदाता जागरुकता अभियान रैली का आयोजन कुलपति जी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान मतदाताओं को पैम्लेट, पोस्टर आदि का वितरण किया गया तथा उन्हें शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, निदेशक सीडीसी डॉ. अवधेश त्रिपाठी, डीन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी एवं विश्वविद्यालय के अनेक माननीय अतिथिगण, महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, हृष्टष्ट कैडेट्स, हृस्स वॉलिंटियर्स, रोवर एण्ड रेंजर्स तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

सहारनपुर। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने आज सैन्ट्रल वेयर हाउस पहुंचकर ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन में विगत् 19 अप्रैल को सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेहट, सहारनपुर नगर, सहारनपुर देहात, देवबंद व रामपुर मनिहारान तथा कैराना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नकुड़ व गंगोह विधान सभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न कराने के पश्चात ईवीएम को जनता रोड स्थित सैन्ट्रल वेयर हाउस के गोदामों में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखा गया था, जिसकी सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनायी गयी थी। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा अचानक जनता रोड स्थित वेयर हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ कर प्रभु श्री परशुराम जी से की प्रार्थना

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। ब्राह्मण वेलफेयर फाऊंडेशन की नगर इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर देश और समाज की अखंडता संप्रभुता और विकास की भावना से हवन यज्ञ कर प्रभु श्री परशुराम जी से प्रार्थना की। शुक्रवार को नगर में विप्र समाज द्वारा शोभायात्रा का निकलकर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर मनाया तो ब्राह्मण वेलफेयर फाऊंडेशन ने गत वर्षों की भांति जन्मोत्सव पर देश और समाज की अखंडता और एकता के लिए यज्ञाचार्य पंडित सुशील मिश्र द्वारा शांति और अखंडता के लिए 1008 गायत्री मंत्र, विष्णु मंत्र, शिव मंत्र और आदिशक्ति के मंत्रों के साथ चार चरणों में यज्ञ संपन्न करते हुए भगवान परशुराम जी को प्रसन्न करने हेतु महा आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। यजमान ब्राह्मण वेलफेयर फाऊंडेशन के संस्थापक देवरंजन मिश्र रहे। देश और समाज की अखंडता संप्रभुता के लिए विप्र समाज द्वारा कराये गये यज्ञ की पूर्ण आहुति में बड़ी संख्या में उपस्थित सभी बंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर फाऊंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डा सुशील शुक्ला, नगर इकाई के संरक्षक जुगुल किशोर मिश्रा, जिला प्रभारी मिश्रीलाल शुक्ला, परशुराम शोभायात्रा के संयोजक अतुल बाजपेई, नगर अध्यक्ष आनन्द बाजपेई सहित नगर कार्यकारणी के अन्य सदस्यों में प्रमोद त्रिवेदी, अनूप अग्निहोत्री, सुमित शुक्ला, गोपाल मिश्रा, बबलू मिश्रा, श्यामबाबू मिश्रा एड., रमेश दीक्षित, लालमणि बाजपेई, प्रमोद मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों में हिस्सा लिया।

हर्षोल्लास से मनाया श्री श्री 1008 स्वामी तुरीयानन्द महाराज का निर्वाण दिवस

सहारनपुर। सतगुरू श्रीश्री 1008 स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 53वाँ निर्वाण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालु ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया।

मण्डी समिति रोड स्थित सिद्धपीठ स्वामी तुरीयानन्द सत्संग सेवा आश्रम में आज सतगुरू श्री श्री 1008 स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 53वाँ निर्वाण दिवस, गद्दीनशीन श्री श्री 1008 स्वामी विवेकानन्द गिरि महाराज की संरक्षता में बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान स्वामी तुरीयानन्द ट्रस्ट तथा देश के कई प्रान्तों से आई काफी संख्या में संगत ने महोत्सव भाग लिया। इस दौरान संगतों को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रातःकाल प.दीपक अग्निहोत्री ने हवन यज्ञ किया। अल्पहार व ब्रह्मभोज के पश्चात् गद्दीनशीन श्री श्री 1008 स्वामी विवेकानन्द गिरि महाराज द्वारा अक्षय तृतीया के मुख्य दिवस पर संगत का अपने प्रवचनों के माध्यम से अमृत वर्षा करते हुए उल्लेख किया। महोत्सव व भण्डारा आज से शुरु होकर 10 मई तक आयोजित होगा। अन्त में श्री महाराज ने भजनों के माध्यम से उपस्थित विशाल संगत को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में स्वामी तुरीयानन्द ट्रस्ट के प्रधान ओम प्रकाश अरोड़ा, उप प्रधान महेन्द्रपाल, महामंत्री प्रवीन वधावन, कोषाध्यक्ष अमित बतरा, ज्वाईट सेक्रेटरी सुभाष चन्द मल्होत्रा, ट्रस्टी सुर्दशन बजाज एवं विशाल संगत ने श्री महाराज जी से आर्शीवाद प्राप्त किया।

नकुड तहसील की गौशालाओं में आज तक 25 किसानों से 427 कुंतल से अधिक भूसा हुआ प्राप्त

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा भूसा दान करने की अपील से तहसील नकुड में आज तक 25 किसानों ने 427 क्विंटल से अधिक भूसा दान किया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान में जनपद के विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर 2748 गोवंश संरक्षित है। इन गोवंशों को वर्ष भर भरण-पोषण हेतु भूसा संरक्षित करना अति आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि निकटवर्ती गोवंश आश्रय स्थल पर अधिक से अधिक भूसा दान दें। 10 कुन्तल से अधिक भूसा दान करने वाले व्याक्तियों के नाम गोआश्रय स्थलों पर अंकित करायें जायेगें, ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अधिक से अधिक भूसा गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित हो सकें। भूसा दान करने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अलावा हरे चारे और चोकर की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होने संबंधित सभी अधिकारियों को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भूसा दान देने हेतु अधिक से अधिक कृषकों को प्रेरित करें तथा दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाये। उन्होने सभी अधिकारियों से निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों हेतु भोजन एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

गरीब विद्यार्थियों को 1200 कॉपी की वितरित

सहारनपुर। राउंड टेबल 368 द्वारा दो प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई कर रहें गरीब छात्र एवं छात्रों को लिखनें के लिए 1200 कॉपी वितिरत की गई।

सहारनपुर राउंड टेबल 368 के चेयरमैन अर्चित जैन ने बताया कि चिलकाना में 2 प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई कर रहें गरीब छात्र एवं छात्रों को लिखनें के लिए 1200 कॉपिया वितिरत की गई। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्राथमिक विद्यालय चिलकाना में 3 कक्ष के भवन निर्माण की जिम्मेदारी ली हुई हैं और भवन निर्माण का पूरा खर्चा संस्था द्वारा वहन किया जा रहा है, जिसका शिलान्यास 15 मई 2024 को किया जायेंगा। संस्था शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर काम रही है और पूरे भारत में 8 हजार से ज्यादा क्लास रूम बनवा चुकी है। इसके अलावा किसी भी क्षेत्र में सहायता की जरूरत होती है तो हमारी संस्था द्वारा सहायता का पूरा प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम कंवीनर ऋषि मनचन्दा, अचरज सिंघल, वरूण अग्रवाल, केशव चुग, सजग सचदेवा, पंकज ग्रोवर आदि राउंड टेबल के युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

19 मई को निकलेगी भगवान श्रीपरशुराम की शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। परशुराम सामाजिक संस्था द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाया गया तथा 19 मई को भव्य शोभा यात्रा भी निकाले जाने का निर्णय लिया गया। ग्राम मल्हीपुर स्थित सिद्ध मृत्युंजय महादेव मंदिर में परशुराम सामाजिक संस्था द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। संस्था पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताये गये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। परशुराम सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया कि आज श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विधि विधान के साथ हवन किया गया। उन्होंने बताया कि 19 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोंगो ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में विपिन शर्मा, राहुल शर्मा, हेमंत जोशी, अनिल शर्मा, मनोज कपिल, विकास शर्मा, मोनू पंडित, सचिन, पंकज पंडित, सागर शर्मा, अमित पंडित, सुमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

आर्य सम्मेलन में मेधावी बच्चों व महान विभूतियों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। आर्य समाज खालापार द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव व आर्य सम्मेलन में मेधावी बच्चों समेत समाज सेवा में सर्वोत्तम कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्वान आर्यो ने वेदों की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए वेंदो का अनुसरण करने पर जोर दिया। आर्य समाज खालापार में आयोजित आर्य सम्मेलन का शुभारंभ यज्ञ से किया गया। यज्ञ में प्रेम कुमार शर्मा, संजय शर्मा, प्रधानाचार्या संतोष, रविंद्र कुमार शर्मा, अलका शर्मा, नमिता शर्मा, सविता शर्मा, अशोक कुमार, सतीश शर्मा, मनीष शर्मा, प्रवीण शर्मा, सही राम, उमा शर्मा व सुषमा शर्मा ने आहूति दी। इसके उपरांत महान विदुषी संगीता आर्या द्वारा ईश भजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम तीन सत्र में चला। पहले सत्र में यज्ञ हुआ, दूसरे सत्र में संगीता आर्या ने वेदों की महिमा पर भजन गाकर सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया तथा बीच में वेदों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि आज समाज में जो हम भटके हैं, हमने यज्ञ करने छोड़ दिये और पाश्चात्य सभ्यता को अपना लिया, जिसका खामियाजा समाज भुगत रहा है। वेद ईश्वर की वाणी है। वेद पढ़ने का अधिकार प्राणी मात्र को है। ब्रिटिश काल में वेदों को लुप्त कर दिया गया। स्वामी दयानंद जी ने वेदों को संकलित कर वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया। वेद मार्ग ही मनुष्य मात्र को दिशा प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि वेदों में ही हमारा विज्ञान है। वेद मार्ग पर चलकर मनुष्य जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सहारनपुर जिले की टापर छात्रा कु.यशवी कुश, आर्य कन्या इंटर कालेज, सहारनपुर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु.पलक व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु.साईबा को पुरस्कार देरक सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाईस्कूल परीक्षा में आर्य कन्या इंटर कालेज, सहारनपुर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु.वंश व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु.खुशी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने के लिये बार एसोशिएसन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा, डायरेक्टर व इंजीनियर भव्य जैन को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रेत्तर कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.बृजेश कुमार शर्मा, डॉ.राज कुमार, अनेश शर्मा, मुकेश दीक्षित, के.केशर्मा, अतुल पाराशर, मनमोहन शर्मा, राजीव शर्मा, अनुभव शर्मा, अंकित चौधरी, जयवीर सिंह राणा, रुपेश वत्स, किशोर कुमार शर्मा, संदीप शर्मा व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सीईओ ने कन्वेशन हॉल के मैटेरियल को छैनी-हथौड़े से जांचा-परखा

स्मार्ट सिटी सीईओ ने स्मार्ट सिटी की दो परियोजनाओं का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी के तहत जनमंच सभागार के बराबर में कंवेशन हॉल बना रही कार्यदायी संस्था के अधिकारी व ठेकेदार उस समय सकते में आ गए जब स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने हॉल के एक कॉलम (पिलर) में छैनी हथौड़ी से स्टील एक्सपोज कराकर दिखाने के निर्देश दिए। सीईओ निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण कर रहे थे। बाद में उन्होंने महाड़ी स्थित तालाब के विकास कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी सीईओ शुक्रवार की दोपहर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ जनमंच के बराबर में निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण करने पहुंचे। हॉल के बराबर में ही निर्माणाधीन 16 किलोलीटर क्षमता के अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक का निरीक्षण करते हुए सीईओ चौहान ने शटरिंग की गुणवत्ता मानक के अनुरुप न पाये जाने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि इससे लीकेज की संभावना है जिससे कन्वेशन हॉल को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के अवर अभियंता को शटरिंग ठीक कराकर गुणवत्ता व निर्धारित समयावधि के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक टैंक की जल संग्रहण क्षमता टेस्ट न हो जाए तब तक उसके आऊटर साइड की मिट्टी का भराव न कराया जाए।

कन्वेंशन बिल्डिंग में एचवीएसी (हीट वेंटिलेटेड एयर सर्कुलेशन) कार्य की टयूब स्थान-स्थान से डैमेज और ज्वाइंटिंग भी ठीक नहीं पायी गयी। उन्होंने उस ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि इससे एचवीएसी पूरी क्षमता से नहीं हो पायेगा और सीलिंग के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहेगी। उन्होंने कन्वेंशन हॉल के एक कॉलम (पिलर) में छैनी हथौड़ी से स्टील एक्सपोज कराकर उसका परीक्षण भी किया, ड्राइंग के अनुरुप पाये जाने पर उन्होंने संतोष जताया। सीईओ चौहान ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को कन्वेशन हॉल के संचालन व रखरखाव के लिए एक योजना बनाने तथा रेवेन्यू मॉडल विकसित करने पर भी जोर दिया।

गंगोह रोड स्थित महाड़ी स्थल के तालाब विकास की परियोजना की सीईओ चौहान ने ड्राइंग-डिजाइन के साथ जानकारी ली। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर कार्यदायी संस्था यूपीआरआरएन के एआरई संतराम व ठेकेदार को सचेत करते हुए समय पर कार्य पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि तालाब के तल से निर्माण सामग्री का पूरी तरह हटाकर तालाब का कार्य पूरा करें। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता के लिए अन्य भी कई सुझाव व निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, डीजीएम सिविल दिनेश कुमार, व प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह के अलाव अनेक अवर अभियंता शामिल रहे।

सहारनपुर क्लब की कमेटी का किया गठन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सहारनपुर क्लब की बैठक में जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता मे कमेटी गठित कर क्लब की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये।

सहारनपुर क्लब की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने सदस्यों के साथ क्लब की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं बेहतर ढंग से संचालित करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने अध्यक्ष के तौर पर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया, जो जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में सहयोग प्रदान करने के साथ निरंतर समयांतराल पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजेश रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार, सहारनपुर क्लब के सचिव डॉक्टर मोहन सिंह, पंकज बंसल, जोधबीर सिंह एवं कमलजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

भगवान परशुराम के आदर्शो को जीवन में अंगीकार करें: पंडित अशोक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। श्री लक्ष्मी नारायण परशुराम मंदिर में आज भगवान परशुराम का अवतरण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई और राष्ट्र के मंगलमय होने की कामना की गई। इस अवसर पर पांच लोगों ने नेत्रदान की घोषणा भी की।

आज लक्ष्मी नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण परशुराम मंदिर में मंदिर अधिष्ठाता पंडित अशोक शाडिल्य के सानिध्य में पंडित प्रवीन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल एवं महंत कौशलेंद्र दास रामायणी ने कहा कि भगवान परशुराम सर्वसमाज के मार्गदर्शक है, जिन्होंने अपने पराक्रम से समाज को नई दिशा, दशा देने का काम किया। हमें उनके आदर्शों व सिद्धांतों को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का युवा भगवान परशुराम से प्रेरणा लेकर समाज में फैली विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करें। मंदिर अधिष्ठाता पंडित अशोक कुमार शांडिल्य ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि भगवान परशुराम के आदर्श विचारों को अपने जीवन में अंगीकार करें। कार्यक्रम अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ.पीके शर्मा के नेतृत्व में श्रवण शर्मा, वैभव शर्मा, श्रीमती पूनम शर्मा ने रोशनी आई बैंक नेत्रदान में अपने नेत्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर देवराज शर्मा, सुरेंद्र बगाती, विनोद स्वामी, सुखपाल सैनी, डॉक्टर अनिल वर्मा, अधिवक्ता दीपक तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती बीना शर्मा, सुश्री गायत्री शर्मा, वैभव शर्मा, वीरेंद्र तोमर, अनुपम कपिल, सीताराम, ऐरन, रणवीर सिंह, राजकुमार, मास्टर बृजेश शर्मा, रमन गुप्ता, श्रीमती पूनम सैनी, श्रीमती राकेश स्वामी, कुलदीप त्यागी, अनिल अग्रवाल, अरुण शर्मा, कुलदीप शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, श्रीमती सविता गुप्ता समेत आदि मौजूद रहे।

शहीद स्मारक पर 1857 के शहीदों का किया भाव पूर्ण स्मरण

पुलिस गारद ने सलामी और जैन इण्टर के बच्चों ने गाया राष्ट्रगान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। शहर के गणमान्य नागरिकों व स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लोगों ने शुक्रवार की सुबह पंसारी बाजार स्थित शहीद स्मारक पर 1857 की क्रांति के शहीदों का स्मरण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी और युवा पीढ़ी से आजादी के दीवानों के अखण्ड और सुखी-समृद्ध भारत के सपने को साकार करने का आह्वान किया। पुलिस गारद ने भी सलामी देकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर स्वतंतत्रा सेनानी परिवार के सदस्यों शहीद भगत सिंह के भतीजे किरण जीत सिंह संधू, ललता प्रसाद अख्तर के पुत्र श्यामलाल बंसल, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, जयनाथ शर्मा, कमर जहां, मनोज त्यागी व अनिल को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। पंसारी बाजार स्थित शहीद स्मारक पर ललता पन्ना स्मारक समिति द्वारा नगर निगम के सहयोग से समिति अध्यक्ष जयनाथ शर्मा के संयोजन में क्रांति दिवस का आयोजन किया गया। शहीद भगतसिह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू ने ध्वजारोहण और पुलिस गारद ने सलामी दी। जेवी जैन इंटर कॉलेज के बच्चों ने राष्ट्रगान गाया। किरणजीत सिह संधू ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के असूलों और सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए उनकी आजादी की विरासत को सहेजकर रखने का आह्वान किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल व वीरेन्द्र ठाकुर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिनकी बदौलत हम आजाद भारत में सांस ले रहे है उनके प्रति हम कितने उदासीन है कि उनका स्मरण करने के लिए पूरे वर्ष में एक दिन मे पांच मिनट का भी समय नहीं निकाल पाते। उन्होंने कहा कि जिस समाज के शहीदों को भुला दिया जाता है उस देश का तरक्की का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की लोगों से अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी त्रिलोकचंद गुप्ता ने स्वतंत्रता सेनानी ललता प्रसाद अख्तर और उनके भाइयों के सम्बंध में कई संस्मरण साझा करते हुए बताया कि हिंदू कुमार सभा ने आम जन को साथ लेकर आजादी के आंदोलन में काफी काम किया। फुलवारी आश्रम भी आजादी के दीवानों की गतिविधियों का केंद्र रहता था। साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम ने बताया कि 1857 की क्रांति के नायकों को पंसारी बाजार के शहीद स्मारक व चौकी सराय सहित जिले में पांच स्थानों पर फांसी पर लटकाया गया था। इसके अलावा चौ. प्रीतमसिंह, स.दलजीतसिंह कोचर, व्यापारी नेता यश मैनी और महेश नारंग ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ.वीरेन्द्र आज़म ने तथा समिति के अध्यक्ष जयनाथ शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौलीव फरीद, जैन कॉलेज की शिक्षिका नीतू जैन व उर्मि गौतम सहित अनेक लोग शामिल रहे।

उत्तराखंड अन्य जगहों पर भाजपा का अच्छा प्रदर्शन : पुष्कर सिंह धामी

अवधनामा संवाददाता

गाज़ीपुर। गाजीपुर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि

बीजेपी प्रत्याशी पारस राय ने नामांकन पत्र किया दाखिल

गाज़ीपुर लोकसभा सीट पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान तिथि निर्धारित है। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने तीन सेटों में अपना नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के समक्ष प्रस्तुत किया।

नामांकन के दौरान पारसनाथ राय के साथ उत्तराखंड प्रान्त के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नामांकन कक्ष के बाहर पत्रकारों से मुखातिब मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं सुबह बाबा केदार नाथ का दर्शन कर, यहां पारस नाथ के लिए समर्थन मांगने आया हूं। अबकी बार मोदी जी के नेतृत्व में चार सौ के पार का बखान किया। वहीं तीन चरणों में हुई मत प्रतिशत की कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि मत प्रतिशत भले ही कम हुआ हो लेकिन उत्तराखंड में और अन्य जगहों पर भी भाजपा का प्रदर्शन अच्छा है। अब बाकी चार चरणों में भी 200 से ज्यादा सीटें आने जा रही है। उत्तराखंड पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद अब केदारनाथ धाम क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। जैसे काशी में बाबा विश्वनाथ का भव्य कारीडोर बना है वैसे ही केदारनाथ जी में भी भव्य प्रांगण का निर्माण प्रधानमंत्री के निर्देश पर हुआ है। वहीं आवागमन के लिए रोप वे का भी शिलान्यास हो गया है, चार धाम की यात्रा भी श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाजनक हो गई है। विश्वास से लबरेज भाजपा प्रत्याशी पारस नाथ राय ने कहा कि मुख्यमंत्री जी बाबा केदारनाथ से दर्शन कर मेरे लिए आशीर्वाद मांग कर आए हैं, मेरी जीत सुनिश्चित हो गई है। उन्होंने कहा कि सामने कोई हो मैं एक शिक्षक हूं और शिक्षक की तरह ही लड़ूंगा और मेरी जीत सुनिश्चित है।

सपा सरकार में फलते-फूलते थे माफिया व अपराधी : पाठक

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लंका मैदान मे भाजपा और जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी पारसनाथ राय के नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि देश को भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा है भाजपा के नेतृत्व में पूरे देश के लोगों के उत्थान की चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर का योगदान भारत के इतिहास में अतुलनीय है यहां की आवाज पूरे देश में जाएगी। सपा के बारे में उन्होंने कहा कि हम कहना चाहते हैं वह जब-जब समाजवादी पार्टी सत्ता में रही है प्रदेश में लुटेरे, लफंगे, गुंडे, माफिया सत्ता के संरक्षण में आगे बढ़े हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योगी जी सरकार ने प्रदेश को माफिया मुक्त बनाने का काम आप सब के आशीर्वाद से किया है। लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार 2019 लोकसभा चुनाव में गठबंधन के कारण गड़बड़ी हुई थी लेकिन इस बार मजबूती के साथ हम लोग चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सबका सम्मान और अधिकार सुरक्षित है। अखिलेश जी सर्व समाज को ठोकर मारकर बाहर करने का काम करते हैं, उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में यादव समाज आज ठगा महसूस कर रहा है। गाजीपुर की तस्वीर और तकदीर बदलना है तो हमें यह तुलनात्मक अध्ययन करना है एक तरफ मोदी और एक तरफ गठबंधन जो लूट खसोट घोटाले के लोग हैं।

भाजपा सरकार किसानों के लिए कुछ नहीं कर रही

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। बाईपास स्थित सपा कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया और केवल उनके विचारों को दबाने का ही प्रयास किया है पूछने पर बताया कि जिहाद से केवल इतना ही वास्ता है कि संविधान को बचाना है। महिला सुरक्षा का मैनपुरी में हमारे पाल समाज के करीब आठ लोग घायल हुए जो अभी तक सेफई के अस्पताल में भर्ती हैं कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अपने मंचों पर अग्निवीर भर्ती का विरोध किया है और जो पुरानी भर्ती थी वही योजना फिर लेकर आएंगे ऐसा उनका कहना है इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, लोकसभा के सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य, जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एफ़ एस टी टीम को कार से मिले 15 लाख रुपये

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित एफएसटी टीम को आज बड़ी सफलता मिली, चैकिंग के दौरान एक कार से 15 लाख रुपये बरामद किए गए। प्राप्त विवरणके अनुसार मामला ऐट कोतबाली क्षेत्र ग्राम पिंडारी का है जहाँ कोंच विकास खण्ड के बी डीओ विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे, तभी झांसी से एक कार यू पी 93 बी एफ़ 1438 कोंच की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने उक्त कार को रोककर तलाशी ली। जिसे बंटी उर्फ शैलेन्द्र पुत्र संतलाल निवासी पटेल नगर कोंच चला रहा था।

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद संख्या 77 सन् 2024 समीर आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र श्री आबिद निवासी ग्राम कोठडी बहलोलपुर प0 मुजफफराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर। वादी.....बनाम .....आम जनता। दरख्वास्त मुसम्मा समीर सायल वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर 30,000/- रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा समीर मुतवफ्फा छोटा पुत्र श्री दीवाना निवासी ग्राम कोठडी बहलोलपुर प. मुजफफराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर, वसूजिब ऐक्ट 7 सन् 1889 ई0 वकैद 30,000/- हरगाह मुसम्मा समीर सायल ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 15 माह 05 सन् 2024 ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की नस्वत दरख्वास्त मजकूर के उज्ज हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर मुकाम सहारनपुर बतारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्ज अपना पेश करें। इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्ज किसी का सुना न जायेगा हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दख्वास्त मजकूर से सादिर होगा।

आज्ञा से मुंसरिम

मदर्स डे पर बनाई पेंटिंग



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मां दुनिया में हर बच्चे के लिए सबसे खास होती है। बच्चे और मां के बीच में एक अटूट रिश्ता होता है और मातृत्व दिवस सभी के लिए खास होता है।

इस मातृत्व दिवस को स्पेशल बनाने के लिए न्यू पब्लिक इंटर कालेज, लखनऊ के बच्चों और उनकी माताओं के लिए बहुत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत कई सारे बच्चों ने मां पर पेंटिंग बनाई। पेंटिंग में बच्चों ने मां और बच्चे के बीच के अटूट रिश्ते को दर्शाया। न्यू पब्लिक इंटर कालेज, लखनऊ कक्षा VI -A के विद्यार्थी सिद्धार्थ राज प्रजापति ने मदर्स डे के अवसर पर बेहतरीन पेंटिंग बनाकर लोगों को दिल जीत लिया।

लालजी महांत मंदिर पर बड़ी धूमधाम से मनाई गयी परशुराम जयंती

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। लाल जी दास महंत के मंदिर पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई, जिसमें ब्राह्मण समाज ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प तथा फूल मालाएं अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत वाचस्पति मिश्र ने करते हुये उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए उपस्थित विप्र समुदाय को प्रेरित किया।

भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है।इसी दिन भगवान परशुराम का जन्म दिवस है जिन्होने ब्राह्मण समाज के अलावा सभी को आत्म निर्भर होने के लिये प्रेरित किया था।उनका मानना था कि जब निवेदन प्रार्थना स्वीकार न हो तो अपने हक के लिये सर्घष करो और जरुरत पड़े तो फरसा भी उठाओ।भगवान परशुराम भगवान के अवतारों में छठवां अवतार है जिन्होंने ब्राह्मणों की रक्षा की थी, इनका जन्म वैशाख की शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन हुआ था इसे अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है।

महांत पियूष दास जी महाराज लाल जी दास मंदिर, नन्हकू महाराज, आशीष द्विवेदी भोले ने संयुक्त रुप से भगवान के अवतार तथा उनके शस्त्र के बारे में बताया। नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण मिश्रा ने परशुराम जी के उन पद चिन्हों का वर्णन किया जिसमे ब्राह्मण के हित की रक्षा हुई थी । धर्मेंद्र मिश्रा प्रधानाचार्य ने भी भगवान परशुराम को नमन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पम्मू महाराज, आदित्य भूषण तिवारी, ओंकार नाथ सोनकिया, प्रदीप द्विवेदी, आत्माराम पांडे, संतोष द्विवेदी, वाचस्पति मिश्र, अनुराग तिवारी, मानवेंद्र, महेश अवस्थी ,सुशील वाजपेई, अन्नू शर्मा,राघवेंद्र नगाइच, आशीष द्विवेदी, बृजेश उदैनिया, भगवती शरन मिश्रा, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन त्रिलोकी नाथ ने किया।

गैंगरेप के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर। आजमगढ़ की युवती 2 मई को बस में सवार होकर गोरखपुर आ रही थी। बस में सवार दो युवकों ने उसे शादी का झांसा देकर गैंगरेप किया था। और उसे सहजनवा थाना क्षेत्र के रानूखोर ताल में बेहोशी की हालत में फेक कर फरार हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने युवती को नग्न अवस्था में बरामद किया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। तथा एक अभियुक्त ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हसन निवासी ट्यूबल कालोनी गोमती नगर जिला संतकबीर नगर को 4 अप्रैल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तथा पुलिस दूसरे अभियुक्त के तलाश जुटी हुई थी। शुक्रवार को थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र,वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की गैंगरेप का दूसरा अभियुक्त रामकिशन उर्फ नाटे उर्फ मोटे उर्फ शिवचरण पुत्र रामाआसरे निवासी पठान टोला पक्का पोखरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर कसरवल के पास मौजूद है।

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्र0) सहारनपुर। वाद संख्या डी.202409600000214 (धारा 21 (एम0) उ.प्र.नगरीय परिसर किरायादारी आधि. 2021 सुरजीत कमार बनाम श्रीमती शबाना आदि नोटिस बनामः 1. श्रीमती शबाना पत्नी स्व0 शफीक अहमद 2 मौहम्मद नूर नवाज राणा पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला विश्वास नगर शकलापुरी रोड सहारनपुर 3 श्रीमती मेहरूनिशा पत्नी नसीम अहमद 4- मौहम्मद तालिब पुत्र नसीम अहमद 5 फराह जंहा पुत्री नसीम अहमद 4- कु0 मोनिस पुत्री नसीम अहमद निवासीगण हुसैन बस्ती बेहट रोड सहारनपरु/ विपक्षीगण उपर्युक्त वाद अभिहित आवेदन, श्री सुरजीत कुमार पुत्र श्री रान्त सिंह राजदेव निवासी मकान नम्बर 45 प्रकाशपुरम तारावती अस्पताल के पीछे सहारनपुर थाना जनकपुरी परगना तहसील सहारनपुर के द्वारा एक किता दुकान प्राईवेट नम्बर 14 नगर निगम नम्बर-4/512 वाके राकेश सिनेमा रोड पुल जोगियान सहारनपुर को रिक्त कराने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, 2021 की धारा 21 (एम0) के अधीन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त-एक किता दुकान प्राईवेट नम्बर-14 नगर निगम नम्बर-4/512 वाके राकेश सिनेमा रोड पुल जोगियान सहारनपुर के सम्बन्ध में वादी द्वारा प्रस्तुत आवेदन क्यों न स्वीकार कर लिया जाए। इस सम्बन्ध में आप स्वंय या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16.05.2024 को प्रात- 10-00 बजे मेरे न्यायालय में कारण बत्ताने के लिए उपस्थित होवे। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के उक्त दिनांक पर कारण बताने के लिए उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

किराया प्राधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)

पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री को किया भंडाफोड़

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना कम्पिल/एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अवैध शस्त्रो का निर्माण करने वाले 02 अभियुक्त को 17 निर्मित व 08 अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र तथा शस्त्र बनाने वाले उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल/एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे 02 अभियुक्तगण 1.बृजेश शर्मा पुत्र पोखपाल शर्मा निवासी ग्राम भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज, 2. जयवीर जाटव पुत्र रूपसिंह निवासी नरदोली थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज को अवैध शस्त्र फैक्ट्री के उपकरण, तमंचा, अर्धनिर्मित तमंचा आदि सहित गिरफ्तार किया गया।

ठंडे पानी से मिल रहा मरीजों को सुकून

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। 60 वर्षीय खातून को कैंसर की सर्जरी के बाद सिकाई करनी थी केजीएमयू के शताब्दी फेस 2 परिसर में पेड़ के नीचे धूप से बचने के प्रयास में लेटी हुई थी .पास ही बेटी समीना खड़ी थी। जब श्रीमती रवि सेवा केंद्र द्वारा निशुल्क ठंडे पानी की बोतल व बिस्किट बट रहा था तो इशारों में बेटी से भी लेने के लिए कहा।सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार यह देखते ही तेज कदमों से शाहिदा खातून के पास जा पहुंचे और उन्हें ठंडे पानी की बोतल और बिस्कुट दिया ऐसा लगा उन्हें बहुत सुकून मिल गया। गौरतलब है कि श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा एक माह से पानी के दानी बने कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अस्पतालों में मरीजों तथा उनके परिजनों को इस आग उगलती हुई गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे पानी की बोतल व बिस्कुट आदि निशुल्क बांटा जा रहा है। पहले चरण में केजीएमयू के न्यू ओपीडी ब्लॉक तथा दूसरे चरण में ट्रॉमा सेंटर में पानी का वितरण किया गया था। इस बार केजीएमयू के ही शताब्दी फेस 2 चिकित्सालय परिसर में पानी की ठंडी बोतले व बिस्किट का वितरण किया गया। क्योंकि यहां ज्यादातर मरीज ही अपनी जांच के इंतजार में बाहर प्रांगण में ही बैठे रहते हैं इसलिए आज के कार्यक्रम में ठंडा पानी पीकर मरीजों के साथ उनके परिजनों को भी बहुत राहत मिली. वितरण कार्यक्रम में एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी रमेश प्रताप सिंह, विजेता तथा मानवी का भी विशेष सहयोग सहयोग रहा।

पूरे देश में बह रही परिवर्तन की बयार अखिलेश सिंह को चुनें होगा विकास : विश्वनाथ सिंह

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। आज पूरे देश में परिवर्तन की बयार बह रही है, देश व उत्तर प्रदेश से भाजपा बुरी तरह से चुनाव हार रही है। देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह को चुने इस पिछड़े क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उक्त बातें नगर के चीनी मिल मैदान के समीप एक मैरेज हाल में कांग्रेस प्रत्याशी राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह के पर्चा दाखिल करने के पहले आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए फाजिलनगर के पूर्व विधायक विश्वनाथ सिंह ने कहा।

इस दौरान सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज जो ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी हैं वह साबित करती है कि देवरिया व देश से भाजपा का सफाया तय है। तीन चरणों में सम्पन्न हुए चुनाव में ही भाजपा की हार तय हो गई है। अब उनके नेता विकास के बजाए अपने नफरत फैलाने वाले बातों में देश की जनता को उलझाने में लगे हैं। लेकिन अब उनका यह शस्त्र बेकार हो गया है। विकास के लिए आमजन इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रहा है। पूर्व राज्यसभा सदस्य कनकलता सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि आप विकास कराने के लिए बेहतर अखिलेश प्रताप सिंह को अपना सांसद बनावें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि कार्यकर्ता जीत हासिल करने के लिए पूरे मनोयोग से लग गए हैं। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि गठबंधन के सभी दलों के लोगों का उत्साह बता रहा है कि भाजपा की विदाई तय है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य जेपी जायसवाल, हरिनारायण चौहान, सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राघवेंद्र सिंह राकेश, आनंद श्रीवास्तव, मुकुन्द भाष्कर मणि, पुरुषोत्तम सिंह,परवेज आलम,उमेश नारायन शाही, वरुण राय, नौशाद खान, सुहैल अंसारी, गोविंद मिश्र, रणवीर यादव, बजरंग बहादुर सिंह, नीलेश त्रिपाठी, समीर पाण्डेय,आलोक त्रिपाठी, सत्यम पाण्डेय,भरत मणि त्रिपाठी, जयदीप त्रिपाठी, मनीष सिंह, सीमा सिंह, हर्षित सिंह,धर्मेन्द्र पाण्डेय, सुबाष सिंह सैथवार, मधु शर्मा, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

न्यायालय सूचना

न्याय. श्रीमान सिविल जज जू0डि0 नगर सहारनपुर। मूल वाद संख्या 76 सन 1977 1. अमोलक राज (मृतक दौरान वाद) 1/1- श्रीमति प्रकाश देवी विधवा स्व0 अमोलक राज 1/2- राजेश सचदेवा 1/3- राजकुमार सचदेवा पुत्रगण स्व0 अमोलक राज 1/4- श्रीमति अन्नू पत्नी भारत भूषण पुत्री स्व0 श्री अमोलक राज 1/5- श्रीमति सुनीता अरोडा पत्नी राजेन्द्र कुमार अरोडा पुत्री अमोलक राज 1/6- श्रीमति सीमा जसूजा पत्नी विरेन्द्र कुमार जसूजा पुत्री श्री अमोलक राज। 2. हंसराज पिसर श्री लद्धाराम जाति अरोडा , निवासीगण मौहल्ला ज्वाला नगर गली नं0 2 सहारनपुर। वादीगण (बनाम).....1. किशन लाल पुत्र रामलाल आढती सब्जी मण्डी सहारनपुर। 1/1- श्रीमति सुमित्रा देवी बैवा किशन लाल 1/2 - सुभाष 1/3- कैलाश 1/4- अविनाश पुत्रगण स्व0 श्री किशन लाल 1/5- श्रीमति अबलाश पुत्री स्वाः श्री किशन लाल हरेक निवासी मौहल्ला कक्कड गंज निकट कृष्णा क्लाथ मार्किट सहारनपुर व आढ़ती सब्जी मण्डी सहारनपुर। मुदवई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन ई0 बनाम श्रीमति मिथलेश आदि मुददाअलेह के रूजू की थी, जो बाद को फौत हो गया और हरगाह मुददई मजकूर ने एक दरखास्त इस अदालत में गुजरनी है, जिसमें वह लिखता है कि आप मुतवफका मजकूर के कायम मुकाम कानूनी है और चाहता है कि आप बजाये मुददाअलेह बनाये जाये। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 24 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर की जवाबदेही करिये अगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा। बदस्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 09 माह मई सन 2024 ई0 जारी किया गया।

आज्ञा से
श्रीमति पुष्पा रानी मुन्सरिम
(सिविल जज जू0डि0 नगर स0पुर)

परशुराम जयंती पर पूजा अर्चना कर निकाली गई शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। सहजनवा तहसील में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती पूजा अर्चना कर धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत भरवल से शोभायात्रा निकाली गई जो बनगवा, जिगिना, राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए सहजनवां तहसील मुखायल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान भक्ति द्वारा भगवान परशुराम के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इसके अलावा तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं द्वारा भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। जहां दीपप्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान तहसील बार पूर्व मंत्री अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा की अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति अक्षय थी। इतना ही नहीं इनकी गिनती तो महर्षि देव व्यास, अशस्थामा, राजाबली, हनुमान विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कण्डेय, सहित आठ अमर किरदारों में होती है। इस अवसर पर अनंत कुमार उपाध्याय, गोलू मिश्रा, पिंकी चौबे, राहुल पांडेय, सुभाष उपाध्याय, बड़कू, उपाध्याय, गुड्डू उपाध्याय, मनीष पांडे नीतीश शुक्ला, सूर्य प्रसाद उपाध्याय, अनिल कुमार मिश्र, यशवंत भारती, संतोष केसरी, सुग्रीव यादव,भूपेश त्रिपाठी, लालचंद सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

स्वास्थ्य केंद्रों पर बढ़ाया जाए संस्थागत प्रसवः एडी हेल्थ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। एडी हेल्थ डॉ एनपी गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को धनवंतरि सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति बैठक की गयी। बैठक में एडी हेल्थ ने मातृत्व सुरक्षा योजना, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आशा कार्यक्रम समीक्षा, रोगी कल्याण, परिवार कल्याण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रतिरक्षण कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर आदि की समीक्षा की।

एडी हेल्थ ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संस्थागत प्रसव को बढाया जाए। उन्होने कहा कि सभी चिकित्सक अपने दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए अगले माह संस्थागत प्रसवों में बढोत्तरी लाना सुनिश्चित करें। जिन कारणों से संस्थागत प्रसवों में कमी आ रही है उनकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। परिवार कल्याण के अन्तर्गत जन सामान्य को जागरूक करते हुए प्रेरित किया जाए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती के पंजीकरण के साथ उनकी चार बार जांच अवश्य की जाएं और उनकी समीक्षा प्रत्येक एएनएम वार की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित कि जाए कि सभी लाभार्थी को इसका लाभ मिले। इसके साथ उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं जैसे गर्भवती पंजीकरण, बच्चों का टीकाकरण का आरसीएच पोर्टल पर शत प्रतिशत पंजीकरण अवश्य किया जाए। आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से किया जाए। आशाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों की डोर-टू-डोर विजिट बढाई जाए ताकि नियमित टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ओपीडी की संख्या बढाई जाए मरीजों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में एसीएमओ डॉ सुरेंद्र चौधरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ सलीम मोहम्मद खान, यूनिसेफ के डीएमसी अरशद जमाल, यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ राजेंद्र सिंह, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, एआरओ राकेश चंद्र, यूपीटीएसयू के डीएसएस डॉ डीके पाण्डेय, न्यूट्रिशन इंटरनेशनल से डॉ. नीतीश राय, सीफार और पाथ के प्रतिनिधियों सहित सभी एमओआईसी मौजूद रहे ।

न्यायालय सूचना

मैं इदरीस पुत्र श्री जान्नी निवासी गांव हरोड़ा थाना गागलहेड़ी, ज़िला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मैनें अपने पुत्र शहजाद को गलत आचरण और संगत के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सभी संबन्ध खत्म कर लिए हैं उसके किसी भी कार्य और लेन देन हेतु मैं या मेरा परिवार ज़िम्मेदार ना होगा किसी भी कार्य या लेन देन हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा। सभी को सूचित कर रहा हूं कि मैनें अपने पुत्र गुलजार पुत्र स्व. जमशेद मूल निवासी गली नम्बर 4 हरिजन कालोनी कस्बा छुटमलपुर प. हरौडा जिला सहारनपुर। हाल निवासी मंगलोर तहसील रूडकी जिला हरिद्वार को गलत संगत में पड जाने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं गुलज़ार के किसी कृत्य के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई अन्य सदस्य किसी प्रकार से जिम्मेंदार नही होगा। तथा यदि कोई व्यक्ति उससे किसी प्रकार का सम्बन्ध रखता है या लेन देन करता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। श्रीमती मेहराज पत्नी स्व. श्री जमशैद अली निवासी गली नम्बर 4 हरिजन कालोनी कस्बा छुटमलपुर, हरौडा जिला सहारनपुर।

भगवान परशुराम जयंती पर हिंदू महासभा ने किया नमन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर हिंदू महासभा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया लक्ष्मण घाट स्थित नया मंदिर

शीश महल मैं आयोजित समारोह में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार भीष्म,द्रोण, कर्ण,अश्वत्थामा को शस्त्र विद्या सिखाने वाले महान गुरु, नारी जागृति आंदोलन के संचालक ना सिर्फ, वैदिक राष्ट्र के प्रणेता थे, बल्कि वे धर्म एवं न्याय के मार्ग का अनुसरण करने वाले, ज्ञान, शक्ति, साहस और शीलता के प्रतीक भी थे, श्री पांडेय ने केंद्र और राज्य सरकार से अयोध्या में भगवान परशुराम का मंदिर एवं परशुराम चौक बनाने की भी मांग रखी है, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि भगवान परशुराम विश्व में वैदिक संस्कृति का प्रचार प्रसार करना चाहते थे।

उन्होंने स्वयं ब्राह्मण होते हुए भी शस्त्र धारण करके क्षत्रियोचित व्यवहार कर वर्ण व्यवस्था की इस धारणा को मिथ्या साबित किया कि मनुष्य का वर्ण जन्म से निर्धारित होता है कर्म से नहीं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण परन मन करने वाले करने वाले प्रमुख लोगों में जितेंद्र कुमार उपाध्याय, प्रियांशु तिवारी, अवनीश शास्त्री, मोनू महाराज, सुशील, ओम प्रकाश मिश्रा ,मंजू देवी ,मीरा देवी, कनक मिश्रा, साधना पांडेय, पूनम पांडेय, कोमल मिश्रा, विकास पांडेय, विनय पांडेय, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

संघर्षों के बल पर महाराणा प्रताप ने देश का गौरवशाली इतिहास बनाया: विधायक अभय सिंह

अवधनामा संवाददाता

हैदरगंज - अयोध्याधाम। संघर्षों के बल पर महाराणा प्रताप ने देश का गौरवशाली इतिहास बनाया । उन्होंने सभी वर्गों को एक साथ लेकर देश की रक्षा की लड़ाई लड़ी । उक्त विचार विधानसभा गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मेधा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा । वही सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय ने कहां कि हमें अपने महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर उनके इतिहास की रक्षा करनी चाहिए । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जयंती एवं मेघा सम्मान समारोह का आयोजन प्रताप फाउंडेशन के तत्वाधान में बृहस्पतिवार की देर शाम मैहर कबीरपुर में आयोजित किया गया । थाना क्षेत्र हैदरगंज अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल सिंह व संचालन अजय प्रताप सिंह उर्फ बुलेट सिंह ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने महाराणा प्रताप की

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया । अतिथियों का स्वागत फाउंडेशन के सदस्यों ने पट्टिका व साफा बांधकर किया । जयंती समारोह को संबोधित करते हुए करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनी सिंह ने अपनी वक्तव्य में कहा कि आज युवाओं को अपने महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करके उनके रास्तों पर चलने से महापुरुष की जयंती का असली मकसद पूरा होगा । वही अपना दल के प्रांतीय नेता प्रमोद सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि जो आज अपने समाज के महापुरुषों का इतिहास नहीं जानता है वह समाज धीरे-धीरे खत्म हो जाता है । इसलिए अपने महापुरुषों और अपने समाज का इतिहास हर व्यक्ति को जानना बहुत ही आवश्यक है । इस दौरान अतिथियों ने क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों के स्कूल इंटरमीडिएट हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले दर्जनों मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया । इस दौरान चार मेधावी टॉपर छात्रों दिव्यांशी यादव, देवांसी सिंह, मानसी वर्मा, सलोनी सोनी को साइकिल देकर विशेष रूप से अतिथियों ने पुरस्कृत किया । इस दौरान प्रेम वर्मा, अंकित श्रीवास्तव, आत्रेय सिंह, प्रदीप कनौजिया, मानसिंह आदि लोगों ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस दौरान क्षेत्र के ऋषि प्रसाद सिंह, विक्रम सिंह, देवांश देव सिंह, गंगाराम निषाद, अमनदेव सिंह, सोनू सिंह, आकाशदीप सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, उत्तम सिंह, शुभम सिंह, कुलदीप सिंह, आंशू सिंह, बंटी सिंह, विशाल सिंह, बाबूल तिवारी, निखिल सिंह सहित लोग मौजूद रहे ।

कई पूर्व प्रधान व बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल है।

अयोध्या। विधानसभा मिल्कीपुर अमानीगंज के कई पूर्व प्रधान व बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए। सांसद लल्लू सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने केन्द्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सभी को पार्टी का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया। माल्यार्पण व भगवा अंगवस्त्र देकर सभी का पार्टी में स्वागत किया।

भाजपा में वीरेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान, विजय कुमार बीडीसी, अशोक सिंह, विकास सिंह, अनिकेत सिंह उर्फ छोटू, गाजी प्रसाद, अशोक भूज, अनिल गुप्ता, किन्नू रावत गया प्रसाद रैदास, अभय प्रताप सिंह, सिवांश सिंह, राज प्रताप सिंह, लकी मिश्र, कन्हैया महरा, विष्णु, मोहित शर्मा, राम प्रसाद रावत, देवीदीन, मदन सिंह, रज्जन दूबे, राजेश दूबे, दीपचन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

21 लाख नेपाली रुपया क साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही जांच के दौरान ठूठीबारी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 21 लाख नेपाली मुद्रा बरामद किया है। बताते चले ठूठीबारी पुलिस ने ओबरी के रहने वाले पप्पू मद्धेशिया को रुपयों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित से रूपयों के बारे में पूछताछ की जा रही है। ठूठीबारी थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज राय ने बताया की गुरुवार की रात उड़न दस्ता की टीम के प्रभारी चंद्र प्रसाद और बालमुकुंद चौहान तथा थाने के सिपाही सदरे आलम और प्रमोद यादव के साथ टीम ठूठीबारी कस्बे में जांच कर रही थी इसी दौरान एक युवक मर्चहवा रोड की तरह बाइक पर दोनो तरफ काली पन्नी लटकाते हुए जाते हुए दिखा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने जब युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद उसे घेर कर पकड़ लिया गया तथा बाइक की लेगगार्ड पर टंगी पन्नी की जांच की गई तो जांच टीम हैरान हो गई। उन पालीथीन में नोटों के बंडल भरे पड़े थे। आरोपित युवक की पहचान निचलौल कस्बे के ओबरी निवासी पप्पू मद्धेशिया के रूप में हुई है। पुलिस ने रुपये के संबंध में उससे जानकारी मांगी तो वह जवाब नहीं दे सका इसके बाद पुलिस टीम उसे थाना ले गई। थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के पीएसओ की हार्ट अटैक से मौत

महराजगंज। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नामांकन के दौरान शुक्रवार को उनके सुरक्षा में तैनात देवरिया जिले के अहिरौली बघेल गांव के रहने वाले व उनके पीएसओ व हेड कांस्टेबल बादशाह सिंह की हृदयाघात से मृत्यु हो गई है। तबियत बिगड़े के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए जिले के केएमसी डिजिटल हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद अस्पताल पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया समेत बड़ी संख्या में नेताओं की भीड़ लगी हुई है। देवरिया जिले के रहने वाले बादशाह सिंह 1993 बैच के पीएससी जवान थे। वह 2018 से महाराजगंज जिले में तैनात थे इनको यह तीसरा अटैक था दो अटैक पहले पड चुका था स्टंट पडा था इनका पीजीआई लखनऊ मे ईलाज चल रहा था अपने कर्तव्य के प्रति बहुत ईमानदार थे इनकी मौत पर केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस सम्वन्ध में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं महराजगंज लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पंकज चौधरी के नामांकन ड्यूटी के दौरान वित्त राज्य मंत्री के पीएसओ मुख्य आरक्षी (एपी) बादशाह सिंह का दिल का दौरा पड़ जाने के कारण नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया शव को अंत्य परीक्षण हेतु भिजवाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिजनों से मुलाकात की गई तथा उन्हें हिम्मत और साहस प्रदान करते हुए हर संभव सहायता एवं मदद उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया गया।

बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी ने किया नामांकन

दो सेट में किया नामांकन पत्र दाखिल

महराजगंज। लोकसभा क्षेत्र में आखिरी चरण के चुनाव में 1 जून को मतदान होना है। नामांकन के चौथे दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पंकज चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ लगभग 5 किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला। रोड शो में बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, बीजेपी के पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय भी शामिल रहे। नामांकन के बाद बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी ने बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। मोदी और योगी की सरकार ने जो विकास के काम किए हैं और प्रधानमंत्री का विकसित भारत बनाने का जो संकल्प है उसको लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

भाजपा सरकार में देश के संविधान और लोकतन्त्र के लिये खतरा: तनुज पुनिया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। परिवर्तन की लड़ाई में अधिवक्ता बन्धु हमारा साथ दे हमारा न्याय पत्र आपके हवाले है जिसमें 5 न्याय और इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनने के बाद की 25 गारण्टी है जिसे हमारी इण्डिया गठबन्धन की सरकार हर हाल में पूरा करेगी आप अधिवक्ता समाज के बुद्धिजीवी वर्ग हैं आपको इस बात का एहसास होगा कि भाजपा सरकार में देश के संविधान और लोकतन्त्र को खतरा है और उसको बचाने की जिम्मेदारी आपकी और हमारी है। आप सभी से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है मेरे पिता पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया को आपने बहुत ही प्यार और स्नेह दिया है और उन्होने भी आपकी हर बात मानी है और जितना संभव हो सका उतना अधिवक्ता समाज और बार के लिये किया है हम आपको विश्वास दिलाते है कि यदि आपके

आर्शीवाद, स्नेह से मैं जनसेवक बना और आपकी सेवा करने का मौका मिला तो कभी आपको निराश नहीं करूंगा। उक्त बातें इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज जिला कचेहरी में इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ताओं और अधिवक्ता बन्धुओं के साथ जनपद की माल, फौजदारी तथा सिविल कचेहरी में व्यापक जनसम्पर्क अभियान के दौरान अधिवक्ता बन्धुओं से इण्डिया गठबन्धन के समर्थन तथा अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुये कही। जनपदीय कचेहरी मे जन सम्पर्क अभियान के दौरान प्रत्याशी तनुज पुनिया के साथ अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष हिसाल बारी किद्वाई, देवेन्द्र प्रताप यादव, राकेश कुमार तिवारी, बृजेश दीक्षित, सुरेन्द्र सिंह बब्बन, मो0 इजहार सिद्दीकी एडवोकेट, वीरेन्द्र प्रताप यादव एडवोकेट, कमलेश शर्मा एडवोकेट, केसी श्रीवास्तव एडवोकेट, रमन लाल द्विवेदी, प्रेमचन्द्र वर्मा एडवोकेट, कौशल किशोरी त्रिपाठी, राजेन्द्र गोस्वामी, इकबाल राही, सुशील मिश्रा, सुरेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मिश्र, बृजेन्द्र अग्निहोत्री, ओपीसिंह राजू, सन्तोष यादव, दौलता कुमारी, सहित सैंकड़ों की संख्या में इण्डिया गठबन्धन के नेता व कार्यकर्ता व अधिवक्ता मौजूद थे।

दो जनसभा को सम्बोधित करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो जनसभा को

सम्बोधित करेंगे। उनकी पहली जनसभा 14 मई को दरियाबाद व दूसरी 16 मई को मिल्कीपुर विधानसभा में होगी। इनके अलावा अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, संदीप सिंह, बृजलाल व चिराग पासवान से जनसभा के लिए समय मांगा गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री की दरियाबाद में रेलवे स्टेशन के मैदान व मिल्कीपुर की जनसभा का आयोजन 4 नम्बर नलकूप के मैदान में होगा। इसके साथ में भारत सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल की उत्तर प्रदेश सरकार में संजय निषाद, प्रदेश सरकार में मंत्री संदीप सिंह से समय मांगा गया है। पूर्व डीजीपी बृजलाल व चिराग पासवान से जनसभा के लिए समय मांगा गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनसभा के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। जिसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनसभा के पहले सम्पर्क व संवाद की श्रंखला चलाकर बूथ स्तर पर जनता को जनसभा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अन्य नेताओं की जनसभा को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है।

ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग सम्बन्धी कार्यो का जायजा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने शुक्रवार की सुबह नवीन

मंडी परिसर में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग सम्बन्धी कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम मशीनों बीयू सीयू और बैलेट यूनिट के कनेक्शन को जोड़ने सम्बन्धी की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उपरोक्त सभी कार्य निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किये जायें। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उधर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के कक्षा 10 के छात्र पार्थ सारथी द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि किसी फर्जी मतदाता के संबंध में बूथ पर कौन आपत्ति कर सकता है।

8 स्थानों पर पड़े छापे, 40 लीटर कच्ची शराब बरामद

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के आदेशानुसार, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आज दस मई को चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत ग्राम मांझा रायपुर एवं करोनिबंधा थाना टिकैतनगर में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 (रामनगर) एवं क्षेत्र -5 (सिरौलीगौसपुर) की संयुक्त टीम द्वारा मय अधीनस्थ स्टाफ के साथ दबिश दी गई। दबिश के दौरान 8 स्थानों पर छापे मारते हुए लगभग 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी और मौके पर लगभग 140 किलो लहन नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 2 अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दबिश के दौरान उक्त ग्राम के ग्रामवासियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं आस पास अवैध शराब के निर्माण/बिक्री/परिवहन की गतिविधियों के संचालन होने के बारे में सूचना दिये जाने की भी अपील की गयी।

दौड़ लगवाकर पुलिसकर्मियों की जांची गई फिटनेस

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी।

यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, मेस, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुमित त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

तीर्थ यात्रियों को अपेक्षित सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

अयोध्या। विधानसभा बीकापुर रानीबाजार मंडल के दीपापुर व रामापुर, महानगर के गुप्तार घाट में घर-घर जनसम्पर्क किया। राठहवेली मे जनचौपाल लगाया। जनसम्पर्क के दौरान कई स्थानों पर माला पहनाकर स्थानीय लोगां ने महापौर का स्वागत किया। जनचौपाल में उन्होंने कहा कि रामनगरी अयोध्या त्रेतायुग से ज्ञान व अध्यात्मिकता का मार्गदर्शन करने वाले प्रकाश पुंज से सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करता रहा है। सरकार ने अयोध्या के पयर्टन को बढ़ाने के लिए यहां के बुनियादी ढांचे को विकसित करने का लगातार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों को अपेक्षित सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

साजिश में शामिल करने की कोशिश तेज, गुमराह होने से बचे पसमांदा समाज: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। मुसलमानों को आरक्षण के कथित बवाल में पड़ने की आखिर जरूरत ही क्या है। उन्हें फिर एक बार गुमराह होने से बचना होगा क्योंकि वह पहले से ही आरक्षण के तहत ओबीसी कोटे में रहते हुए सभी तरह के लाभ पा रहे हैं अगर वह फिर गुमराह हुए तो बड़ी साजिश का शिकार होंगे और उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। गठबंधन के दलों की मंशा भी यही है। अशराफ पसमांदा को भ्रम में डालकर सत्ता के खिलाफ खड़े होने की साजिश कर रहे और उनका मकसद पीएम मोदी का विरोध है जबकि इन्हें मोदी सरकार में ही ईडब्ल्यूएस में शामिल कर आरक्षण का लाभ दिया गया। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग से होने का प्रमाण पेश कर पसमांदा मुसलमान पहले से ही हर क्षेत्र में अगड़ी पंक्ति में खड़ा है वह चाहे जो पेशा हो या सेवा क्षेत्र। वह खासकर पढा लिखा, काबिल और हुनरमंद मुसलमान किसी की दया का मोहताज नही है। अब सवाल यह उठता है कि उसे अब आरक्षण के बवाल में पड़ने की जरूरत क्यों आन पड़ी। मुसलमान को हकीकत जानने व समझने की जरुरत है। गठबंधन की सबसे शातिर पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने यह चाल चली है और अफवाह उड़ा दी कि भाजपा सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही, ताकि आरक्षण के फसाद में पड़कर मुसलमान गुमराह हो जाये और खुद का नुकसान कर बैठे जबकि सरकार का मत यह है कि वह कोई नए आरक्षण पर विचार नही कर रहे। बस इतनी सी बात है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हैरत तो उन अशराफ मुसलमानों की कुटिल चाल पर हो रही जो पहले से ही मोदी सरकार द्वारा दी गई ईडब्ल्यूएस की श्रेणी में शामिल होकर आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें यह लाभ नही दिया। अब अशराफ के निशाने पर पसमांदा मुसलमान है, साजिश यह कि आरक्षण के बवाल में पड़कर मुसलमान आपा खो बैठे और सत्ता से बगावत कर न घर का रहे और न घाट का। शातिर दल चुनाव के समय शतरंज की चालें चलने में मशरूफ हैं वह मुसलमान को सिर्फ भड़काने का काम कर रहे और उनकी इस चाल में अशराफ हमकदम हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व अन्य दलों की साजिश से पसमांदा को सतर्क होना होगा, बड़ी आबादी देखते हुए यह लोग गुमराह करने के फेर में लगे हुए हैं। मुद्दाविहीन यह दल अपना मकसद सफल होते न देख तरह तरह के तिकड़म भिड़ा रहे हैं जिससे पसमांदा को बचना होगा।

सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण प्रत्येक वर्ग के मतदाता का नैतिक दायित्व: अंकित शुक्ला

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। एबीवीपी बाराबंकी द्वारा मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला डिग्री कॉलेज में नव मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्र निर्माण में एक-एक मत का मूल्य होता है, मतदान हमारा कर्तव्य होने के साथ अधिकार भी है मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। राष्ट्र सर्वोपरि है, राष्ट्र प्रेम बनाये रखने के लिए आप सभी मतदान करे। मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है, जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। इसलिये आइए अपने लोकतंत्र को और अधिक सहभागी व मजबूत बनाने के लिये शत प्रतिशत मतदान का संकल्प ले। इसके पहले विभाग प्रमुख अभाविप पीजे पांडेय सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित युवा छात्राओं को सम्बोधित करते हुआ कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थी मतदान का अधिकार प्राप्त कर चुके है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना है। प्रत्येक युवा देश की रीढ़ की हड्डी होते है प्रत्येक राष्ट्र का विकास युवाओं पर ही निर्भर करता है अपने मत का उपयोग कर योगदान दे। नगर मंत्री सूर्यान्शु शर्मा ने बताया कि छात्राओं के माध्यम से भारत में लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता तक संदेश पहुंचे व सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो व महिला वोटिंग प्रतिशत बढ़े इसके लिए उनको अपने परिवार व आस-पड़ोस के सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्या श्रीमती ऊषा चौधरी ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से नागरिक अपने नेता को चुनने व ओर सरकार का नेतृत्व करने का अधिकार प्राप्त करता है।

धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

अवधनामा संवाददाता

शाहपुर स्थित पूर्व विधायक के आवास हिन्दू भवन पर हुआ भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के शाहपुर स्थित आवास हिन्दू भवन पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ भगवान परशुराम चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान से पूजन कर किया गया।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भगवान परशुराम ने उस समय के आततायी राजाओं जैसे सहस्त्रबाहु का संहार कर धर्म व शांति की स्थापना किया था। भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी के जन्म को लेकर मान्यता है कि वे वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को जन्में थे। परशुराम जी हनुमान जी की तरह आज भी जीवित देवताओं में से एक माने जाते हैं। बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हर वर्ष परशुराम जयंती मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अपना 6वां अवतार लिया था, इसी वजह से इस दिन अक्षय तृतीया के साथ परशुराम जयंती भी बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है।

भगवान परशुराम का जन्म भले ही ब्राह्मण कुल में हुआ हो लेकिन उनके गुण क्षत्रियों की तरह थे, ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पांच पुत्रों में से चौथे पुत्र परशुराम थे, परशुराम भगवान भोलेनाथ के परम भक्त थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म धरती पर हो रहे अन्याय, अधर्म और पाप कर्मों का विनाश करने के लिए हुआ था। उन्हें सात चिरंजीवी पुरुषों में से एक माना जाता है, परशुराम जी का जन्म के वक्त राम नाम रखा गया था, वे भगवान शिव की कठोर साधना करते थे, जिसके बाद भगवान भोले ने प्रसन्न होकर उन्हें कई अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए थे, परशु(फरसा) भी उनमें से एक था जो उनका मुख्य हथियार था, उन्होंने परशु धारण किया था इसलिए उनका नाम परशुराम पड़ गया। मान्यता अनुसार एक बार परशुराम जी की माता रेणुका से कोई अपराध हो गया था, इस पर ऋषि जमदग्नि क्रोधित हो गए थे और उन्होंने अपने सभी पुत्रों को मां का वध करने का आदेश दे दिया, इस पर परशुराम जी के सभी भाईयों ने वध करने से मना कर दिया लेकिन परशुराम जी ने पिता आज्ञा का पालन करते हुए माता रेणुका का वध कर दिया, इससे प्रसन्न होकर ऋषि जमदग्नि ने परशुराम जी को तीन वर मांगने को कहा था, इस पर परशुराम जी ने पहला वर अपनी माता को दोबारा जीवित करने का मांगा था, वहीं दूसरा वर बड़े भाइयों को ठीक करने का और तीसरा वर जीवन में कभी भी पराजित ना होने का मांगा था, भगवान परशुराम भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महारथियों के भी गुरू थे। इस दौरान चन्द्र प्रकाश चौधरी, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, मधुसूदन अग्रहरि, राकेश पाण्डेय, डम्पू पाण्डेय, संजय मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, नीरा दुबे, राहुल सिंह, राजन अग्रहरी, चंद्रभान अग्रहरि, धर्मेश पांडे, प्रेम नाथ पांडे, बब्बू पाठक, कमलेंद्र त्रिपाठी, शिवरतन अग्रहरि, ध्रुवचंद्र गिरि, मंटू गुप्ता, गुड्डू त्रिपाठी, शत्रुघ्न मिश्रा, हरीश पांडे आदि सहित भारी संख्या में विप्र व सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान में भाग लेने की अपील की

पूजन एवं फूल-माला के साथ दिया गया आमंत्रण पत्र

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। आज जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर के पसियापारा , ग्राम सैदपुर में मतदाताओ को सपरिवार मतदान करने हेतु आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। उन्होंने वृद्ध, युवा एवं अन्य मतदाताओ को पारंपरिक आमंत्रण दिया एव रोली, चंदन, पीला अक्षत, फूल - माला, प्रसाद सहित आमंत्रण पत्र देकर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में वोट रूपी/ मतदान रूपी आहुति डालने के लिए पूरे विधि विधान से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि 25 मई 2024 को अधिक से अधिक संख्या में अपने बूथों पर उपस्थित होकर इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद वासियों को दिनांक 25 मई, 2024 को अपने मतदेय स्थल पर मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आमंत्रित किया है तथा उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अनुरोध किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने अपील करते हुए जनपद के समस्त मतदाताओं को दिनांक 25 मई, 2024 को अपने परिवार के समस्त मतदाताओं सहित तथा आपके जो परिजन रोजगार इत्यादि के प्रयोजन से बाहर रहते हैं उन्हें बुलाकर उन्हें भी साथ लेकर मतदान करने की अपील किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से वृद्ध, युवा एवं महिलाओं में भी एक अलग उत्साह दिखाई पड़ा तथा लोगों ने मतदान में प्रतिभा करने का विश्वास दिलाया।

धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जी की जयंती

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र के रमवापुर तिवारी गांव मे 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु के छठवे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्म दिवस विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर बडे धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जी का जन्म दिवस हर साल बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाता है।कार्यक्रम मे सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। जन्म दिवस समारोह मे आये सभी लोगो को पंडित जी के द्वारा माथे पर तिलक लगाया गया, फिर भगवान परशुराम जी का पूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनूप तिवारी ने कहा कि जब जब धरती पर अधर्म और पाप बढा तब तब भगवान श्री हरि नारायण किसी ना किसी रूप मे धरती पर अवतरित हुए और दुराचारी, पापियो का अन्त कर धर्म की रक्षा किये। सहस्त्रबाहु के घोर अपराध से पृथ्वी माता त्रस्त हो गयी थी जिनके प्रार्थना पर भगवान विष्णु छाठवे अवतार के रूप मे महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के यहा भगवान परशुराम के रूप मे बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन जन्म लिये। कार्यक्रम मे अनूप तिवारी,नवीन पाण्डेय, हरी प्रसाद, कृष्ण गोपाल, रामलखन, बरसाती, इन्द्रजीत मिश्र आदि लोगो के साथ सैकडो लोग मौजूद रहे।

प्रेक्षक ने नेपाल बार्डर के चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल शान्तिपूर्ण निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रेक्षक (पुलिस) एस0 मल्लिखा द्वारा इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित खुनुवा चेक पोस्ट व महली तिराहा नेपाल बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान प्रेक्षक पुलिस एस मल्लिखा, एसडीएम शोहरतगढ़ कर्मेन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार, थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजकुमार पाण्डेय चौकी इंचार्ज खुनुवा जगत नरायण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

दुबौलिया, बस्ती अवधनामा संवाददाता। जिले मे लोकसभा चुनाव को लेकर दुबौलिया विकासखंड के गावों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान के किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया, साथ ही योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थियों से भी जानकारी ली। कार्यकर्ता विनय सिंह सोनू की अगुवाई में करीब एक दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ता विशुन्दासपुर, महुलानी बुजुर्ग, दुबौलिया, धरमूपुर सहित अन्य गांव में जाकर सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

प्रेक्षक व डीएम के साथ बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक

अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन निर्वाचन के दौरान संदेहजनक लेन-देन के संबंध में बैंकों के प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंको से किए गए संदेहजनक नकद लेन-देन के संबंध में पिछले दो महीने में जमा या निकासी का कोई उदाहरण हुए बिना निर्वाचन के दौरान रू 1लाख से अधिक की असामान्य एवं संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाते में डाला जाना, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले/ निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे अंतरण का कोई पूर्व उदाहरण हुए बिना आर. टी. जी. एस के माध्यम से एक बैंक खाते में विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का असामान्य रूप से अंतरण, अभ्यर्थियों या उनकी पत्नी या उनके आश्रितों, जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किए गए शपथ पत्र में उल्लिखित है और जो मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट में उपलब्ध है, के बैंक खाते में रू.1 लाख से अधिक की नकद राशि जमा करना या निकालना, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते से रू.1 लाख से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा करना एव अन्य कोई भी संदेहजनक नकद लेन-देन, जिसे निर्वाचकों को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा की सूचना बैंक प्रबंधक कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। निगरानी हेतु फ्लाइंग स्कवायड की टीम गठित की गई है। 10 लाख से अधिक की निकासी पर आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा।

ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा की दुकानों को जांचा

अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के अहिरौली बाजार में शुक्रवार को ड्रग इंस्पेक्टर दीपक पांडेय ने अहिरौली बाजार में दवा की दुकानों की जांच किया। जैसे ही वह सिंह मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तब तक उनकी भनक पाते ही अन्य दुकानदार अपने दुकान बंद कर कर गायब हो गए। वहीं सिंह मेडिकल स्टोर के बाद ड्रग इंस्पेक्टर अनुज मेडिकल एजेंसी पर पहुंचे और वहां पर पहुंचने के बाद विभिन्न बिंदुओं पर जांच किया। दुकानदारों से क्रय विक्रय रजिस्टर मांगा तथा फ्रिज में रखी दवाइयां का निरीक्षण भी किया तथा विशेष कर कोडिंग कफ सिरप की जांच किया और बताया कि नशे के प्रवृत्ति के आदि लोग इसका इस्तेमाल अधिक कर रहे हैं और इसके खिलाफ मेरा अभियान जारी रहेगा तथा दुकानों में नकली दवाइयां के खिलाफ भी जांच कार्य किया तथा कहा कि आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

अज्ञात बाइक की ठोकर से 65 वर्षीय वृद्ध घायल

अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित जगदीशपुर नहर की पुल पर एक अज्ञात बाइक सवार पैदल जा रहे वृद्ध को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक रामजतन प्रसाद निवासी मुजहना थाना अहिरौली बाजार जो जगदीशपुर चौराहे पर किसी काम से आए थे। तभी बोदरवार के तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार से एक बाइक ने रामजतन को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। ठोकर लगने से रामजतन गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना परिजनों को दी परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल रामजतन इलाज के लिए निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है।

ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी एंबुलेंस फार्मासिस्ट घायल

भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गौरव ढाबे के सामने सुल्तानपुर रायबरेली हाइवे पर गुरुवार की रात रेफर मरीज को सुल्तानपुर ले जा रही एंबुलेंस की ट्रेक्टर ट्राली से जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में एंबुलेंस सवार फार्मासिस्ट गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि एंबुलेंस चालक मरीज व परिजन बाल बाल बच गए। हादसे में तेज रफ्तार एंबुलेंस ट्रेक्टर ट्राली के पीछे से भिड़ी। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाबा गांव निवासी ट्रैक्टर मलिक रविंद्र कुमार अमेठी जिले की जायस थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव से टेंट का सामान लेकर सुल्तानपुर जा रहे थे मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गौरव ढाबे के पास ट्रैक्टर खड़ा कर चाय पीने लगे इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने खड़े ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी।जिसमें एंबुलेंस पर सवार फार्मासिस्ट सरुवांवा गांव निवासी विष्णु दूबे गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एंबुलेंस चालक शिव मूर्ति मिश्रा तथा मरीज बाल बाल बच गए।

भूमि कब्जा करने का प्रयास तीन पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के मटियारी में भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के मटियारी निवासी विंध्याचल मिश्र पुत्र रामा मिश्र जिनका गांव के एक व्यक्ति से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। और कोर्ट में मुकदमा भी विचाराधीन है। इस विवादित भूमि पर आरोपी टीनसेड डालकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे। विरोध करने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर देवेंद्र मिश्र, आदर्श, दिनेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अपने क्षेत्र के संबंध में पूरी जानकारी रखें

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उड़नदस्ता एवं स्टेटिक टीम को अधिक सक्रियता दिखाने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने निर्देशित किया है। आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण में टीम के सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि अपने क्षेत्र के संबंध में पूरी जानकारी रखें, स्थान बदल-बदल कर सभी रास्तों पर चेकिंग करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। उन्होने निर्देश दिया कि प्रचार वाहन चेकिंग करते समय यह अवश्य देखे कि विण्डस्क्रीन पर अनुमति पत्र अवश्य लगा हों, झण्डा निर्धारित आकार का ही लगा हो। उन्होने कहा कि 11 से 24 मई महत्वपूर्ण अवधि है, इसमें अपनी पूरी हनक के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने बताया कि उन्होने रात में भी फील्ड में जाकर टीम के कार्यो को देखा है तथा इनसे बात किया है। उन्होने निर्देश दिया कि टीम के अधिकारी केवल निर्वाचन कार्य पर फोकस करें, अनुशासित होकर वाहन चेकिंग करें तथा किसी के साथ पक्षपात ना करें। पुलिस आब्जर्वर रमेश चन्द्र छाजटा ने कहा कि टीम के अधिकारी सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कही भी सामान, शराब, पैसा वितरण ना हों। अपनी गतिविधिया बढाकर जॉच में तेजी लायें। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि बिना मजिस्टेउट्र के अनुमति के कोई पुलिस कर्मी नही जायेंगा। 15 मई से जिले का पुलिस बल बाहर चुनाव कराकर वापस आ जायेंगा, जिसको आपके साथ तैनात किया जायेंगा।

उद्यान विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारी को पता नहीं 2 करोड़ रूपये से क्या-क्या होना है कार्य

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। शहर के अम्बेडकर पार्क का सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग 2 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका। कार्यदायी संस्था ने बाउंड्री वॉल पर जाली तथा काम के नाम सिर्फ इंटरलॉकिग का कार्य कराया जा रहा है।सौंदर्यीकरण के नाम पर अब तक पथ-वे का ही निर्माण कराया जा रहा है, वह भी गुणवत्ता विहीन है। मीडिया कर्मी से वार्ता के दौरान उद्यान अधिकारी द्वारा जब इसकी जानकारी प्राप्त करना चाहा कि 2 करोड़ के बजट में पार्क के अंदर क्या-क्या कार्य होने हैं इसके बारे में विभाग की जिम्मेदार अधिकारी बताने में असमर्थ रहे। जबकि जिले के जिम्मेदार जिला अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लगातार जनपद में तैनाती लेने के पश्चात जनपद के विकास के लिए 24 घंटे तत्पर रहकर कार्य किया जा रहा है फिर भी भ्रष्टाचारी अपने भ्रष्टाचार को दिखाने में कामयाब हो रहे हैं।

पार्कों के निर्माण पर लाखों खर्च, लेकिन देखरेख नहीं

पिछले 10 साल में शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार, निर्माण आदि काम पर लाखों रुपए खर्च कर चुकी है। लेकिन इन 10 सालों में शहर का पार्क पर एक रुपया खर्च नहीं किया। उल्टा पार्क बिना देखरेख के कारण उजड़ गया। जबकि 10 साल पहले शहर के अंबेडकर पार्क हरे भरे थे, फूलों, छाया के पेड़ लगे थे, फव्वारे भी चलते थे। लेकिन धीरे-धीरे इनके बुरे दिन आने शुरू हो गए और पार्क वीरान हो गए। अब पार्कों में लोग जुआ खेलते हैं, पार्क में जोड़ों के साथ भी हमेशा देखे जा सकते हैं तथा शराब पीते हैं और टॉयलेट के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जनपद मुख्यालय के अम्बेडकर पार्क को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खुद मेहनत कर रुचि दिखाकर संवारने का कार्य किया जा रहा है जो आज अंबेडकरनगर की शान है। जिसकी चौतरफा लोगों द्वारा प्रशंसा भी की जा रही है। कहीं जिम्मेदार विभाग जिला अधिकारी की मंशा को पलीता लगाने में तो नहीं जुटे हुए हैं।

भागवत कथा वटवृक्ष के समान : सूर्यकांताचार्य

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। सदर विकास क्षेत्र के बंतला गांव मे चल रही भागवत कथा के चौथे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य पंडित सूर्यकांताचार्य जी महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट व गुरु का अपमान तो नही होगा। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। कथा को विस्तार देते हुए सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की बात न मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अपने शरीर को अग्नि मे भस्म कर दिया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य, भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देती चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी के समान होता है। उसे जैसा चाहे वैसा ही पात्र बना दें। ध्रुव चरित्र को सुनाते हुए कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद शुक्ल काका, मिथिलेश शुक्ला, इं रवीद्र नाथ शुक्ल, डा आकांक्षा शुक्ला, डा योगेंद्र नाथ शुक्ल, इं धर्मेन्द्र नाथ शुक्ल, श्वेतांगी शुक्ला, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, पुष्कर शुक्ल, अमित शुक्ल, रविशा शुक्ला, आलोक शुक्ला, आदर्श शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, विश्वनाथ शर्मा, विपिन सिंह, राम रक्षा विश्वकर्मा, सूरज शुक्ला, फूलचंद्र शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अपनी माटी अपना बेटा नहीं चाहिए बाहरी नेता : चौधरी

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जहां उत्तर प्रदेश में चुनावी हलचल अपने जोरों पर है वही लोकसभा डुमरियागंज के सांसद प्रत्याशी पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह चौधरी शुक्रवार को बांसी विधानसभा में पहुंचकर सबसे पहले आजाद चौक पर पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी शहिद चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति माल्यार्पण कर चुनावी बिगुल फूका और मंगल बाजार होते हुए गोहर, गोनहा ताल विशुनपुर, सेमरा, सकारपार, पेडारी, कलनाखोर, मरवटिया बाजार, बेलौहा, बनकटा मोड, तेलौरा सहित खेसरहा क्षेत्र के तमाम गांव में आजाद समाज पार्टी के लिए लोगों के साथ भ्रमण कर आने वाले 25 तारीख को चुनाव निशान केतली के सामने वाली बटन दबाने की अपील किया। सांसद प्रत्याशी अमर सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी माटी अपना बेटा नहीं चाहिए बाहरी नेता मैं जनपद सिद्धार्थनगर का रहने वाला हूं यही आपके बीच पैदा हुआ हूं और यही रहूंगा। आपके बीच में उन्होंने कहा की बाहरियों को भगाओ अपने जिले के बेटे को संसद में भेजो जिससे जनपद सिद्धार्थनगर का विकास हो सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवचंद भारती विधानसभा बांसी के अध्यक्ष राजेश कुमार राव हरिश्चंद्र गणेश प्रसाद प्रमोद अवधेश राम सजीवन आदि समर्थक शामिल रहे।

मातृभूमि प्रीमियर लीग टूर्नामेंट सीजन 2 का आयोजन

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जनपद सिद्धार्थनगर के मातृभूमि प्रीमियर लीग टूर्नामेंट सीजन - 2 (2024) का आयोजन गुरुवार को बड़ी धूमधाम से किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि दीपेन्द्र विक्रम सिंह व विशिष्ट अतिथि अजय सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काट कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आपको बताते चलें कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में जनपद सहित कई जनपदों की टीम हिस्सा ले रही है। वहीं विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप टीवीएस अपाचे बाइक व उपविजेता टीम को रु0 51000/- नगद पुरस्कार व ट्राफी दिया जायेगा। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजनकर्ता अमय पाण्डेय, निखिल सिंह, ग्राम प्रधान सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहें।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने विपक्ष पर साधा निशाना

अवधनामा संवाददाता

भाजपा द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन हुआ सम्पन्न

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन एक मैरिज हॉल में जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वाभिमान सिर्फ भाजपा सरकार में सुरक्षित हुआ है। मोदी सरकार में ही पहली बार रामनाथ कोविंद जी और द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाया गया । भारत रत्न% बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के सम्मान का मतलब देश के संविधान का सम्मान, भारत की संसदीय प्रणाली का सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, दलितों और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया।आज यूपी में डबल इंजन की सरकार है, मोदी जी और योगी जी के राज में, गुंडाराज ने उत्तर प्रदेश से पलायन कर लिया है।जिलाअध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब का सपना केवल भारतीय जनता पार्टी साकार कर सकती है ।उन्होंने ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भाजपा सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास इस मंत्र को लेकर चलती है,इंडी गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू ने कहा कि राजनीति में वोट का बहुत महत्व है। सही जगह वोट पड़ता है तो विकास होता है और गलत जगह वोट पड़े तो विनाश हो जाता है ।उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम की समापन की घोषणा करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद ने बताया कि प्रमुख रूप से लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी,अनु. मो. जिलाध्यक्ष विनोद कुमार,अनु. मो.जिला महामंत्री अंकित मंडेला, अविनाश सोनकर, विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह, विधानसभा संयोजक अनंत राम मिश्र,ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, त्रिभुवन नाथ, राजेश कुमार, कौशलेंद्र निराला, शीला देवी, राम जन्म, फूलचंद, जितेंद्र ,ममता, प्रभाकर, राम सकल ,अवधेश कुमार, रमेश चंद्र, अमित राज, रमेश कुमार विजय बहादुर, मंडल अध्यक्ष रविंद्र भारती, विस्तारक घनेश मिश्र, तिलकधारी गौतम, परशुराम चौधरी, डिंपल, सभासद सुलेखा गौतम, केतकी शर्मा,सांसद प्रतिनिधि आशुतोष उपाध्याय, नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, मंडल अध्यक्ष राजाराम मौर्य, सुनील गुप्ता ,अनिल वर्मा, शुभम पांडे, प्रेमचंद, विक्की गौतम ,विक्रम गौतम ,लालचंद ,आशीष सोनी, अमित मद्धेशिया,सोनू गौड समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जांच व टीकाकरण में लापरवाही पड़ सकती है भारी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। शुक्रवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम गांव में संचार गतिविधि एवं माता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को एएनएम तारामती ने जागरुक करते हुए कहा कि टीकाकरण व जांच में लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए ड्यूलिस्ट के अनुसार सत्र पर पंहुच कर टीकाकरण व गर्भवती महिलाएं जांच जरूर कराएं। इसी क्रम में क्षेत्र के बुढ़ियाटायर में एएनएम रेश्मा शर्मा ने महिलाओ को जागरूक करते हुए लू से बचाव के साथ ही टीकाकरण के महत्व पर विस्तर से जानकारी दिया।भीटानानकार में एएनएम सोनिया वर्मा ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि गर्भावस्था के तीन माह के भीतर आशा व आंगनवाड़ी से पंजीकरण अवश्य कराएं, साथ ही समय समय पर टीकाकरण व प्रसव पूर्व चिर जांच बहुत ही जरूरी है। अंत में श्रीमती वर्मा ने महिलाओ को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंजू, जाकरुन्निशां, खुशबू, मानवी, दिव्या, सरिता, बिट्टा देवी, लाडली श्रीवास्तव, सोनमती, हेमलता, इसरावती, मालती आदि उपस्थित रही।

विरासत की बहस

विरासत नही आर्थिक विषमता कम करने पर स्वस्थ बहस होनी चाहिये। बहस तर्कसंगत और ग्रहण हो चुनावी प्ररिप्रेक्ष में जो बाते और मुद्दे उछाले जाते है उनका शुद्ध मकसद राजनैतिक लाभ उठाना होता। चुनाव के ज्वार के साथ उठता है और चुनाव के बाद भाटा के समान लौट जाते है।

इस समय विरासत को लेकर शुद्ध राजनीतिक बहस चल रही है। जिसमें आरोप ज्यादा है बहस कम है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था देश के संसाधन पर पहला हक मुसलमानों का है। प्रधानमंत्री ने चुनावी रैली में कहा कांग्रेस लोगों के सम्पत्ति का ब्योरा इकट्ठा करेगी और मुसलमानों को बाट देगी। इस निष्कर्ष को अमेरिका बसे सैम पित्रोदा जो गांधी परिवार के घनिष्ट मित्र है उन्होंने किया है। अमेरिकी कानून का हवाला देते हुये कहा वहां विरासत कानून है जिसके तहत छोड़ी हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत सरकार को जाता है और 45 प्रतिशत मृत व्यक्ति के वारिस को जाता हैं। भाजपा इसी बयान को लेकर कांग्रेस पर और आक्रमक हो गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में इसका कोई जिक्र नही है बीजेपी कह रही है कांग्रेस फिर से सम्पत्ति का बटवारा करना चाहती है।

भाजपा जिस सर्वे को लेकर कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है वह जाति जनगणना है। जो कांग्रेस के घोषणापत्र में है। इसके अन्तरगत विभिन्न जातियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का इक्ट्ठा करने की बात है। इसी के आधार पर कांग्रेस वंचित तबकों की आर्थिक व सामाजिक भागीदारी के कार्यक्रम बनायेगी। इस परिप्रेक्ष में आर्थिक विषमता पर बहस जरूरी है और उसे निपटने के लिये नियमों और प्रावधानों पर बहस होनी चाहिये। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पिकेटी का कथन है भारत की कुल आमदनी का 22 प्रतिशत ऊपर के एक प्रतिशत लोगों के पास जाता है। इसी एक प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत व सम्पदा है। दुनिया में भारत में सबसे ज्यादा विषमता है। विषमता पाटने पर बहस होनी चाहिये न कि किसी पर विषमता थोपने का अरोप लगाना चाहिये। पर इस समय बहस लोककारी मुद्द छोड़ एक दूसरे पर आरोप मढ़ने की बहस चल रही है जो चुनाव का दुर्मुणा है। बहुत से देशों में सम्पत्ति कर लागू है। पर यह सम्पत्ति छीनना कि अन्तरगत नहीं आता है। निजी सम्पत्ति रूस और चीन में छीनने का प्रयोग हुआ था। रूस तो मिट गया है चीन ने पूजीवादी राह पकड़ ली है।

भारत में विरासत कानून 1953 में लगाया गया थे जिसे 1985 में राजीव सरकार ने खत्म किया। सम्पदा कर नरेन्द्र मोदी ने 2015 में खत्म कर दिया था। आरोप लगाया जा रहा है राजीव गांधी ने इन्द्रागांधी की विरासत बचाने के लिये कानून खत्म किया था भाजपा का आरोप है। कांग्रेस कह रही है। 1970 में इन्द्रागांधी ने अपनी सारी सम्पत्ति जवाहरलाल नेहरू ट्रस्ट को दे दी थी। विरासत कानून और आर्थिक विषमता ऐसा मुद्दे है जिन्हें चुनाव बाद गम्भीरता से स्वस्थ बहस चलाकर समाज और देश के लिये हितकारी प्रावधान निकालने चाहिये। पार्टीवाद से ऊपर उठ यह काम किया जाना चाहिये। जनता टैक्स देती है।

सुप्रीम कोर्ट में फिर गूंजा बड़ौदा डाइनामाइट केस!

सुप्रीम कोर्ट में (8 मई 2024) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने पचास वर्ष पुराने बड़ौदा डायनामाइट केस का उल्लेख किया। वे अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर विचार कर रहे थे। खंडपीठ के दूसरे जज थे न्यायमूर्ति दीपांकर दत्त। दिल्ली के मुख्यमंत्री के वकील का अनुरोध था कि लोकसभा चुनाव प्रचार हेतु उन्हें अंतरिम जमानत दी जाए।

के. विक्रम राव

इस याचिका को अस्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति खन्ना ने याद दिलाया कि बड़ौदा डायनामाइट केस के मुख्य अभियुक्त जॉर्ज फर्नांडिस ने तिहाड़ जेल में ही रहकर मुजफ्फरपुर (बिहार) से चुनाव लड़ा था और विशाल बहुमत से विजयी हुए थे। जॉर्ज के साथ के 24 सहअभियुक्तों में द्वितीय क्रमांक पर मैं था। जॉर्ज की कोलकाता में गिरफ्तारी तक इस मुकदमें का शीर्षक था भारत सरकार बनाम के. विक्रम राव तथा 23 अन्य। हमें सजाये मौत की आशंका थी। हालांकि हमने कहीं भी प्राणहानि नहीं की थी। कैसा संयोग है कि चंद महीनों बाद बड़ौदा डायनामाइट केस की स्वर्ण जयंती होगी। भारत का द्वितीय स्वाधीनता आंदोलन (इंदिरा गांधी के इमरजेंसी राज के खिलाफ = लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में) चला था। जेपी दूसरे महात्मा गांधी बनकर उभरे थे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का आभार कि जनसंघर्ष के एक हीरो को भरी अदालत में याद किया। कौन हैं यह विद्वान जज साहब? वे उसे न्यायिक खानदान के हैं जिसकी महती भूमिका रही लोकस्वतंत्रता हेतु संघर्ष में। संजीव खन्ना छः माह बाद (11 नवंबर 2024) को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश होंगे। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ के रिटायर होने पर। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के पिताश्री देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश रहे। यह खन्ना कुटुंब भारत की न्यायिक स्वतंत्रता का त्राता और खेवैया रहा है। भारत के सुप्रीम कोर्ट का इतिहास गवाह है कि न्यायमूर्ति हंसराज खन्ना (संजीव जी के चाचा) ने किस निडरता और साहस से इंदिरा गांधी की इमर्जेंसी वाली तानाशाही का प्राणपण से विरोध किया था। नतीजन उन्हें प्रधान न्यायाधीश पद से वंचित कर कांग्रेसी प्रधानमंत्री ने अपने चहेते न्यायमूर्ति अजित नाथ राय को नामित कर दिया था। जिला जबलपुर वाले मुकदमे में न्यायालय ने नागरिक अधिकारों के हनन को निरस्त नहीं किया। तर्क था कि आपातकाल में समस्त नागरिक अधिकारों को निरस्त कर दिया गया था। इस तानाशाही वाले निर्णय के कारण हेबियस कार्पस का अधिकार भी खत्म कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के जिन चार जजों ने इस मौलिक नागरिक अधिकार को निरस्त माना था उनमें थे यही प्रधान न्यायाधीश एन राय, न्यायमूर्ति मोहम्मद हमीदुल्लाह बेग, यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ (प्रधान न्यायाधीश के पिताश्री) और न्यायमूर्ति पीएन भगवती। उसी के बाद इंदिरा गांधी ने कनिष्ठ बेग साहब को साल भर के लिए प्रधान न्यायाधीश बनाया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने मशहूर केशवानंद भारती केस में निर्णय हेतु याद रखा जाता है कि भारतीय संविधान के बुनियादी ढांचे को बदला नहीं जा सकता है। मगर इंदिरा गांधी ने अंततः इस निर्णय को भी नाकारा बना डाला। यह पोते राहुल गांधी को याद रखना चाहिए जब वह नरेंद्र मोदी पर संविधान खत्म करने का आरोप लगाते हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपने सगे-चाचा की भांति उस परिवार से संबंधित हैं जो भारत के स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय था। उनके पितामह स्व. सर्वदयाल खन्ना अमृतसर में लाला लाजपत राय के साथ ब्रिटिश अत्याचारों के खिलाफ लड़े थे। यह खन्ना परिवार की मर्यादित परंपरा का प्रतीक है।

बड़ौदा डायनामाइट केस के उल्लेख के समय सुप्रीम कोर्ट ने खंडपीठ के दूसरे न्यायमूर्ति थे दीपांकर दत्त जो कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। उनके पिता सलिल कुमार दत्त भी हाईकोर्ट के जज रहे। आज इस संपूर्ण प्रकरण पर विशेष रपट प्रस्तुत की दैनिक इंडियन एक्सप्रेस (मुंबई 2024 :पृष्ठ 14 कालम एक से आठ तक।) इस रपट में एक्सप्रेस के प्रख्यात तथा वरिष्ठ संवाददाता श्री श्यामलाल यादव ने बड़ा सटीक और विस्तृत विवरण दिया है। वह प्रभावी है, यादगार भी। उन्होंने लिखा कि किस भांति के. विक्रम राव तथा अन्य ने इंदिरा गांधी की इमर्जेंसी का विरोध किया था। उन दिनों बड़ौदा में विक्रम राव दैनिक टाइम्स आफ इंडिया के संवाददाता थे। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में तिहाड़ जेल से हथकड़ी में ले जाकर पेश किए जाते थे। ये सारे 25 कैदी रिहा हुए 22 मार्च 1977 को, जब रायबरेली के वोटरों ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लोकसभा चुनाव में हराया था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। आदि अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है।

भारतीय महिलाएं प्रतिबद्धता के साथ नेतृत्व करने में अति सक्षम

वैश्विक स्तरपर भारत एक ऐसा पहला देश है जहां राष्ट्रपति से लेकर पंचायत समिति तक के हर संवैधानिक पद पर महिलाएं नेतृत्व करने में सशक्त सिद्ध हुई है, जिसे पूरी दुनियंत ने रेखांकित किया है, इतना ही नहीं आज पूरे विश्व में भारतीय मूल की महिलाएं अपनी सफलताओं का डंका बजा रही है। अमरीका की उपराष्ट्रपति से लेकर पूरे विश्व में के अनेक देशों में अनेक संवैधानिक पदों पर मूल भारतीयों की नियुक्ति हुई हैं। भारत में हम देख रहे हैं कि शैक्षणिक एकेडमिक परीक्षाओं से लेकर प्रबंधकीय प्रौद्योगिकी शासकीय अर्थशास्त्रीय व निजी स्तर की करीब हर परीक्षा में हमें टॉपर के रूप में महिलाएं ही दिखती है। इतना ही नहीं महिलाओं का पासिंग प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा अधिक रहता है जो हम कक्षा10 की परीक्षा से लेकर अनेक स्तरों की परीक्षाओं में देख चुके हैं इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज महिलाओं की इंटेलिजेंस पुरुषों से कुछ हद तक अधिक सिद्ध होते जा रही है जिसे रेखांकित करना समय की मांग है। उसे पर भी सोने पर सुहागा सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होकर नारी शक्ति वंदनअधिनियम 2023 अब कानून बन चुका है जिसको महिलाएं की भागीदारी 33 प्रतिशत कर दी गई है परंतु आज की स्थिति में अनेक सामाजिक पंचायतों शिक्षण संस्थानों व कुछ दौड़ते कदम सेवा समिति में केवल संस्थापकों का ही राज चल रहा है, महिलाओं की भागीदारी को तो दूर की बात है उनके संस्थानों में महिलाएं सदस्य तक नहीं होती तो कई दौड़ते कम सेवा समितियां तो केवल प्राइवेट लिमिटेड समितियां तक होती है, केवल अपने परिवार वालों व सहयोगियों को ही सदस्यता दी जाती है और क्षेत्रीय नेताओं विधायकों से एंबुलेंस या अन्य सुविधाओं के लिए फंड की अपेक्षा की जाती है वैसे ही अनेक ऐसी शैक्षणिक संस्थाएं भी है जिनकी कार्यकारिणी में महिलाओं की भागीदारी नगण्य रूप है केवल अपने-अपने समर्थन या फिर सिफारिशी डमी सदस्यों को कार्यकारणी में लिया जाता है जिनकी नकेल संस्थापक जैसे व्यक्ति के हाथ में होती है जिसे हर समाज ने रेखांकित करना जरूरी है,अब समय आ गया है कि सामाजिक सेवा संस्थाओं का नेतृत्व महिलाओं को देने की कोशिश कर अपने निस्वार्थ सेवा को सिद्ध करें। चूंकि, भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लाभरेज दूरदर्शीता जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ नेतृत्व करने में अति सक्षम है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे शिक्षा क्षेत्र की परीक्षाओं में महिलाओं के बढ़ते बेस्टपरफॉर्मेंस को रेखांकित कर उनके नेतृत्व की दिशा मेंप्रोत्साहित करना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम वर्तमान महिला नेतृत्व की करें तो, भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार

किशन भावनानी

विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। आदि अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब हम एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो हम एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब हम एक महिला को शिक्षित करते हैं तो हम एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। इसलिए, यह उस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता थी। भारतीय इतिहास महिलाओं की उपलब्धि से भरा पड़ा है। आनंदीबाई गोपालराव जोशी (1865-1887) पहली भारतीय महिलाचिकित्सक थीं और संयुक्त राज्य अमेरिका में पश्चिमी चिकित्सा में दो साल की डिग्री के साथ स्नातक होने वाली पहली महिला चिकित्सक रही है। सरोजिनी नायडू ने साहित्य जगत में अपनी छाप छोड़ी। हरियाणा की संतोष यादव ने दो बार माउंट एवरेस्ट फतेह किया। बॉक्सर एमसी मैरी कॉम एक जाना पहचाना नाम है। हाल के वर्षों में, हमने कई महिलाओं को भारत में शीर्ष पदों पर और बड़े संस्थानों का प्रबंधन करते हुए भी देखा हैअरुंधति भट्टाचार्य, एसबीआई की पहली महिला अध्यक्ष, अलका मित्तल, ओएनजीसी की पहली महिला सीएमडी, सोमा मंडल, सेल अध्यक्ष, कुछ ओर नामचीन महिलाएं हैं, जिन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।कोविड-19 के दौरान कोरोना योद्धाओं के रूप में महिलाओं डाक्टरों, नर्सो, आशा वर्करों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व समाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की प्रवाह न करते हुए मरीजों को सेवाएं दी है। कोरोना के खिलाफ टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। भारत बायोटेक की संयुक्त एमडी सुचित्रा एला को स्वदेशी कोविड -19 वैक्सीन कोवैक्सिन विकसित करने में उनकी शानदार भूमिका के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। महिमा दतला, एमडी, बायोलॉजिकल ई, ने 12-18 वर्ष की आयु के लोगों को दी जाने वाली कोविड-19वैक्सीन विकसित करने के लिए अपनी टीम का नेतृत्व किया। निस्संदेह, महिलाएं और लड़कियां समाज में सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक बदलाव की अग्रदूत हैं।

साथियों बात अगर हम हर क्षेत्र में महिलाओं की कार्य कुछ्लता निपुणता की करें तो, ऐतिहासिक रूप से महिलाएँ जीवन के सभी क्षेत्रों में साहस और उत्साह से भाग लेती रही हैं। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी इसका अपवाद नहीं है। भारत के पौराणिक ग्रंथों में उच्च शिक्षित महिलाओं का वृहद उल्लेख आता है। यहाँ तक की भारत में शिक्षा की देवी के रूप में एक महिला ही पूजनीय मानी जाती है। प्राचीन भारतीय शिक्षा के ऐतिहासिक प्रमाण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से देखे जा सकते हैं। उस समय शिक्षा मौखिक दी जाती थी और महिलाओं का उसमें प्रतिनिधित्व होता था। जब भारत में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ तब नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान स्थापित हुए। शोध से विदित होता है कि महिलाएँ भी इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करती थीं। ये शिक्षण संस्थान पाँचवी शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक खूब फले-फूले। धर्मशास्त्र, दर्शन, ललित कला, खगोल विज्ञान इत्यादि में महिलाओं की सहभागिता थी। साथियों बात अगर हम भारतीय मूल की महिलाओं की विदेश में अत्यधिक प्रतिष्ठा और धाक की करें तो,भारतीय मूल की महिलाएं पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर अपनी क्षमता और काबिलियत का झंडा गाड़ रही हैं।

झारखंड में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें

झारखंड की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब और भ्रष्ट है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा और कुछ माह पूर्व तक मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार और भ्रष्ट रहे हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

बीते कई दिनों से झारखंड सुर्खियों में है। सुर्खियों में रहने की वजह गर्व करने लायक नहीं है। ताजा प्रकरण, झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से परोक्ष रूप से जुड़ा है। उनके निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए से अधिक की 'काली कमाई' बरामद हुई है। आश्चर्य इस बात का है कि एक नौकर स्तर का व्यक्ति कितना भी भ्रष्टाचार करे, लेकिन उसके घर बैगों में भरे करोड़ों के नोट बरामद नहीं किए जा सकते। यकीनन इस संदर्भ में उसे 'बलि का बकरा' बनाया गया है। तो फिर सवाल है कि काली कमाई के नोट किसके हैं?

रोहित माहेश्वरी

क्या नौकर का घर 'कलेक्शन सेंटर' बना था? ईडी के अफसरों को मंत्री के निजी सचिव पर तो शक था, लिहाजा नौकर का पीछा भी किया गया। अक्सर उसके हाथ में एक बैग होता था, लेकिन घर से बाहर आते हुए उसके हाथ खाली होते थे। अंततरू ईडी ने छापेमारी की, तो नोटों से भरे बैग मिले और उसी के साथ भ्रष्टाचार का एक रहस्य खुला। सवाल मंत्री के कारनामों पर भी है, क्योंकि ईडी ने जिन इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों की धरपकड़ की है, उनमें से कइयों ने मंत्री की संलिप्तता का भी खुलासा किया है। दलाली का एक खेल उस विभाग में खेला जा रहा था। ठेका देने के बदले 3 फीसदी की दलाली ली जाती थी। मंत्री और निजी सचिव की 'कटमनी' ज्यादा और अलग थी। अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर की बोलियां अलग से लगती थीं। यह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि आम आदमी से भ्रष्ट जमात ने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वापस वसूली जानी चाहिए। याद कीजिए इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने 3 बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। साथ ही 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' द्वारा 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक' 2023 जारी किया गया। समग्र तौर पर यह सूचकांक दर्शाता है कि पिछले एक दशक में अधिकांश देशों में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण की स्थिति या तो काफी हद तक स्थिर या खराब रही है। भारत ने भ्रष्टाचार बोध सूचकांक 2023 में 40 अंक प्राप्त किये।

असल में झारखंड देश का गजब प्रदेष है। कभी पॉलिटिशियन पर रिश्वतखोरी का आरोप लगता है तो कभी अफसर-दलालों का गठजोड़ भ्रष्टाचार में लिप्त दिखाई देता है। दो आईएएस और एक चीफ इंजीनियर करप्शन के आरोप में जेल जा चुके हैं। घोटाले भी गजब के, कभी कोयला घोटाला, कभी लौह अयस्क घोटाला, खनन-परिवहन घोटाला, मनरेगा घोटाला, नियुक्ति घोटाला तो अब जमीन घोटाला। झारखंड में भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो गई हैं कि ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी व कर्मचारी इसमें फंसे हुए हैं। इसके बावजूद सरकारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आलम यह है कि राज्य के कई

आईएएस अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, लेकिन आज तक कार्रवाई के नाम पर बस फाइल इधर से उधर से होती रही। झारखंड की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब और भ्रष्ट है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा और कुछ माह पूर्व तक मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार और भ्रष्ट रहे हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। कोई पर्यटन करने तो जेल में नहीं जाता! राजनेताओं के अलावा, आईएएस या अन्य शीर्ष अधिकारियों के घरों से भी करोड़ों की नकदी बरामद की गई है। उनके पास अकूत संपत्तियां भी मिली हैं, लिहाजा उन्हें जब्त किया गया है। कई ऐसे सफेदपोश चेहरे जेल की सलाखों के पीछे हैं।

झारखंड में धीरज साहू जैसे कांग्रेसी और ओबीसी सांसद भी हैं, जिनके घर और अन्य ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से अधिक के नकदी नोट बरामद किए गए। घर के कमरों में नोट ऐसे सजाए गए थे मानो नकदी का कोई शोरूम हो! काली कमाई के ये पहाड़ कैसे संजो लिए जाते हैं, आम आदमी के लिए यह आश्चर्य की मीनारें हैं। साहू जी आज भी सांसद हैं। ईडी ने क्या कार्रवाई की, सब कुछ रहस्य है, क्योंकि हमने ऐसे काले धन्नासेठ को जेल जाते हुए भी नहीं देखा। देश में काले, भ्रष्ट नकदी पहाड़ों के गोदाम भरे हुए हैं, प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कड़वा सच लगता है। देश के कई हिस्सों में ऐसे गोदामों को दबोचा गया है, अदालत में भी केस हैं, लेकिन आम आदमी न्याय का मारा है।

हम मानते हैं कि ईडी मंत्री पर साक्ष्यों और गवाहों के बिना हाथ नहीं डालेगा, लेकिन यह भ्रष्टाचार देश के कोने-कोने में कब तक जारी रहेगा। घूस और दलाली तो व्यवहार बन गए हैं। प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध दिखते हैं कि वह ऐसी एक भी पाई खाने नहीं देंगे। ऐसी चोरी बंद करके रहेंगे। भ्रष्ट लोगों की कमाई और लूट बंद करके रहेंगे, बेशक भ्रष्टाचारी उन्हें गालियां देते रहें। झारखंड पर 1.30 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। राज्य के नागरिक की औसत कमाई 7000 रुपए माहवार है। देश के राज्यों में विकास के मद्देनजर झारखंड का स्थान 30वां है। आलमगीर आलम कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं। गठबंधन सरकार में कांग्रेस नेतृत्व ने उनका नाम सबसे पहले संस्तुत किया था। वह राज्य विधानसभा के स्पीकर भी रहे हैं। सवाल है कि एक साईकिल चलाने वाले नौकर के पास 35 करोड़ रुपए से अधिक का धन कहां से आया?

इस देश के हर आम और खास आदमी को पता है कि देश में हो रहे अपराधों को रोकने के लिए सैकड़ों कानून हैं। पुलिस है, सीबीआई है, और नीचे से ऊपर तक न्यायिक तंत्र का जाल है, पर क्या इसके बावजूद समाज में अपराध घट रहे हैं? नहीं, फिर भी लोगों को लगातार बहकाया जा रहा है कि सख्त कानून से भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। जबकि अपराध शास्त्र के शोध बताते हैं कि कानून से केवल पांच फीसदी अपराध कम होते हैं। बाकी 95 फीसदी अपराध कम करने के लिए अन्य प्रयासों की जरूरत होती है। भ्रष्टाचार भी चूंकि एक अपराध है, इसलिए इसे समाप्त करने से पहले हमें समझना होगा कि यह अपराध क्यों हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। साल 2014 में केंद्र में आने के बाद से मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का रवैया अपनाया है, जिसके चलते जांच एजेंसियों ने भी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर लाखों करोड़ों रुपये की संपत्ति अब तक जब्त की है। ईडी सहित अन्य एजेंसियों ने पिछले 9 वर्षों में टैक्स चोरी करने वालों पर जमकर एक्शन लिया है। ईडी का चाबुक केवल कारोबारियों पर ही नहीं बल्कि भ्रष्ट नेताओं पर भी चला है। लोकसभा चुनाव प्रचार में पीएम मोदी ने तीसरी बार सरकार बनने पर भ्रष्टाचार पर कड़े प्रहार का वादा देषवासियों से किया है। असल में अगर भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लग जाए तो देश विकास और समृद्धि के रास्ते पर और भी तेजी से दौड़ने लगेगा।

मोदी दशक के बाद भारत का लोकतंत्र

2019 के बाद अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने अपने वैचारिक एजेंडे को जोरदार गति से क्रियान्वित किया है जिसमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता संशोधन कानून-2019 प्रमुख रूप से शामिल हैं। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद केंद्र सरकार के कैबिनेट बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया है कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। एक लोकतंत्र में सिविल सोसाइटी (नागरिक समाज) की भूमिका उसके अंतरात्मा के आवाज की तरह होती है।

पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई पहली हिंदुत्ववादी सरकार के एक दशक पूरे हो चुके हैं, इस दौरान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार अपने कोर एजेंडे को लागू करने में बहुत ईमानदार साबित हुई है साथ ही उसने यह सन्देश देने का कोई मौका नहीं गवाया है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नये भारत का निर्माण हो रहा है जो 1947 में जन्में भारत से बिलकुल अलग है लेकिन इसी के साथ ही भारत एक विकेंद्रीकृत, उदारवादी और समावेशी लोकतंत्र के तौर पर लगातार कमजोर हुआ है। एक दशक के बाद ऊपरी तौर पर तो भारत वही ही दिखलाई पड़ता है लेकिन इसकी आत्मा को बहुत ही बारीकी से बदल दिया है। आज भारत और भारतीय होने की परिभाषा बदल चुकी है। विभाजक और एकांगी विचार जो कभी वर्जित थे आज मुख्यधारा बन चुके हैं, भारतीय लोकतंत्र को रेखांकित करने वाले मूल्यों और संस्थानों पर लगातार हमले हुये हैं जिससे लोकतंत्र के स्तम्भ कमजोर हो चुके हैं, नागरिक के बीच असामनता बढ़ी है और नागरिक स्थान सिकुड़ते गये हैं।

जावेद अनीस

देश और नागरिक समाज और मीडिया की स्थिति : भारत पूरी तरह से बदल चूका है, 2014 से 2024 के बीच देश का बुनियादी चरित्र बदल चूका है। आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गये प्रसिद्ध भाषण' ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' में पुराने से बाहर निकल नए युग में कदम रखने का वादा किया गया था लेकिन अब देश के पहले प्रधानमंत्री द्वारा नियति से किये गये वायदे को तोड़ दिया गया है। आज भारत भविष्य के रास्ते से भटककर अतीत के रास्ते पर चल पड़ा है। सबसे चिंताजनक स्थिति उस धर्मनिरपेक्षता के रास्ते से हटना है जिसे आजादी के बाद से हमारे राष्ट्रीय नीति का एक मूलभूत सिद्धांत माना जाता रहा है, उसकी जगह हिंदू राष्ट्रवाद ने खुद को स्थापित कर लिया है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद आज देश, समाज और राजनीति में हिन्दुतत्व की विचारधारा का स्वर्णकाल है।

पिछले दस सालों खासकर 2019 के बाद अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने अपने वैचारिक एजेंडे को जोरदार गति से क्रियान्वित किया है जिसमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता संशोधन कानून-2019 प्रमुख रूप से शामिल हैं। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद केंद्र सरकार के कैबिनेट बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया है कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। एक लोकतंत्र में सिविल सोसाइटी (नागरिक समाज) की भूमिका उसके अंतरात्मा के आवाज की तरह होती है। यह राज्य और बाजार से स्वतंत्र

ईकाई होती है और किसी भी जिंदादिल लोकतंत्र के लिए प्रभावी सिविल सोसाइटी का वजूद बहुत जरूरी है। नागिरकों के हितों की वकालत, लोकतांत्रिक सहभागिता और मानव अधिकार

मजबूरी में रायबरेली से चुनाव लड़ कर रह राहुल

अधिकांश प्रदेशों में कांग्रेस चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुकी : तेजस्वी सूर्या

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि दक्षिण से लेकर उत्तर तथा पूर्व से पश्चिम तक पूरे देश में नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के पक्ष में लहर है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत सहित अधिकांश प्रदेशों में कांग्रेस चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुकी है। राहुल गांधी से ही मैदान छोडकर भागने का कल्चर शुरू हुआ है जिससे उनके प्रत्याशी तक भाग जाते हैं। राहुल गांधी अमेठी से भाग चुके हैं और मजबूरी में रायबरेली से चुनाव लड़ कर रहे हैं। एक ओर जनता अर्थात मोदी का परिवार चुनाव लड़ रहा है। दूसरी तरफ कुछ राजनैतिक परिवार अपने परिवार की खानदानी सीट को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। पूरी सपा हसबैंड-वाइफ को चुनाव जिताने के लिए जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि कन्नौज हो या मैनपुरी हसबैंड वाइफ लखनऊ में ही रहेगें, दिल्ली नहीं जाने वाले है। जनता रायबरेली, कन्नौज, मैनपुरी सहित सभी सीटों पर सपा कांग्रेस को हराकर घर बैठाने का काम करेंगी। पूरे देश में भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में अपार जनसमर्थन है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है और मोदी जी तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजयुमों राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि प्रियंका वाड्रा बेरोजगारी को लेकर प्रश्न उठा रही हैं। लेकिन, ये आरोप कांग्रेस पार्टी के हर आरोप की तरह वास्तविकता से दूर है। उन्होंने कहा कि देश में शहरी बेरोजगारी की दर पिछले 7 सालों में 6 प्रतिशत से घट कर 3 प्रतिशत तथा ग्रामीण बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत हो गई है। देश में 25 करोड़ लोग पिछले 10 सालों में गरीबी रेखा

■ कहा, प्रियंका वाड्रा बेरोजगारी को लेकर प्रश्न उठा रही

से ऊपर आये है। पिछले दस साल में मोदी जी के नेतृत्व में बेरोजगारी घटी है। सबसे कम बेरोजगारी दर आज भारत में है। इसके पीछे मोदी जी के दस साल के प्रयास हैं। प्रियंका गांधी वास्तविक स्थिति से हटकर देश में भ्रम फैलाने का काम कर रही हैं। वास्तविकता में राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा अपनी राजनैतिक बेरोजगारी के कारण देश में कन्फ्यूजन फैला रहे हैं।

श्री सूर्या ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पाकिस्तान के बनने के खिलाफ थे। लेकिन, सिर्फ नेहरू के कारण भारत का विभाजन हुआ और इसलिए पाकिस्तान से आज कांग्रेस को समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी और नेहरू गांधी परिवार को देश में आतंकी भेजने वाले पाकिस्तान से प्यार है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता आतंकियों पर कार्रवाई की बजाय पाकिस्तान के साथ शांति की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान कांग्रेस के नेताओं को जिताने की बात करता है। भारत की राष्ट्रभक्त जनता इसे देख रही है और कांग्रेस पार्टी के इस पाक प्रेम का जवाब दे रही है। कर्नाटक में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लगाया है। इनकी मुहब्बत की दुकान में पाकिस्तान से प्रेम का ही सामान मिलता है। उन्होंने कहा कि आज देश में 600 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज के साथ 22 से ज्यादा एम्स हैं। 2014 से पहले देश में 7 एम्स थे। आज 148 से ज्यादा एयरपोर्ट्स हैं। ग्रामीण सड़क 7.6 लाख किलोमीटर से ज्यादा है। 2014 से अब तक सड़कों का निर्माण दोगुना बढ़ा है। 2014 से पहले नेशनल हाईवे का नेटवर्क 19 हजार किलोमीटर था आज 1 लाख किलोमीटर से ज्यादा है।

महिलाएं नौ गज की साड़ी, पुरुष तिलक टोपी में करेंगे पीएम का स्वागत

अवधनामा संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में लघु भारत की झलक दिखेगी। हर मार्ग पर अलग-अलग प्रांतों के परिधानों में लोग पीएम मोदी का स्वागत करते नजर आएगी। महिलाएं नौ गज और बंगाली लालपाड़ की साड़ी में होंगी तो पुरुष धोती-कुर्ता के साथ तिलक टोपी पहने पुष्पवर्षा कर पीएम की अगवानी करेंगे। इसकी तैयारी में काशी में बसे हर प्रांत के लोग जुट गए हैं।

काशी के अलग अलग मुहल्लों में हर प्रांत, हर राज्य के लोग बसे हैं। इस बार नामांकन के पहले काशी में पीएम के रोड शो में इसकी झलक देखने को मिलेगी। काशी तमिल संगमम समिति, काशी तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ पंच द्रविड़ समाज ने इस रोड शो में अपनी संस्कृति से परिचित कराने की जिम्मेदारी खुद ले रखी है। समाज के वीवी सुंदरम

शास्त्री ने बताया कि सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर मंच बनाकर प्रधानमंत्री का स्वागत होगा। इस दौरान महिलाएं व पुरुष पारंपरिक परिधान में होंगे। महिलाएं भरतनाट्यम की भी प्रस्तुति करेंगी।

मराठी समाज के लोग बांसफाटक पर स्वागत करेंगे। महिलाएं नौ गज की साड़ी में होंगी तो पुरुष तिलक टोपी में दिखेंगे। वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेश जी का पाठ भी होगा। यहां युवतियां फोगड़ी

■ दिखेगी लघु भारत की झलक

नृत्य करेंगी। वहीं, राजस्थान के मारवाड़ी, खंडेलवाल, ब्राह्मण, जैन, माहेश्वरी समाज के संगठनों के बैनर तले महिलाएं व पुरुष लंका पर रोड शो में शामिल होंगे और स्वागत करेंगे। दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि जैन समाज भी पारंपरिक परिधान में लंका व सोनारपुरा में नमोकार मंत्रों के साथ स्वागत करेगा।

बंगीय समाज के सचिव देवाशीष दास ने बताया कि काली बाड़ी व पांडेय हवेली पर स्वागत मंच बनेगा। यहां बंगाली समाज पीएम के स्वागत की तैयारी में है। धोती कुर्ता में पुरुष होंग और महिलाएं लालपाड़ साड़ी में धुनकी, शंखनाद व ढाक से अगवानी करेंगी। ऐसे ही सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की टोलियां जगह-जगह स्वागत करेंगी।

छात्राओं ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिलाया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। कुलपति जी के निर्देश के अनुपालन के क्रम में करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ में मतदाता जागरूकता क्लब, स्वीप कमेटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में उमराव हाता वार्ड नंबर 31 को गोद लिया गया है जिसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिनांक 10 मई को घर-घर मतदान अपील कार्यक्रम, जिसकी शुरुआत प्राचार्या द्वारा लोकतंत्र का मान शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के द्वारा की गई। जिसके अंतर्गत उमराव हाता वार्ड नंबर-31 में मतदाता जागरूकता क्लब के सदस्यों एवं छात्राओं के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में सम्मिलित होते हुए मत देने की अपील की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रबंधक सैयद नावेद अहमद साहब एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 हुमा ख्वाजा के कुशल निर्देशन तथा स्वीप कमेटी सदस्य- डॉ शाहीन फातिमा खान, डॉ.अलका चतुर्वेदी, डॉ राधा ओझा, एवं एन एस एस कार्यक्रम अधिकारियों असरा बीबी सिद्दीकी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

यौन शोषण मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण पर आरोप तय

गोंडा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज से बहुचर्चित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के मामले में दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिये हैं। राउज एवेन्यू जिला न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने पांच महिला पहलवानों के आरोपों को सही पाते हुए डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और सह-आरोपी सहायक सचिव विनोद तोमर पर आरोप गठित करने का आदेश दिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट से जमानत पहले ही मिल चुकी है। मामले की विवेचना के बाद दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धाराओं 354, 354-ए, 354-डी, 506(1) व 109 में चार्जशीट दाखिल की थी। बचाव पक्ष और अभियोजन की दलीलों के बाद कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग का आदेश दिया है।

उप राष्ट्रपति ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। वह नगर के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरे और यहां से सीधे अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए। सबसे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उपराष्ट्रपति अक्षय तृतीया के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे और कुबेर टीला का अवलोकन करेंगे। वह सरयू तट पर जाकर पूजन करेंगे व आरती उतारेंगे।

जैन मन्दिर मे मना अक्षय तृतीया और पाड़ना दिवस

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। गोमतीनगर जैन मन्दिर मे अक्षय तृतीया के मौके पर पाड़ना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के कठिन तप के बाद प्रथम आहार एवं राजा श्रेयांश के सुपात्र दान के महान पर्व पाड़ना दिवस पर प्रातः 7.00 से श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन हुआ एवं इसके बाद प्रातः 8:30 से इक्षु रस (गन्ने का रस) का प्रसाद मंदिर जी पर वितरित किया गया।

इस मौके पर पत्रकार पुरम चौराहे पर इक्षु रस (गन्ने का रस) का वितरण किया गया। जिसमें मंदिर के अध्यक्ष पीके जैन, मंत्री आलोक जैन, संदीप, सुकांत ,निकांत, राकेश, पीयूष, विशाल, रचित , अमित जैन आदि ने एवं गोमती नगर महिला मंडल की श्रीमती अनीता , दीपाली, जूली, आरूषी , रश्मि, दीपिका, वैशाली, पिंकी, मोना जैन ने सहयोग किया।

विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, गीत, कविता, रैम्प वॉक से बिखेरे जलवे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ में बीएड, बीएलएड के जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स के लिए दिनांक 10 मई को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। हरनन्द हॉल में सीनियर्स छात्र-छात्राओं का परम्परागत ढंग से माँथे पर टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती, डीपी बोरा

■ बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

जी के चित्र पर पुष्प अर्पण व सरस्वती वन्दना गीत द्वारा किया गया। तत्पश्चात बीएड, बीएलएड अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य, टैलेन्ट हन्ट प्रोग्राम, युगल नृत्य, गीत, कविता पाठ, एकांकी, रैम्प वॉक एवं विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर बीएड से मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल अरूणित शुक्ला व शेफाली, मिस्टर एण्ड मिस रनर अप श्यामा शक्ति व प्रिया सिंह, मिस ग्रेसफुल निहारिका त्रिपाठी, मिस गॉर्जियस तनु, बीएलएड से मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल शरद कुमार व दिव्यांशी मिश्रा, मिस्टर एण्ड मिस रनर अप प्रकेश पाण्डेय व अंकिता वर्मा, मिस्टर हैण्डसम आयुश चैरसिया एण्ड मिस ब्यूटीफुल पूनम यादव को चुना गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ गिरीश चन्द्र पाठक एवं अन्य प्राध्यापकों ने सत्र में आयेजित विभिन्न प्रतियोगितायों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पदक एवं उपहार प्रदान किया। प्राचार्य डॉ गिरीश चन्द्र पाठक ने आभार ज्ञापन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन बीएड द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निधि मिश्रा, आयुशी त्रिपाठी एवं आदर्श यादव व बीएलएड की छात्रा मुस्कान गुप्ता व इषित मिश्रा द्वारा किया गया।

भारतीय ब्राह्मण फाउण्डेशन ने मनायी परशुराम जयंती

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय ब्राह्मण एकता फाउण्डेशन के तत्वावधान में आज यहां केके गेस्ट हाउस, साठ फिटा रोड, जानकीपुरम विस्तार में अक्षय तृतीया के पर्व पर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव परशुराम की जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष जानकी शरण शुक्ल, महासचिव बीएन मिश्र, आर. के. दीक्षित, विकास पाण्डेय, विनोद कुमार मिश्र, आनन्द कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, उमेश मिश्रा, पंकज तिवारी, दैदिप्य त्रिपाठी, उमाकान्त द्विवेदी, रमेश तिवारी, लाल जी शुक्ला, वी0के मिश्र, एके पान्डे आदि कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इससे पहले जयंती समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके किये गये कार्यों पर चर्चा की गयी। मालूम हो कि भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए उनकी शक्तियां अक्षत मानी जाती है। परशुराम का जब जन्म हुआ था, तो उनका नाम राम था लेकिन आगे जाकर भगवान शिव से उन्हें कई अद्वितीय शस्त्र भी प्राप्त हुए।

बच्चों को मिली अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। खेल-खेल में शिक्षा के तहत लोक संस्कृति शोध संस्थान की श्रृंखला दादी-नानी की कहानी के 57वें आयोजन में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने राजू और स्वर्ग की कथा सुनाई। शुक्रवार को ब्रजधाम कालोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय भूहर द्वितीय में पाठ्य सहगामी आयोजन के तहत अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख दी गई। साथ ही दूसरों का भला करने, ईमानदारी और नैतिकता जैसे प्रेरणात्मक सन्देश भी बच्चों को दिये गये।

स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने कहानी की शुरुआत बड़े ही रोचक तरीके से की। कहानी सुनाती दादी से जब राजू को पता चला कि स्वर्ग में चाकलेट के पेड़ होते हैं और जूस की नदियां बहती हैं तो वह स्वर्ग जाने की जिद करने लगा। रात को सपने में उसे

■ लोक संस्कृति शोध संस्थान का आयोजन, स्टोरीमैन जीतेश ने सुनायी कहानी

स्वर्ग के देवता मिले और बताया कि स्वर्ग जाने के लिए पुण्य का पैसा चाहिए जो अच्छे काम करने पर ही मिलेगा। नाटकीय घटनाक्रम के बाद अन्त में राजू को स्वर्ग के रास्ते का मंत्र मिल जाता है और वह अच्छा बच्चा बन जाता है।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत उच्चारण अभ्यास के लिए टंग ट्विस्टर से की गई। बच्चों ने कहानी पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिये। साहित्यकार, गायिका एवं समाजसेविका श्रीमती अर्चना गुप्ता ने बच्चों से संवाद किया तथा सुबह जल्दी उठने और अपने काम खुद करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आशीष पंवार, सहायक अध्यापक ऊषा वर्मा के साथ ही सोशल लाइफलाइन फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता, डा. एस. के. गोपाल आदि उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में आठ साल के बच्चे सहित तीन की मौत, नौ गंभीर

गोंडा। गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के नगवां गांव के रहने वाले विष्णु मिश्र अपने बेटे का मुंडन कराने परिवार के साथ स्कार्पियो गाड़ी से शुक्रवार की सुबह अयोध्या गए थे। वहां से दोपहर बाद वापस लौट रहे थे। सभी दोपहर बाद गोंडा-अयोध्या मार्ग पर वजीरगंज थाना क्षेत्र के साहिबापुर गांव के पास पहुंचे थे तभी बेकाबू ट्रक की टक्कर स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। जिसमें आठ साल के मासूम बालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आठ लोगों को चिकित्सकों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जबकि एक का मेडिकल कॉलेज गोंडा में इलाज चल रहा है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के नगवां गांव निवासी शिवपूजन ने बताया कि उनके भतीजे वैदिक (3) पुत्र विष्णु मिश्रा का मुंडन कराने के लिए परिवार के संग स्कार्पियो गाड़ी से शुक्रवार की सुबह परिवार और रिश्तेदारों के संग अयोध्या गए थे।

शिक्षकों ने निकाला 'चरित्र निर्माण मार्च'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' आज सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर व पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. विक्रम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया जबकि विशिष्ट अतिथि श्री नीरज सिंह, चेयरमैन, एफआई.सी.सी.आई. लीडर्स फोरम, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस भव्य समारोह में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर सारे देश में लखनऊ का गौरव बढ़ाने वाले सी.एम.एस. छात्रों व उनके माता-पिता का सार्वजनिक सम्मान विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर आई.ए.एस. परीक्षा में अखिल भारतीय प्रथम रैंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्र आदित्य श्रीवास्तव के माता-पिता, आई.ए.एस. में चयनित

सी.एम.एस. छात्रा जान्हवी दुबे के माता-पिता एवं आई.ए.एस. में चयनित सी.एम.एस. छात्र कुणाल रस्तोगी, मृणाल कुमार, शिवांस अस्थाना, सम्यक चौधरी एवं अभ्युदय प्रताप को खासतौर पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इण्डियन स्टेटिस्टिकल सर्विस (आई.एस.एस.) में ऑल इण्डिया चतुर्थ रैंक अर्जित करने वाली सी.एम.एस. छात्रा अग्रिमा रस्तोगी एवं यूपीएससी नेशनल लेबर सर्विस में ऑल इण्डिया दसवीं रैंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस छात्र प्रखर सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डा. विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी का आशीर्वाद व उनकी उपस्थिति आज यहाँ पूरी शिद्दत से महसूस हो रही है। विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह, चेयरमैन, एफआई.सी.सी.आई. लीडर्स फोरम, ने कहा कि सी.एम.एस. की सर्वोत्तम शिक्षा पद्धति व सी.एम.एस. शिक्षकों के परिश्रम व लगन की बदौलत यहाँ के छात्र सी-लिंक से लेकर सिलकॉन वैली तक अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी

एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के कर्तव्यपरायण शिक्षकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत शिक्षात्मक-साँस्कतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत के महानायक एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित आर्ट गैलरी ने सभी को उच्च जीवन मूल्यों एवं शैक्षिक उत्कृष्टता हेतु प्रेरित किया। प्रातः सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3000 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं व कार्यकर्ताओं ने आज विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण व नैतिक उत्थान की पुरजोर अपील की। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल चरित्र निर्माण मार्च आज प्रातः 7.00 बजे गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम तक निकाला गया। मार्च का नेतृत्व सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने किया।

नीता जैन ने टीएमयू मेडिकल कॉलेज को दान की देह

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। जीवित थीं तो जीवनभर धर्म और मानवता सर्वोपरि रहा, अब जब नहीं रहीं तो भी सामज के लिए मुरादाबाद के सोनकपुर की वयोवद्ध महिला श्रीमती नीता जैन अनूठी मिसाल पेश कर गई हैं। उन्होंने तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर को अपनी देहदान की है। मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में एमबीबीएस और एमडी के स्टुडेंट्स उनके अंगों पर शोध और परीक्षण कार्य करेंगे। धार्मिक विचारों वाली श्रीमती नीता जैन ने अपने संकल्प पत्र में इच्छा जताई थी, मेरी मृत्यु के बाद मानवता की भलाई और मेडिकल साइंस के विकास के लिए मेरी देह टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर को समर्पित कर दी जाए। उल्लेखनीय है, 71 वर्षीया श्रीमती नीता जैन का 08 मई को देहावसान हो गया था। टीएमयू मेडिकल

कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके जैन बताते हैं, नई शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं में कई बाधाएं आ सकती हैं, जिन्हें शव विच्छेदन के जरिए अपडेट होकर समाप्त किया जा सकता है। शव न केवल मेडिकल स्टुडेंट्स और डॉक्टर्स को मानव शरीर के फंक्शन्स, बल्कि आंतरिक कमियों के कारणों को समझने में मदद करते हैं। श्रीमती नीता जैन के देहांत के बाद विल के अनुसार अब उनका पार्थिव शरीर परिवार वालों ने टीएमयू मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया है। श्रीमती नीता जैन के पुत्र श्री अंशुल जैन बताते हैं, उनके कारोबारी पिता श्री राकेश जैन का डेढ़ साल पहले निधन हो चुका है। टीएमयू मेडिकल कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. जैन बताते हैं, जाने-माने यूनानी चिकित्सक गैलेन के मुताबिक एक साधारण शव परीक्षण घातक बीमारियों या विकारों की उत्पत्ति को निर्धारित करने में मदद कर सकता है।

विनय मणि त्रिपाठी ने पर्चा देकर किया शुभारंभ

मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को विनय मणि त्रिपाठी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने मतदाता जागरूकता अभियान का पर्चा वितरण करके अभियान का शुभारंभ किया। नगर पालिका चौराहा तहसील चौराहा बलदेव चौराहा राजगंज चौराहा कोतवाली चौराहा पक्की सराय बजाज लाइन में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने ढोल नगाड़े के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्चा वितरण किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान महिला नगर अध्यक्ष रिचा कुशवाहा महिला जिला महामंत्री पूर्वी सक्सेना युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा 13 मई को मतदान होने जा रहा है जनपद में सभी लोग अपना-अपना मतदान अवश्य करें और लोगों को मतदान करने में अपना सहयोग करें।

जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने अपील करते हुए कहा पहले मतदान बाद में जलपान महिला पुरुष हो या दिव्यांग सत प्रतिशत करें मतदान जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने कहां लोकतंत्र का मजबूत आधार मतदान मतदान अवश्य पहले करें मतदान फिर जलपान। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने संबोधित करते हुए कहा व्यापार मंडल द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जनपद में चलाया गया और लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन एडवोकेट जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा डॉक्टर संतोष राठौर सतीक मंसूरी लल्लू वारसी रंजीत कुशवाहा इकरार अहमद पूर्वी सक्सेना रिचा कुशवाहा अभिषेक जैन ललित कुमार धर्मेंद्र चौधरी आजाद राईन मोहम्मद उवेश सत्यशील सोनी अवधेश राठौर, योगेंद्र जैन अमरजीत सिंह मुकुंद मित्तल हेमलता दोहरे सहित अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे।

एक अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 86/2018 धारा 498ए,304बी भादवि व = दहेज अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा एसएसटी नम्बर 161/2018 मु0अ0स0-86/2018 धारा 498ए/304बी आईपीसी व= दहेज अधिनियम में वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र वीरी सिंह उम्र करीव 45 वर्ष निवासी माली पट्टी बसई मौहम्मदपुर थाना बसई मौहम्दपुर जिला फिरोजाबाद को मुखबिर खाश की सूचना पर आजादनगर रेलवे लाइन के किनारे थाना क्षेत्र लाइनपार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा वारंटी अभियुक्तगण को माननीय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अघोषित कटौती: भाकियू चढूनी पदाधिकारियों ने अधिकारियों को फोन कर बताई समस्या

अवधनामा संवाददाता

■ सात दिन में आपूर्ति ठीक नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

मथुरा। जनपद में पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी व लू के थपेड़ों के बीच अघोषित बिजली कटौती से लोगों का जीना हाल बेहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में छह से आठ घंटे बिजली मिल रही है। दिन व रात की कटौती से लोगों का सुकून छिन रहा तो रात में लोगों की नींद उड़ रही है। बिजली गुल होने के बाद किसी को उम्मीद ही नहीं रहती है अब बिजली दोबारा कब आयेगी। अघोषित बिजली कटौती से जनपद का निर्धारित शेड्यूल भी ध्वस्त हो गया है।

भाकियू चढूनी के मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल रामवीर सिंह तोमर ने कमिश्नर आगरा, एमडी, जिला अधिकारी, चीफ इंजीनियर को समस्या से अवगत कराते हुए कहा है जनपद मथुरा में बिजली समस्या लोगों के लिए आफ त बन गई है। श्री तोमर ने बताया इससे लोगों में भारी आक्रोश है, जो कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

श्री तोमर ने अधिकारियों को फोन पर बताया पिछले एक महीने से मेंटेनेंस के नाम पर दिन भर बिजली कटौती की गई थी। तब लोगों को लगा था गर्मियां अच्छी कट जाएंगी। लेकिन जरा सी हवा से लाइनों में फाल्ट हो रहे हैं, लोगों को कई कई घंटे अघोषित कटौती झेलनी पड़ रही है। बूढ़े, बच्चे महिला, बीमार लोगों की भीषण गर्मी में क्या हालत हो रही है ये झेलने वाले ही समझ सकते हैं।

भाकियू चढूनी के डा सतीश चन्द्र, संजय पराशर, प्रेम सिंह सिकरवार, हरिपाल सिंह परिहार ,कुंतभोज रावत, जगदीश निषाद, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी, जयपाल सिंह चौधरी, सोनवीर सिंह तोमर, हरिओम सिंह परिहार, चरण सिंह, भुल्ली सिंह, ओमवीर मास्टर, कन्हैया काका , पंचम सिंह, अशोक चौधरी, श्यामवीर सिंह सिकरवार, आदि ने कहा है कि सात दिन में बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई, विभागीय अधिकारियों का रवैया नही बदला तो बड़ा आंदोलन होगा ।

फूड पोइजिंगिग की घटना से हरकत में आया विभाग

अवधनामा संवाददाता

■ इस्कॉन रेस्तरां में सरसों के तेल का लिया सैंपल

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को वृंदावन के इस्कॉन रेस्तरां में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को जांचा। संदेह होने पर सरसों के तेल के नमूने लेने के साथ ही तेल से भरे सात टिन जब्त किए। राजस्थान के 14 लोगों को बुधवार को फूड प्वॉइजनिंग की शिकायत होने के बाद डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सहायक आयुक्त डॉ. गौरी शंकर के निर्देशन में बृहस्पतिवार को वृंदावन में रेस्तरां एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इस्कॉन रेस्तरां में तेल के सैंपल लेने के साथ ही सात टिन जब्त किए गए और विभाग द्वारा रेस्तरां संचालक को नोटिस भी भेजा जा रहा है। टीम ने वृंदावन के ही वृंदा थाली रेस्तरां से अरहर दाल, तांगा स्टैंड के पास सुगंध रेस्तरां से अरहर दाल एवं छोले की सब्जी एवं ग्रेट वैल्यू मार्ट से धनिया पाउडर के नमूने लिए गए। टीम द्वारा वृंदावन स्थित श्रीजी रसोई अन्नपूर्णा तथा गौरी गोपाल सेवा आश्रम में बनने वाले प्रसाद एवं भोजन की भी जांच कर सभी रसोइयों को भोजन एवं प्रसाद बनाते समय स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। सरस्वती कुंड स्थित जय दुर्गे कोल्ड ड्रिंक सुपर स्टॉकिस्ट से चार्जड एनर्जी ड्रिंक कोका-कोला का नमूना जांच के लिए लिया गया। कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी, गजराज सिंह, एसएस निरंजन, अरुण कुमार, दलबीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, देवराज सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

अक्षय तृतीया पर श्रीदाऊजी महाराज ने दिए चरण दर्शन, उमड़ी भीड़

मथुरा। अक्षय तृतीया पर्व पर श्रीदाऊजी महाराज मंदिर में विशेष चरण दर्शन के लिए आस्था व श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के पुजारी रामनिवास शर्मा ने बताया कि वर्ष में एक बार विशेष चरण दर्शन होते हैं, जिसके लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मथुरा के बलदेव में अक्षय तृतीया पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाले विशेष चरण दर्शनों को श्रीदाऊजी महाराज मंदिर में आस्था व श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। विशेष चरण दर्शन के लिए सुबह से भारी भीड़ रही।

मंदिर पुजारी रामनिवास शर्मा ने बताया वर्ष में एक बार चरण दर्शन का आयोजन होता है, जो अक्षय तृतीया पर्व पर होता है। श्रीदाऊजी महाराज के विशेष चरण दर्शनों व विशेष श्रृंगार का आयोजन हुआ। दाऊजी महाराज को गर्मी से शीतलता प्रदान करने के लिए सत्तू का भोग लगाया गया।

नुक्कड़ सभा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रमाशंकर ने किये जनता से

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। 41- इटावा लोकसभा क्षेत्र चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया के लिए जनसमर्थन जुटाने के लिए शहर के गांधी नगर वार्ड में जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा विनीता गुप्ता के संयोजन में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि चुनाव में मिल रहें जनता के प्यार व समर्थन से एक बात तो स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी के ÷अबकी बार 400 पार÷ का नारा शत प्रतिशत चरितार्थ होने वाला है। मैं आप सभी के चरणों मे आशीर्वाद मांगने आया हूँ। आप सब लोग मुझे आशीर्वाद देने का काम करें, मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि आपके साथ हर सुख दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूँगा। आपके क्षेत्र की जो भी समस्याएं है उनको प्राथमिकता के आधार पूरा करूंगा। आप सभी वार्डवासियों से अनुरोध है 13 मई को आप सभी कमल निशान वाली बटन दबाकर मुझे वोट देकर नरेंद्र मोदी के कंधों को मजबूती देते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान अवश्य दें। संचालन युवा मोर्चा महामंत्री मोनू चौहान ने किया। नुक्कड़ सभा मे प्रमुख रूप से पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा, आलोक गुप्ता कल्लू, जिला मंत्री रजत चौधरी, जितेंद्र गौड़, सभासद अतुल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य निधि पाल, प्रिंस गुप्ता, मुकेश यादव, बासु चौधरी, विनीत अवस्थी, समीर सक्सेना, साहिल त्रिवेदी, बबलू चौधरी, कृष्णा तिवारी, सार्थक सक्सेना, शिवा गुप्ता, अंकित सैनी सहित बड़ी संख्या में मुहल्ला निवासी उपस्थित रहें।

संक्षिप्त समाचार

सी ओ चकरनगर व थाना भरेह पुलिस ने पुलिस बल के साथ किया एरिया डोमिनेशन

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन मे आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल मे सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी चकरनगर एवं थाना भरेह पुलिस द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त/ एरिया डोमिनेशन किया गया एवं आम जनता से वार्ता कर चुनाव संबंधी दिशा निर्देशो से अवगत कराया गया।

क्षत्राणी समूह ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। क्षत्राणी समूह द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। सभी क्षत्रानियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की। जिस तरह से महाराणा प्रताप ने आजीवन अपने मान सम्मान से समझौता नहीं किया। आजीवन अपनी माटी के कर्ज को चुकाया सभी क्षत्रानियों ने भी शपथ ली कि सदैव राष्ट्र हित में अपने व्यकितगत हितों का त्याग करने को तत्पर रहेगें। कार्यक्रम में विभा सिंह, मनीषा बैश, मंजू भदौरिया, वीनस सिंह, सीमा चौहान, सपना सिंह, सारिका सिंह, छाया सिंह, संध्या सिंह, अर्चना सिंह, प्रतिभा सिंह, श्रृष्टि सिंह, अनुपम भदौरिया, प्रियंका, नीरजा सिंह, मंजरी परमार, नीलम सिंह, आशा तोमर आदि क्षत्रानियों ने अपने संगठन में अधिक से अधिक क्षत्रानियों को जोड़ने का संकल्प लिया। अंत में सीमा चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

3 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लें- अभिनव रंजन श्रीवास्तव

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 41 इटावा लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित 200 इटावा विधानसभा क्षेत्र एवं 201 भरथना विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की जाती है कि दिनांक 13.5.2024 को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लें यदि आपके पास मतदाता पर्ची नहीं पहुँची है तो निर्वाचन कन्ट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बर 1950 एवं 05688-250026, 297655 पर सम्पर्क स्थापित कर मतदान की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त समस्त मतदेय स्थलों पर मतदान के दिन सम्बन्धित बूथ का बी0एल0ओ0बूथ पर स्थापित हेल्प डेस्क पर उपस्थित रहेगें जिनके पास उस बूथ की मतदाता सूची भी उपलब्ध होगी जिसमें आप अपने नाम व मतदाता क्रमांक के बारे में जानकारी ले सकते है।

हमारी पार्टी इटावा लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी को समर्थन देती है: सत्यराम

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। ज्ञान स्थली कर्वा खेड़ा में सर्वजन सुखाय पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें पार्टी की वर्तमान परिस्थितियों में राजनैतिक भूमिका पर चर्चा हुई। पार्टी के महासचिव सत्यराम सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इटावा लोकसभा में समाजवादी पार्टी के षड्यंत्र के तहत हमारे घोषित प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा जिससे कि हमारी पार्टी का कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ पाया। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब बसपा ने मैनपुरी लोकसभा से हमारा सहयोग किया है तो हमारी पार्टी इटावा लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी को समर्थन देती है तथा अपने सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील करती है कि बहुजन समाज पार्टी को अपना मत देने का कष्ट करें। उन्होंने आगे कहा कि हम यह भी स्पष्ट करना चाहेंगे कि मैनपुरी लोकसभा के लिए हमारी पार्टी का सम्मानजनक समझौता हुआ जिसके तहत सर्वजन सुखाय पार्टी बसपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ी।

कृषि विभाग की ओर से दिया गया शत प्रतिशत मतदान का सन्देश

हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट से कृषि विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता बाईक रैली निकाली गयी। रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाईक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ हुई तथा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बिलग्राम चुंगी पर समाप्त हुई। रैली में सभी 19 विकास खण्डों के कृषि विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान हमारा लोकतान्त्रिक अधिकार व दायित्व है। सभी मतदाता 13 मई को मतदान के लिए बूथ पर अवश्य जाएं। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि मतदान दिवस को लोकतंत्र के पर्व के रूप में मनाएं। उपनिदेशक कृषि ने कहा कि बूथ पर जाने में कोई आलस्य न करें तथा लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज महासभा ने परशुराम जयंती पर शहर में निकाली विशाल शोभायात्रा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती पर शुक्रवार को शहर में तीसरी विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पिलुआ हनुमान मंदिर के महंत श्री हर भजन दास महाराज भगवान परशुराम के रूप में भव्य रथ पर विराजमान रहे। शोभायात्रा का शहर में अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा से पूर्व रामलीला मैदान पर हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। उसके बाद पक्काबाग, तकिया आजादगान, कटरा सेवाकली, रामगंज चौराहा, साबित गंज चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, तिकोनिया, कचहरी रोड, बलराम सिंह चौराहा होते हुए यात्रा नुमाइश मैदान पहुंची जहां सभी को प्रसाद वितरण हुआ। ब्राह्मण समाज महासभा के अध्यक्ष अरुण दुबे के अथक प्रयासों से इस बार भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें विशेष रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी.हरि किशोर तिवारी, भाजपा नेता अशोक चौबे, शरद वाजपेई, शिवेंद्र मिश्रा, अंशुल अशोक दुबे, मेजर पांडे, जयेंद्र मिश्रा, पंकज तिवारी बबलू, राजेश वाजपेई, अनंत विभूषित दीक्षित, प्रशांत दीक्षित जितेंद्र तिवारी, दीपक तिवारी, महिला अध्यक्ष पूनम तिवारी, प्रीती दुबे आदि सैकड़ों की तादाद में दोपहिया वाहन कारें शामिल रही।

बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक को धमकाया

मथुरा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक को डराने धमकाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद बीएसए ने जिले में तैनात सहायक अध्यापक को नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण न देने पर सहायक अध्यापक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक बृजराज सिंह ने बीएसए से मामले की शिकायत की है। उनके मुताबिक 8 मई शाम लगभग 4 बजे वह अपने पटल कक्ष में बैठकर अवमानना याचिका के संबंध में में निस्तारण आख्या तैयार कर रहे थे, तभी मांट विकासखंड में तैनात शिक्षक पुष्पेंद्र चौधरी उनके कक्ष में आए। उनसे शिक्षा मित्र उषा के अवरूद्ध मानदेय और सहायक अध्यापक राम प्रकाश के अवरूद्ध वेतन बहाली संबंधी आदेश तैयार करने का दबाव बनाया। पूछने लगे कि उनका फोन क्यों नहीं उठाया।

बरसाना में बनेगा भगवान परशुराम का मंदिर

अवधनामा संवाददाता

बरसाना (मथुरा)। श्रीजी के निजधाम बरसाना में राधाबाग मार्ग स्थित भगवान परशुराम जी का दिव्य मंदिर बनाने की पहल आज से विधि विधान के साथ प्रारंभ हुई। कस्बे के राधाबाग मार्ग स्थित सारादेवी अतिथि भवन के प्रांगण में आज अक्षय तृतीया की ब्रह्म बेला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने नन्दभवन के सेवायत रघुनाथ प्रसाद गोस्वामी की अध्यक्षता में विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर भागवत मर्मज्ञ आचार्य व विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरीमोहन गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसाना के ब्राह्मण समाज की हार्दिक इच्छा रही कि श्रीजी की नगरी में भी भगवान परशुराम जी का भी मंदिर बने। जिससे समाज अपने इष्ट के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चन कर सकें। आज श्रीजी की कृपा से मंदिर निर्माण की सेवा लाला रामकुमार बैजनाथ चैरिटेबिल ट्रस्ट (देहली) के द्वारा कराया जाएगा। इस मौके पर बरसाना के विप्र बंधुओं ने ह्रदय से एक ही स्वर में ट्रस्ट के पदाधिकारियों की सराहना की। इस मौके पर गोस्वामी समाज के मुखिया राम भरोसी गोस्वामी, गिरधारी पंडा, रूपचंद श्रोत्रिय, बाबूलाल गोस्वामी, संजय गोस्वामी एड़., रसिक मोहन गोस्वामी, किशोरी लाल, मंदिर रिसीवर प्रवीण गोस्वामी, पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, भाजपा नेता प्रेम श्रोत्रिया, उमाशंकर काका, चंद्रभान गोस्वामी, गोविंद मुनीम, डॉ हरशरण, घनश्याम शर्मा, पिंटू मामा, रजत गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

दिल्ली के वकील को रिसीवर बनाने के मुद्दे ने पकड़ा तूल

अवधनामा संवाददाता

■ सीजेएम मथुरा बताएं किस नियम के तहत किया नियुक्त, मांगा स्पष्टीकरण

मथुरा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए सीजेएम मथुरा से पूछा है कि बताएं किस नियम के तहत निजी वकील के साथ ही दिल्ली के एक वकील को कोर्ट रिसीवर नियुक्त किया है। साथ ही यह भी बताएं कि किस नियम के तहत 60 हजार रुपये का भुगतान रिसीवर को किया गया। कोर्ट ने सीजेएम से एक सप्ताह के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की कोर्ट ने दिया। याची की ओर अधिवक्ता आशुतोष शर्मा व नितेश कुमार जौहरी ने पक्ष रखा है। इस मामले में मेसर्स आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एक याचिका दायर की है। याची के अधिवक्ता ने बताया कि बैंक ने सीजेएम के यहां प्रार्थना पत्र दिया था कि सरफेसी अधिनियम के तहत कर्जदार के मकान का कब्जा लेने के लिए उचित पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान सीजेएम ने कोर्ट रिसीवर नियुक्त करते हुए पुलिस बल के साथ कब्जा दिलाने का आदेश दिया। पुलिस बल की अनुपलब्धता व कोर्ट रिसीवर की हीलाहवाली के चलते मकान पर कब्जा नहीं मिला पाया। इस पर याची ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीजेएम के आदेश का पालन किए जाने की गुहार लगाई।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक, थाना हाईवे मथुरा ने प्राप्त निर्देशों को शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी ने कोर्ट में रिकॉर्ड पर रखा। इसके अनुसार पर्याप्त पुलिस बल की कमी और कोर्ट रिसीवर की चूक की वजह से सरफेसी अधिनियम- 2002 की धारा 14 के तहत पारित आदेशों के पालन में देरी हो रही है। वहीं, कोर्ट ने पाया कि सीजेएम मथुरा ने निजी अधिवक्ताओं को कोर्ट रिसीवर के रूप में नियुक्त किया है।

नारायन कॉलेज में मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में शुक्रवार को भगवान परशुराम के जन्म दिवस पर छात्र-छात्राओं ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा व समस्त शिक्षकों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धमेन्द्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीय है, कलयुग में आज भी ऐसे 8 चिरंजीव देवता और महापुरूष हैं, जो जीवित हैं। इन्हीं 8 चिरंजीवियों में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम भी हैं। आज के दिन भगवान शिव के परमभक्त परशुराम जी की उपासना करने से शत्रु, भय, संकट आदि से मुक्ति मिलती है। भगवान परशुराम का सम्पूर्ण जीवन सभी व्यक्तियों के लिये आदर्श है। उन्होने छात्र-छात्राओं को भगवान परशुराम के आदर्श व्यक्तित्व के बारे में बताया तथा कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। इनके अन्दर असीम पित्रभक्ति की भावना थी। उन्होने छात्र-छात्राओं को समझाया कि भगवान परशुराम की पित्रभक्ति से हम सबको सीख लेनी चाहिये। हमे अपने पिता का सम्मान करना चाहिये। विशेष प्रार्थना सभा में श्री शर्मा ने भगवान परशुराम तथा लक्ष्मण संम्वाद को तुलसी दास जी की चौपाई के माध्यम से बच्चों को सुनाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र आशीष यादव कक्षा 9 ने भगवान परशुराम तथा अथर्व कक्षा 8 ने भगवान शिव की वेश-भूषा धारण करके सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्रायें व अध्यापकगण उपस्थित रहे।

108 कलश यात्रा के साथ हुआ केएम में मद्भागवत कथा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

■ ब्रज की रज से मुक्ति की भी हो गई थी मुक्ति: श्रीकृष्ण चन्द्र ठाकुरजी महाराज

■ सत्य, प्रकाश और आनंद में होते है ठाकुरजी: श्रीकृष्ण चन्द्र ठाकुरजी महाराज

■ कलश यात्रा के दौरान भक्ति में भावविभोर होकर नाची छात्राएं और महिलाएं

■ भक्ति,ज्ञान,वैराग्य, के बंधनों से छुटकारा मिलता है : श्रीकृष्ण चन्द्र ठाकुरजी

मथुरा। भागवत महापुराण के श्रवण से मनुष्य को जीवन में भक्ति,ज्ञान ,वैराग्य के बंधनों से छुटकारा मिलता है। श्रीमद् भागवत कथा साक्षात भगवान की वाणी है। इस ब्रज के कण कण में मेरे गोविन्द का वास है, उन्होंने कहा एक बार मुक्ति ने भगवान से कहा कि हम सबकी मुक्ति करते है हमारी मुक्ति कौन करेगा, तो ठाकुरजी ने कहा मुक्ति आप ब्रज की रज को सिर पर लगा ले ते आपकी मुक्ति हो जाएगी। यह बात आज श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री महाराज ने केएम विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन के दौरान कही। गौरतलब हो कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी अपने पिता मोहन सिंह के चौथे नम्बर के पुत्र है, उनके पिता के आत्म कल्याण हेतु यह भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में मोहन सिंह चौधरी के आत्म कल्याण हेतु उनके पांचों पुत्रों का परिवार मौजूद रहा। गिरिराज जी महाराज की अनुकृपा से सौंख रोड पाली डूंगरा स्थित केएम विवि के खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। प्रात दस बजे कलश यात्रा की शुरूआत विवि के मंदिर प्रांगण से हुई। बैंड बाजा के साथ पीत वस्त्र में 108 महिलाएं, एमबीबीएस की छात्राएं, महिला डाक्टर्स कलशों को सिर पर धारण करके विवि के परिसर में भ्रमण करते हुए श्रीमद भागवत पुराण स्थल पहुंची जहां बैंड बाजों की धुन पर जमकर युवतियां, महिलाएं नाची तथा कलशों को भागवत स्थल पर स्थापित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा की अगुवानी विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी एवं उनकी पत्नी श्रीमती संजू चौधरी ने की तथा भागवत को सिर पर केएम के प्रशासनिक अधिकारी देवी सिंह चौधरी (डीएम)धारण किया। दोपहर दो बजे व्यासपीठ एवं श्रीमद् भागवत पुराण की पूजा अर्चना एवं आरती कुलाधिपति के परिवार ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे परमपूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी श्रीस्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कार्यक्रम के प्रथमसत्र का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया। उनके साथ इस दौरान रामकथा प्रवक्ता अतुल कृष्ण भारद्वाज, बलदेव के पार्षद आरके पांडेय मौजूद रहे।

क्या इंडियन स्किन टोन के लिए सनस्क्रीन आवश्यक है? जानें इसकी जरूरत है या नहीं

स्किन के डॉक्टरों और सौंदर्य विशेषज्ञों को अक्सर भारतीय त्वचा के लिए सनस्क्रीन की आवश्यकता पर सवाल का सामना करना पड़ता है क्योंकि मेलेनिन यूवी विकिरण के खिलाफ कुछ सहज सुरक्षा प्रदान करता है, एक प्रचलित गलत धारणा है कि डार्क रंग की त्वचा वाले लोगों के लिए सनस्क्रीन आवश्यक नहीं हो सकता है। हालांकि, त्वचा देखभाल विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि वास्तविकता कहीं अधिक छोटी है।

एचटी लाइफस्टाइल के एक्सपर्ट ने बताया है यह समझना महत्वपूर्ण है कि मेलेनिन सूरज की हानिकारक किरणों के खिलाफ कुछ प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन यह त्वचा को नुकसान से पूरी तरह से बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यूवी विकिरण अभी भी त्वचा में प्रवेश कर सकता है, जिससे विभिन्न प्रतिकूल प्रभाव जैसे सनबर्न, समय से पहले बूढ़ा होना और त्वचा कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, सभी भारतीय स्किन टोन मेलेनिन से समान रूप से सुसज्जित नहीं हैं। हल्के रंग की त्वचा वाले व्यक्तियों में मेलेनिन कम हो सकता है और इसलिए वे सूरज की क्षति के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त, भौगोलिक स्थिति, ऊंचाई और बाहर बिताया गया समय जैसे कारक यूवी जोखिम की तीव्रता को प्रभावित करते हैं, जो सूर्य की सुरक्षा की आवश्यकता पर और अधिक जोर देते हैं।

इसके अलावा, यह गलत धारणा कि सनस्क्रीन भारतीय त्वचा के लिए अनावश्यक है, धूप से सुरक्षा के प्रति लापरवाही और उपेक्षा का कारण बन सकती है। लंबे समय में इसके हानिकारक परिणाम हो सकते हैं, क्योंकि अधिक धूप में रहने से त्वचा कैंसर और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ सकता है। विभिन्न त्वचा रोगों की रोकथाम में सनस्क्रीन एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। यह यूवी विकिरण के खिलाफ एक सुरक्षात्मक बाधा बनाता है, जिससे सनबर्न, फोटोएजिंग और त्वचा कैंसर का खतरा कम हो जाता है। त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने और धूप से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए धूप से बचाव के अन्य उपायों, जैसे सुरक्षात्मक कपड़े पहनना और तेज़ धूप के दौरान छाया की तलाश करना, के साथ-साथ सनस्क्रीन का नियमित उपयोग आवश्यक है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, ऐसा सनस्क्रीन चुनना जरूरी है जो यूवीए और यूवीबी दोनों किरणों के खिलाफ व्यापक स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करता है और जिसमें कम से कम 30 का सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) हो। पसीना आने पर हर दो घंटे में या अधिक बार सनस्क्रीन लगाएं।÷ भारतीय त्वचा के लिए सनस्क्रीन वास्तव में आवश्यक है, चाहे मेलेनिन का स्तर या त्वचा का रंग कुछ भी हो। अपनी दैनिक त्वचा देखभाल दिनचर्या में सनस्क्रीन को शामिल करना आपकी त्वचा को यूवी विकिरण के हानिकारक प्रभावों से बचाने और आने वाले वर्षों के लिए श्रेष्ठ त्वचा स्वास्थ्य बनाए रखने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है।

भारतीय सनस्क्रीन ब्रांड जॉन ने भी कहा है किसी भी अन्य प्रकार की त्वचा की तरह ही सनस्क्रीन भारतीय त्वचा के लिए भी बेहद जरूरी है। यूवी विकिरण का अपनी प्राकृतिक सुंदरता को प्रचंड गर्मी और उमस से बचाना महत्वपूर्ण है, जो आपकी त्वचा पर कहर बरपा सकती है, जिससे जलन और भयानक सनबर्न हो सकता है। चाहे मौसम कोई भी हो, आपकी त्वचा को पूरे वर्ष लगातार देखभाल की आवश्यकता होती है। गर्मियों के दौरान, सनस्क्रीन आपकी त्वचा को हानिकारक और किरणों से बचाने, सनबर्न, काले धब्बे और रंजकता को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन चुनौतियों से निपटने और त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आपकी त्वचा की जरूरतों के अनुरूप एक सतत त्वचा देखभाल दिनचर्या आवश्यक है। भूमध्य रेखा के निकट होने के कारण भारत की जनसंख्या पूरे वर्ष यूवी विकिरण के उच्च स्तर के संपर्क में रहती है। यूवी विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से त्वचा को नुकसान, जल्दी बुढ़ापा और त्वचा कैंसर का अधिक खतरा हो सकता है। इन हानिकारक किरणों के खिलाफ एक ढाल बनाकर, सनस्क्रीन सनबर्न और दीर्घकालिक क्षति से बचने में मदद करता है।

- अत्यधिक मेलेनिन उत्पादन के कारण हाइपरपिग्मेंटेशन या विशेष त्वचा क्षेत्रों का काला पड़ना भारतीय त्वचा प्रकारों में बहुत आम है। मेलास्मा और असमान त्वचा टोन सूरज के संपर्क में आने के कारण होते हैं। यदि आप हर दिन सनस्क्रीन लगाते हैं, तो इससे हाइपरपिग्मेंटेशन को गहरा होने से रोकने में मदद मिलेगी और नई पिग्मेंटेशन समस्याओं के विकसित होने की संभावना कम हो जाएगी।

-सूरज के अत्यधिक संपर्क में आने से फोटोएजिंग तेज हो जाती है, जिससे महीन रेखाएं, झुर्रियां और ढीली त्वचा समय से पहले उभरने लगती है। त्वचा की कोमलता की रक्षा करके और झुर्रियों के उभरने में देरी करके, सनस्क्रीन का नियमित उपयोग यूवी विकिरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में मदद करता है और अंततः अधिक युवा उपस्थिति को बढ़ावा देता है।

डे डेट पर जाने के लिए टीवी एक्ट्रेस से लें आउटफिट्स की इंस्पिरेशन, दिखेंगी बेहद स्टाइलिश

स्मार्ट और स्टाइलिश लुक हर लड़की को पसंद होता है। हालांकि मौसम के हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। वहीं हर लड़की अपने लुक्स के साथ-साथ अपने आउटफिट का भी खास ख्याल रखती है। लड़कियां अपने लिए एक से बढ़कर एक फैशनेबल कपड़ों का चुनाव करती हैं। जिसमें वह स्टाइलिश और कूल नजर आ सकें।

ऐसे में अगर भी डे डेट पर जाने से पहले अपने आउटफिट को लेकर कंफ्यूज हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको टीवी एक्ट्रेसेस के आउटफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन एक्ट्रेस के लुक्स से इंस्पिरेशन लेकर अपने फैशन सेंस में चार चांद लगा सकते हैं।

करिश्मा तन्ना

टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपने फैशन सेंस को लेकर चर्चा में रहती हैं। साथ ही एक्ट्रेस अपने फैंस और सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने व्हाइट टॉप और ऑफ व्हाइट पैंट पहनी है। साथ ही उन्होंने हाई हील्स भी कैरी की है और ब्लैक चश्मा पहना है। ऐसे में आप भी करिश्मा तन्ना के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं।

टीना दत्ता

एक्ट्रेस टिना दत्ता अपने स्टाइलिश अंदाज से अक्सर फैंस का दिल जीतती रहती हैं। एक्ट्रेस बिग बॉस 16 में नजर आई थीं। टीना दत्ता सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस भी एक्ट्रेस की हर पोस्ट पर जमकर प्यार लुटाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस टीना ने ब्लू डेनिम में लेटेस्ट फोटोज शेयर किया है। इस आउटफिट में वह काफी स्टनिंग और स्टाइलिश लग रही हैं। ऐसे में आप भी डे डेट के लिए एक्ट्रेस के लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

दिव्यांका त्रिपाठी

अगर आप भी कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी के लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक से बढ़कर एक तस्वीर शेयर की हैं। दिव्यांका त्रिपाठी ने काफ्तान ड्रेस में तस्वीर शेयर की है। जिसमें एक्ट्रेस काफी ज्यादा ग्लैमरस दिखाई दे रही हैं। वहीं फैंस भी वीडियो पर जमकर प्यार लुटाते हैं। ऐसे में आप भी एक्ट्रेस के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं।

निया शर्मा

एक्ट्रेस निया शर्मा सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। वह टीवी की सबसे ज्यादा बोल्ड एक्ट्रेस मानी जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ब्लैक आउटफिट में तस्वीर शेयर की है। निया शर्मा की तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज देखा जा सकता है।

बार-बार नेल एसटेंशन करवाना पड़ सकता है भारी, होते हैं ये 6 नुकसान



आजकल महिलाएं सुंदर और आकर्षक नाखूनों के लिए नेल एक्सटेंशन करवाती हैं। हम सभी ने कभी ना कभी नेल एक्सटेंशन जरुर करवाया ही है। वैसे तो यह फेक नेल्स काफी खूबसूरत लगते हैं। नेल एक्सटेंशन पिछले कुछ सालों में काफी ट्रेन्ड में हैं। नेल्स को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाना पसंद करती हैं। लेकिन हम सभी यह कभी नहीं सोचते है कि जब आप अपने रियल नेल्स पर बार-बार फेक नेल्स लगवाती हैं तो इससे उन्हें क्या नुकसान होता है। गौरतलब है कि नेल्स एक्सटेंशन करवाने से कुछ समय के लिए नाखून या हाथों को खूबसूरत दिखाते हैं। लेकिन सच यह है कि इससे आपके नेल्स को काफी डैमेज होते हैं।

डैमेज होते हैं नेल्स

यदि आप बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाती हैं तो इससे आपके नेल्स डैमेज हो सकते हैं। दरअसल, नेल एक्सटेंशन लगाने और उसे रिमूव करने के दौरान नेचुरल नेल्स थिन हो जाते हैं। जिससे उन पर नेगेटिव असर पड़ता है। वहीं बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाने से नेल्स की ग्रोथ पर नेगेटिव असर पड़ता है। इस वजह से आपके नेल्स जल्दी टूटने लगते हैं।

केमिकल के कॉन्टैक्ट में आना

नेल एक्सटेंशन लगाने और उसे हटाने के लिए अक्सर केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाते है तो आपके नेल्स इन केमिकल्स के कॉन्टैक्ट में आते हैं। इस वजह से आपके नेल्स और स्किन दोनों को ही नुकसान पहुंच सकता है।

डिस्कलरेशन की प्रोब्लम

कई बार लोग पैसे बचाने के लिए कहीं से भी नेल एक्सटेंशन करवा लेते हैं। अगर आपके नेल्स पर अच्छे क्वालिटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। जिस वजह से आगे आपको नेल्स में डिस्कलरेश की समस्या हो सकती है। ऐसे में आपके नेचुरल नेल्स पर काफी बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

दर्द का सामना

अगर आप ज्यादा लंबे नेल एक्सटेंशन करवाते है तो इसे आपको बार-बार दर्द का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, नेल एक्सटेंशन करवाने की स्थिति में आपके फेक नेल्स पर अतिरिक्त जोर पड़ता है। जिससे आपको एकदम से बहुत अधिक दर्द हो सकता हैं। इस परेशानी को आपको बार-बार झेलना पड़ सकता है।

एलर्जिक रिएक्शन

वैसे तो यह समस्या हर किसी को नहीं होती है, लेकिन फिर भी कुछ लोग इसे एक्सपीरियंस करते हैं। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो यह काफी हद तक संभव है कि नेल एक्सटेंशन के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली चीजों जैसे ग्लू या फिर नेल प्रोडक्ट को नेल्स पर लगाने से आपको एलर्जी हो सकती है।

इंफेक्शन की संभावना

नेल एक्सटेंशन लगवाते समय इस्तेमाल किए जाने वाले टूल्स या मैटीरियल को सही तरह से सैनिटाइज नहीं किया जाता है। ऐसे में इन मैटीरियल के इस्तेमाल से बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिससे आपको बहुत अधिक परेशानी हो सकती है।

स्किन पिग्मेंटेशन को दूर करने के लिए इन तीन तरीकों से इस्तेमाल करें आलू

पिग्मेंटेशन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना अधिकतर लोगों ने किया है। अमूमन इससे निजात पाने के लिए हम सभी कई तरह के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार यह स्किन को फायदा कम और नुकसान अधिक पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, इससे आपकी जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ नेचुरल उपायों का सहारा लें। इन्हीं में से एक है आलू। आलू एक ऐसी सब्जी है जो हम सभी की किचन में हमेशा ही मौजूद होती है। यह स्किन पिग्मेंटेशन को दूर करने में बेहद ही प्रभावी है।

कई तरह के विटामिन, मिनरल्स और एंजाइमों से भरपूर, आलू स्किन के लिए कई लाभ प्रदान करता है। यह पिग्मेंटेशन को दूर करने में भी सहायक है। आप आलू को एक दो नहीं, बल्कि कई अलग-अलग तरीकों से अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं और पिग्मेंटेशन की समस्या को दूर कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप आलू से पिग्मेंटेशन को दूर कर पाएंगे-

इस्तेमाल करें आलू का रस

पिग्मेंटेशन और दाग-धब्बों को दूर करने के लिए आलू का रस इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप आलू को छीलकर ब्लेंडर की मदद से उसका रस निकाल लें। अब इसे छान लें और एक कॉटन बॉल की मदद से अपनी स्किन पर लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

इस्तेमाल करें आलू की स्लाइस

अगर आप बहुत अधिक मेहनत नहीं करना चाहते हैं तो ऐसे में सीधे ही आलू की स्लाइस का इस्तेमाल करें। इसके लिए एक आलू को पतले गोल टुकड़ों में काट लें और फिर इसे अपनी स्किन पर कुछ मिनट तक धीरे-धीरे रगड़ें। आप इसे अपनी स्किन पर लगभग 10-15 मिनट तक सूखने दें। अंत में, स्किन को गुनगुने पानी से धो लें।

इस्तेमाल करें आलू और शहद का पैक

शहद अपने मॉइस्चराइजिंग और ब्राइटनिंग गुणों के लिए जाना जाता है। आप इसे आलू के साथ मिक्स करके एक पैक के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं और स्किन पिग्मेंटेशन से निजात पा सकते हैं। इसके लिए आलू को उबालकर उसे अच्छी तरह मैश करें। अब इसमें एक बड़ा चम्मच कच्चा शहद डालकर अच्छी तरह मिलाएं। तैयार पैक को अपनी स्किन पर लगाकर 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, स्किन को गुनगुने पानी से धो लें।



नकली शैंपू से बालों को ही नहीं स्कैल्प को भी पहुंच सकता है नुकसान, ऐसे पहचानें अंतर



शैंपू एक ऐसी चीज होती है, जिसमें मौजूद इंग्रिडिएंट्स हेयर और स्कैल्प दोनों को काफी प्रभावित करता है। वैसे तो शैंपू का इस्तेमाल बालों को धोने में किया जाता है। लेकिन कई बार गलती से गलत शैंपू चुन लेने से स्किन प्रॉब्लम्स से लेकर गंजेपन तक की समस्या हो जाती है। खासतौर पर यदि शैंपू नकली हो। तब बालों में इसका नुकसान अधिक देखने को मिलता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि शैंपू में क्या इंग्रिडिएंट्स हैं, यह कितना पुराना है और कितना सुरक्षित, यह सब नकली प्रोडक्ट में समझ पाना बेहद मुश्किल होता है। इसलिए शैंपू लेने के दौरान आपको इन सारी चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। जैसे आप जो शैंपू इस्तेमाल के लिए ले रही हैं, वह असली है या नकली। असली और नकली की परख करने के लिए आप कुछ चीजों पर ध्यान दे सकती हैं। तो आइए जानते हैं कि कैसे आप असली और नकली शैंपू में फर्क कर सकते हैं।

पैकेजिंग में फर्क

नकली प्रोडक्ट वाले कितनी अच्छी कॉपी क्यों न करें, लेकिन पैकेजिंग में कुछ न कुछ अंतर तो जरूर रह जाता है। जैसे असली और नकली में इंग्रीडिएंट्स की डीटेल ठीक से न छपी होना, स्टिकर गलत लगा होना, फॉन्ट में अंतर और लोगो के आकार या फिर बनावट में अंतर होना। ऐसे में प्रोडक्ट लेने से पहले इसकी पैकेजिंग पर ध्यान रखना चाहिए।

बॉटल की क्वालिटी में फर्क

इसके अलावा कंपनियां अपने प्रोडक्ट के लिए हमेशा अच्छी क्वालिटी की बोतल चुनती हैं। लेकिन डुप्लिकेट माल बनाने वाले ऐसा नहीं करते हैं। यही कारण है कि बोतल की फिनिशिंग से लेकर वजन और मोटाई तक समझौता किया जाता है। यानी की आपको बोतल हाथ में लेते ही असली और नकली का फर्क पता चल जाएगा।

झाग न होना

असली शैंपू थोड़े से में ही झाग छोड़ने लगता है। जबकि नकली प्रोडक्ट में आप कितनी ही मात्रा में शैंपू ले लें। लेकिन पानी के साथ मिलकर वह उतना झाग नहीं बना पाता है। ऐसे में अगर आपका शैंपू भी अधिक झाग नहीं बनाता है, तो इसका मतलब हो सकता है कि आपका प्रोडक्ट नकली है।

जरूरी डेट्स गायब होना

बता दें कि शैंपू की बोतल पर हमेशा मैन्युफैक्चिरिंग और एक्सपायरी डेट्स पड़ी होती है। लेकिन अगर शैंपू नकली है, तो हो सकता है कि आपको यह डेट्स उस बोतल पर न मिलें।

कई बार बनने की तारीख तो लिखी होती है, लेकिन एक्सपायरी डेट गायब हो सकती है। या फिर हो सकता है कि एक्सपायरी डेट को काफी ज्यादा आगे बढ़ाकर लिखा गया है। जो आमतौर पर शैंपू की सेल्फ लाइफ के लिए संभव नहीं है।

गर्मियों में ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए खाएं ये 5 सुपरफूड

आप वही हैं जो आप खाते हैं, यह सदियों पुरानी कहावत समय की कसौटी पर खरी उतरी है। लेकिन चमकदार त्वचा और सामान्य स्वास्थ्य के लिए आदर्श आहार क्या है? सच तो यह है कि कोई भी सबसे अच्छा फूड नहीं बता सकता है, हालांकि, चमकती त्वचा और अच्छे स्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रकार के सुपरफूड्स का सेवन किया जा सकता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्राकृतिक खाद्य पदार्थ त्वचा को लंबे समय तक हाइड्रेटेड और युवा बनाए रखकर हमारी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। नियमित रूप से प्राकृतिक और जैविक खाद्य पदार्थ खाने से हमारी त्वचा चमकदार और जवान बनती है। इसलिए, हम जो खाते-पीते हैं उस पर नजर रखना जरुरी है। अत्यधिक फैट्स और चीनी का सेवन कम करना चाहिए। हमें दैनिक आहार में ताजे फल और सब्जियां शामिल करनी चाहिए। गर्मियों में, जब हमारे शरीर में तरल पदार्थों की कमी हो जाती है, तो गर्मियों के फल जैसे तरबूज, खीरा आदि खाएं - जो हाइड्रेट करते हैं क्योंकि उनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने से रक्त परिसंचरण उत्तेजित होता है, जिससे त्वचा हाइड्रेटेड रहती है और विषाक्त पदार्थ साफ होते हैं। तो, अपनी बकेट लिस्ट तैयार करें और इन 5 सुपरफूड्स पर ध्यान दें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि आप अपने अनहेल्दी फूड की क्रेविंग के आगे न झुकें जो खराब स्वास्थ्य और सुस्त त्वचा का कारण बन सकता है। स्किन को चमकदार बनाने के लिए इन 5 सुपरफूड का सेवन जरुर करें।

शकरकंद

विटामिन ए के उच्च स्तर के कारण शकरकंद एक बढ़िया विकल्प है। विटामिन ए के डेरिवेटिव त्वचा में तेल उत्पादन को कम करने में मदद करते हैं और मुंहासे के इलाज के लिए उपयोग किए जाते हैं और प्राकृतिक चमक प्रदान करने में मदद करते हैं और आपकी त्वचा को नरम और युवा बनाते हैं। बीटा-कैरोटीन के उच्च स्तर का मतलब है कि शकरकंद त्वचा की उम्र बढ़ने का कारण बनने वाले मुक्त कणों से लड़कर त्वचा को लाभ पहुंचाता है।

दही

प्रोबायोटिक दही में विभिन्न प्रकार के सक्रिय बैक्टीरिया कल्चर होते हैं जो पाचन में सहायता करते हैं। लैक्टोबैसिलस एसिडोफिलस एक जीवाणु है जो छोटी आंत में पाचन में सहायता करता है। दही में मुख्य पोषक तत्वों में से एक लैक्टिक एसिड कई त्वचा देखभाल उत्पादों में एक प्रमुख घटक बनता है। लैक्टिक एसिड एक बेहतरीन एक्सफोलिएट और त्वचा मॉइस्चराइजर है। यह झुर्रियों की दृश्यता को कम करके और नई झुर्रियों और महीन रेखाओं को बनने से रोककर एक एंटी-एजिंग एजेंट के रूप में काम करता है। दही जिंक, विटामिन बी 2, बी 5 और बी 12 से भी भरपूर है। विटामिन बी2, या राइबोफ्लेविन, त्वचा को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है, त्वचा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाता है, सेलुलर पुनर्जनन में मदद करता है, और स्वस्थ सेलुलर वसा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 1 कप दही आपको हमारी दैनिक अनुशंसित मात्रा का 20 से 30 प्रतिशत राइबोफ्लेविन प्रदान करता है।

क्विनोआ

क्विनोआ एक फूल वाला पौधा है जो ÷ऐमारैंथ÷ परिवार से संबंधित है। प्रोटीन से भरपूर यह अनाज रसोई में मशहूर है, लेकिन इसमें राइबोफ्लेविन का उच्च स्तर इसे आपकी त्वचा के लिए सुपरस्टार बनाता है। राइबोफ्लेविन आपकी त्वचा की लोच और संयोजी ऊतक के उत्पादन में मदद करता है, जो चीजों को एक समान बनाने में मदद करता है और महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम प्रमुख बनाता है।

खीरा

चमकदार त्वचा के लिए सबसे बेहतरीन खीरा है यह हाइड्रेट है। पानी का सेवन महत्वपूर्ण है क्योंकि त्वचा शरीर की नमी के स्तर का दर्पण है। खीरा, जिसमें पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है, हमें अपना पानी खाने का एक बेहतर तरीका प्रदान करता है। खीरे जैसे हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां खाना हमारे पूरे हाइड्रेशन स्तर को बढ़ाने का एक शानदार तरीका है, जो बदले में चमकती त्वचा को बढ़ावा देगा।

सीप

खारे पानी के मोलस्क-सीप जो खाड़ियों और महासागरों जैसे समुद्री आवासों में रहते हैं, जस्ता और तांबा, लोहा और सेलेनियम जैसे अन्य खनिजों के उत्कृष्ट स्रोत हैं जिनकी शरीर को कम मात्रा में आवश्यकता होती है। सीप में मौजूद उपर्युक्त खनिज प्रतिरक्षा और त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार के मामले में बहुत कुछ प्रदान करते हैं।

यह त्वचा को चमकदार बनाता है। जिंक संक्रमण के खिलाफ त्वचा की सुरक्षा बनाए रखता है और घाव भरने को बढ़ावा देता है। सभी खाद्य पदार्थों में से, सीप में प्रति सेवन अधिकतम जिंक होता है। सीप में मौजूद छोटे खनिजों में त्वचा को निखारने वाले गुण होते हैं। तांबा त्वचा की लोच में सुधार करता है और झुर्रियों को कम करता है, जबकि सेलेनियम की कमी त्वचा को ऑक्सीडेटिव तनाव के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकती है।

वाइस एडमिरल संजय भल्ला बने नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल, कार्यभार संभाला

नई दिल्ली।(हि.स.)। वाइस एडमिरल संजय भल्ला शुक्रवार को भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 35 वर्षों के सेवाकाल में जल और तट दोनों पर विशेषज्ञ और परिचालन नियुक्तियों में कार्य किया है। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में अपनी विशेषज्ञता पूरा करने के बाद उन्होंने कई युद्धपोतों पर विशेषज्ञ के रूप में कमान संभाली है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित किया गया है। वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्हें समुद्र में चुनौतीपूर्ण एवं पूर्णकालिक कमान संभालने का मौका मिला, जिसमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी, आईएनएस ब्यास और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट की नियुक्तियां भी हैं। वह अपने इस कार्यकाल के दौरान 2022 में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा और भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन में समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में सहायक कार्मिक प्रमुख (मानव संसाधन विकास) सहित महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

नियुक्त

वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था।

वाइस एडमिरल भल्ला ने नौसेना अकादमी में अधिकारियों के प्रशिक्षण का नेतृत्व किया और विदेशों में राजनयिक कार्यभार भी संभाला। चीफ ऑफ पर्सनल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उन्होंने %ऑपरेशन संकल्प% और सिंधुदुर्ग में नेवी डे ऑपरेशन डेमो 2023 जैसे कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था।

वह लंदन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज और वेलिंगटन के नेवल वॉर कॉलेज और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षिक उपलब्धियों में एम फिल (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन), लंदन के किंग्स कॉलेज से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन में स्नातकोत्तर, मद्रास विश्वविद्यालय से एमएससी (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन) और सीयूएसएटी से एमएससी (दूरसंचार) शामिल है।

सिर्फ परिवार की परंपरागत सीटें बचाने में जुटे राहुल व अखिलेश : तेजस्वी सूर्या

लखनऊ (हि.स.)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल अमेठी से हार कर वायनाड पहुंचे और वायनाड से रायबरेली पहुंच गए हैं। इस बार वह वायनाड और रायबरेली दोनों क्षेत्रों से हारेंगे। वहीं पूरी समाजवादी पार्टी पति-पत्नी यानी अखिलेश और डिंपल को जिताने में लगी है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि सपा मैनपुरी और कन्नौज लोकसभा सीट भी हार रही है। तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा की 2014 एवं 2019 से भी बड़ी जीत इस चुनाव में होगी। पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। कांग्रेस नेता चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुके हैं इसकी शुरुआत खुद राहुल गांधी ने की है। राहुल स्मृति ईरानी के सामने चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। मजबूरी में राहुल रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपने खुद के राजनीतिक बेरोजगारी को देश की बेरोजगारी से जोड़ रही है।

दिल के धड़कनों में बसते हैं नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगः चन्दन

नवादा(हि. स.)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह की कर्म क्षेत्र नवादा जिले के वारसलीगंज थाने के चैनपुरा गांव शुक्रवार को जैसे ही सांसद चंदन सिंह पहुंचे । वहां सैकड़ो ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।वे वरिष्ठ समाजसेवी व लोजपा नेता राजाराम सिंह के घर श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने के बाद में ग्रामीणों की सुधि ले रहे थे । कई ग्रामीण उनका चुनाव नहीं लड़ने पर भावुक हो गए ।जिस कारण अजीबो - गरीब दृश्य पैदा हो गई । सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा । सांसद ने कहा कि नवादा संसदीय क्षेत्र के लोग मेरी धड़कनों में बसते हैं। इसलिए उनके सुख-दुख में साथ निभाना मेरा फर्ज है। उन्होंने कहा कि एक माता थी जिसने मुझे जन्म दिया ।जिससे मैं संसार को देखा।लेकिन नवादा वासियों ने मुझे लोकसभा भेजकर भारत माता का दर्शन कराया। उन्होंने कहा कि कोई खास परिस्थितियों रही जिस कारण मैं दोबारा नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सका। लेकिन राजनीति में सब कुछ होता है। इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मैं लगातार नवादा वासियों से जुड़ा हुआ हूं ।पूरे जीवन नवादा वासियों की खिदमत करता रहूंगा ।सांसद चंदन सिंह ने कहा कि नवादा वासियों ने जो प्यार दिया, उसे जीवन में कभी भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को सदा सरकार करता रहूंगा। इसके लिए आप सब मेरे साथ चलते रहेंगे ।उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथही एनडीए कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।जिन्होंने सांसद चंदन सिंह के विनम्र व्यवहार ,ईमानदारी व की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिए। नवादा के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की बात कही। वारिसलीगंज के भाजपा नेता निरंजन सिंह के निमंत्रण पर माफी गांव सांसद चन्दन सिंह पहुंचे।

जीवन

सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा ।

राजगढ़ः दुष्कर्मी सौतेले पिता को सश्रम आजीवन कारावास

राजगढ़,(हि.स.)। राजगढ़ पदस्थ तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुलकदीर मंसूरी की कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को सश्रम आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी तत्कालीन जिला अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव एवं वर्तमान जिला लोक अभियोजन अधिकारी जैनेन्द्रकुमार जैन ने की। जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2023 को पीड़ित ने बताया कि दो वर्ष की आयु में उसके पिता की हार्टअटैक से मृत्यु हो गई थी, उसके बाद अपनी मां, छोटे भाई सहित सौतेले पिता के साथ गौशाला में रहती थी वहीं मां खाना बनाने बाहर गई थी तभी सौतेले पिता कैलाश नारायण (परिवर्तित नाम)ने जबरन गलत काम किया उसके बाद अकेले का फायदा लेकर और मां व छोटे भाई को जान से खत्म करने की धमकी देकर उसने कई बार गलत काम किया। 26 दिसम्बर 2022 को मां के साथ चिकित्सालय में दिखाने गई तब पता लगा कि वह प्रेग्नेंट है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित सौतेल पिता कैलाशनारायण(परिवर्तित नाम) के खिलाफ धारा 376, 376(2)एन, 376(3), 3/4, 5 एल/6,5 जे/6 पॉक्सो, एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपित को 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल का सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड, 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल का कारावास व पांच हजार के अर्थदंड, 5 जे/6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल का कारावास व दस हजार के अर्थदंड और एससीएसटी एक्ट के तहत सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

एनएचएआई ने यात्रियों के साथ मारपीट करने पर टोल टैक्स एजेंसी को प्रतिबंधित किया

नई दिल्ली(हि.स.)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने जोधपुर में यात्रियों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने पर टोल संचालन एजेंसी मेसर्स रिद्धि सिद्धि एसोसिएट्स को प्रतिबंधित कर दिया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि गत 5 मई को राजस्थान में अमृतसर-जामनगर खंड पर सिरमंडी टोल प्लाजा पर टोल संचालन एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा हाइवे उपयोगकर्ताओं के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना सामने आई थी। मंत्रालय ने बताया कि मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएचएआई ने घटना की जांच की और फर्म को कारण बताओ नोटिस दिया गया। टोल संचालन एजेंसी का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। यह नोट किया गया कि संविदात्मक प्रावधानों और एनएचएआई की स्थायी संचालन प्रक्रिया का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए एजेंसी राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार गतिविधियों में लिप्त थी।

प्राधिकरण ने मेसर्स रिद्धि सिद्धि एसोसिएट्स को पूर्व-योग्य बोलीदाताओं की सूची से तीन महीने की अवधि के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार अपने टोल ऑपरेटरों के साथ एनएचएआई अनुबंध समझौते में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है कि ठेकेदार द्वारा तैनात कर्मी जनता के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे और अपने व्यवहार में सख्त अनुशासन और शालीनता का पालन करेंगे। पिछले साल एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर झगड़े की घटनाओं को रोकने और यात्रियों और टोल ऑपरेटरों दोनों के हितों की रक्षा के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी। एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और हाल ही में टोल प्लाजा पर राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार में शामिल दोषी एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि गुड़ामालानी का एक परिवार ओसियां के सिरमंडी टोल नाके से गुजर रहा था। इस दौरान वाहन के फास्ट टैग लगा होने के बावजूद टोल कर्मियों ने वाहन मालिक से मैन्युअल रुपये देने की बात कही, जिस पर गाड़ी मालिक ने कहा कि उसके फास्ट टैग में पूरा पैसा है और वह उसी से पेमेंट करेगा। इसके बाद टोलकर्मियों ने गाड़ी सवार लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने महिलाओं से भी बदसलूकी की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

बहुजन विकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश पाटील के जनसंपर्क अभियान ने और पकड़ी रफ्तार

मुंबई (हि.स.)। पालघर लोकसभा सीट पर जीत के लिए बहुजन विकास आघाडी के उम्मीदवार राजेश पाटील और पार्टी पधाधिकारी और कार्यकर्ता डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इसी क्रम में आज उम्मीदवार राजेश रघुनाथ पाटील ने कुडन, पाचमार्ग, दांडी, पोफरण, पास्थल, सालवड में लोगों से मिलकर उनका समर्थन मांगा और दिल्ली पहुंचकर लोगों की समस्याओं को निराकरण भरोसा नागरिकों को दिया।इस दौरान सभापती मनीषा निमकर,पालघर तालुका अध्यक्ष प्रभाकर पाटील, पंचायत समिती सदस्य अनिल रावते, युवती अध्यक्षा धनश्री रेवंडकर, युवा कार्याध्यक्ष रुपेश पाटील, पंचायत समिती सदस्य अनिल काठे, बहुजन विकास आघाडी के भूषण बांदिवडेकर, मोहन म्हात्रे,कुडण ग्रामपंचायत सदस्य निकिता पाटील,शालिनी मेनंद,भागेश घरत, गिरजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बता दें कि विधायक हितेंद्र ठाकूर, युवा विधायक क्षितिज ठाकूर, बोईसर से विधायक और पालघर से बहुजन विकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश पाटील द्वारा जोरदार प्रचार अभियान जारी है। स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों का बहुजन विकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश पाटील को समर्थन भी मिलता दिख रहा है।

बांग्लादेश में एयर अरबिया की फ्लाइट में लैंडिंग से पहले आई तकनीकी खराबी, 12 मिनट तक अटकी रहीं 191 यात्रियों की सांसें

ढाका(हि.स.)। बांग्लादेश के चटगांव शाह अमानत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह करीब 8:39 बजे एयर अरबिया की एक फ्लाइट के 191 यात्री और चालक दल के सात सदस्य बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। बांग्लादेश के समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार एयर अरबिया की उड़ान (जी-9526) को हवाई अड्डे पर लैंड करते समय हाइड्रोलिक दबाव प्रणाली की विफलता का सामना करना पड़ा। इस वजह से विमान करीब 12 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाता रहा। बाद में यात्रियों और चालक दल के सुरक्षित उतरने के बाद विमान को रन-वे से हटा दिया गया।

बलूचिस्तान के ग्वादर में आतंकियों की अंधाधुंध गोलीबारी में सात की मौत

कराची,(हि. स.)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में कम से कम सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। इस हमले की किसी भी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। ग्वादर पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोहसिन अली के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने सात मजदूरों की हत्या को खुला आतंकवाद करार देते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना करीब तीन सप्ताह बाद सामने आई है जब अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में नौ लोग पंजाब के थे जिन्हें आतंकियों ने बस से बाहर निकालकर अगवा कर लिया था। इसी तरह 20 मार्च को ग्वादर पोर्ट अथारिटी पर बंदूकधारियों ने हमला किया था।

संसद में बजट सत्र का पहला दिन हंगामेदार, कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

गृहमंत्री

सहकारी धोखाधड़ी प्रकरण में गृहमंत्री की संलग्नता की पुष्टि होने के कारण उनके इस्तीफे की मांग करते हुए दोनों सदनों को नहीं चलने दिया

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल की संसद में शुक्रवार से बजट सत्र प्रारम्भ हुआ लेकिन पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्षी दलों ने संसद के दोनों सदनों को नहीं चलने दिया। सहकारी धोखाधड़ी प्रकरण में गृहमंत्री की संलग्नता की पुष्टि होने के कारण उनके इस्तीफे की मांग करते हुए दोनों सदनों को नहीं चलने दिया गया। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित करते हुए गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे के बिना सदन की कार्यवाही नहीं चलने देने की बात कही है।

अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलम्ब से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन में पहले विपक्षी दल के तरफ से प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि जांच समिति में भी गृहमंत्री लामिछाने की संलग्नता का प्रमाण मिलने के बाद भी इस्तीफा नहीं देना दुखद है। जब तक गृहमंत्री का इस्तीफा नहीं आता, तब तक सदन नहीं चलने दिया जाएगा। राष्ट्रीय सभा में प्रतिपक्ष के नेता कृष्ण प्रसाद सिटौला ने कहा कि सरकार द्वारा जब तक सहकारी के समग्र प्रकरण की जांच के लिए संसदीय समिति का गठन नहीं किया जाता है, तब तक कोई भी सदन नहीं चलने दिया जाएगा। राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण दाहाल ने सदन की कार्यवाही चलाने का प्रयास भी किया लेकिन विपक्षी सांसदों ने आसन का घेराव कर कार्यवाही बाधित कर दी।

संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर गृहमंत्री जांच से डर क्यों रहे हैं? इससे क्या उनके आरोपों की पुष्टि नहीं होती है? उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को अपना पद छोड़ कर जांच में सहयोग करना चाहिए। गगन थापा ने कहा कि जो राजनीतिक दल नैतिकता की बात करते हुए चुनाव में जीत कर आए हों, उनकी तरफ से ही अनैतिकता का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस्तीफे के बिना सदन की कार्यवाही नहीं चल सकती है।

तुर्किये में लैंडिंग के समय फटा विमान का टायर, चालक दल और यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

अंकारा (हि. स.)। तुर्किये के एक दक्षिणी हवाई अड्डे पर लैंडिंग के समय गुरुवार को एक विमान का टायर फट गया, हालांकि घटना के बाद 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। तुर्किये के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार तुर्किये स्थित कोरेंडन एयरलाइन का बोइंग 737 अलान्या शहर के पास गाजीपासा हवाई अड्डे पर उतरा। यह विमान जर्मनी के कोलोन से यहां आया था। विमान के उतरते समय इसका एक टायर फट गया, लेकिन 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्रालय ने बताया कि क्षतिग्रस्त विमान को हटाते समय अन्य उड़ानों को समीपवर्ती अंताल्या हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। हाल के दिनों में तुर्किये के हवाई अड्डे पर यह दूसरी घटना थी। बुधवार को, फेडएक्स एक्सप्रेस के एक बोइंग 767 कार्गो विमान के 'फ्रंट लैंडिंग गियर' में खराबी आने के बाद इस्तांबुल हवाई अड्डे पर इसे आपात स्थिति में उतारा गया। इस दौरान कोई भी घायल नहीं हुआ और चालक दल के सदस्यों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग

लाहौर,(हि. स.)। पाकिस्तान के लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को आग लगने से पूरी आव्रजन प्रणाली क्षतिग्रस्त हो गई और विमानों का संचालन ठप हो गया। नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) के मुताबिक, आव्रजन काउंटर की छत में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सीएए ने कहा, दमकल कर्मी और बचाव दल तुरंत के पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया और जनहानि की खबर नहीं है। सीएए ने कहा कि आव्रजन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को वहां से निकाल लिया गया और घरेलू लाउंज में भेज दिया गया। बचाव दल से जुड़े कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

इमरान खान को रिहा करने की मांग, पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को गिरफ्तार किया

रावलपिंडी (हि.स.)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को हुए दंगों की पहली बरसी मनाने के लिए समर्थक सड़कों पर उतरे। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। धारा 144 के

उल्लंघन में गिरफ्तार समर्थकों में दो स्थानीय नेता भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने आदियाला जेल में बंद इमरान खान को रिहा करने की मांग करके पीएमएल-एन सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। रावल रोड पर इमरान की पार्टी के नेता सीमाबिया ताहिर के नेतृत्व में लगभग 30 कार्यकर्ता एकत्र हुए। इन लोगों ने अमरपुरा से रैली निकाली और स्थानीय ने पार्क के पास सड़क पर पीटीआई का झंडा फहराया। पुलिस ने इन लोगों को हटाने तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और ताहिर को हिरासत में ले लिया। बाकी अन्य प्रदर्शनकारी पुलिस से बचने में कामयाब रहे। पीटीआई नेता शहरयार रियाज के नेतृत्व में एक और रैली बन्नी इलाके में निकाली गई। सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर 62 विशेष पिकेट स्थापित किए गए। पुलिस मोबाइल वैन के साथ डॉल्फिन बल भी गश्त करते नजर आए।

नेतन्याहू ने कहा, हमास के खिलाफ इजराइल अकेला भी खड़ा रहेगा

यरुशलम (हि. स.)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा है कि हमास के खिलाफ युद्ध में यदि जरूरत पड़ी तो उनका देश 'अकेला भी खड़ा' रहेगा। वहीं इजराइली सेना ने दावा किया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में सैन्य कार्रवाई करने के लिए जरूरी हथियार उसके पास हैं।

नेतन्याहू का यह बयान, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की उस चेतावनी के बाद आया, जिसमें बाइडनन ने कहा कि अमेरिका, इजराइल को दक्षिणी गाजा शहर रफह पर हमले के लिए हथियार मुहैया नहीं करेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, यदि हमें अकेला खड़ा रहना होगा तो हम अकेले ही खड़े रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, सेना के पास उन अभियानों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना

रही है और रफह में अभियान के लिए भी हमारे पास वह है जो हमें चाहिए।डेनियल की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आने की आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और असहमति को बंद दरवाजों के पीछे सुलझाया जाना चाहिए।

इटली की गिरती जनसंख्या से परेशान हुए पोप फ्रांसिस, PM जॉर्जिया मेलोनी ने शुरू किया ये महाअभियान

एपी, रोम। पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चों को जन्म देने का आग्रह किया और आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी अपील की। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं के बिना एक देश का भविष्य नहीं रह जाता। इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है।

लोकतंत्र महापर्व में सभी लोग शामिल होकर करे शत प्रतिशत मतदान

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के आह्वान पर अब समाजसेवी संस्थाऐं भी मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रीयता के साथ जुड़ने लगी है।

इसी कड़ी में सद्भावना क्लब जौनपुर द्वारा शुक्रवार को रज़ा डी एम शिया इन्टर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया। जिसके माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने छात्र छात्राओं, शिक्षकों व उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई तथा मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह व विशिष्ठ अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली संस्थाध्यक्ष हफ़ीज़ शाह के नेतृत्व में स्टेशन रोड, गल्ला मण्डी, सब्ज़ी मण्डी, कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, अटाला मस्जिद होते हुए पुनः शिया कालेज में पहुँच कर सम्पन्न हुई। रैली में छात्र हम अपना कर्तव्य निभाएगे, सबसे मतदान कराएंगे। चुनाव आयोग का है आव्हान, सबको करना है मतदान। बड़े बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान। आदि नारे लगाते लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते चल रहे थे। इसके पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिक हिस्सा बने और सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपना वोट ज़रुर करें जिससे शत प्रतिशत मतदान हो। इसके लिए उन्होंने छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी दी कि अपने माता पिता, परिवार व आसपास के लोगों को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। और परिवार के जो सदस्य बाहर दूसरे शहरों में गयें है उन्हें भी घर मतदान करने हेतु बुलाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत विश्व का श्रेष्ठतम लोकतंत्र वाला देश है। इसकी सफलता जागरुक मतदाताओं पर ही निर्भर करती है। इसलिए सभी मतदाता निष्पक्ष, निर्भीक एवं निस्वार्थ भाव से मतदान करें। स्वागत करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य और संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ अलमदार नज़र ने कहा की रैली के माध्यम से बच्चें आम जनमानस को मतदान करने के लिए प्रभावि रूप से प्रेरित करेंगें। आभार प्रकट करते हुए संस्थाध्यक्ष हफ़ीज़ शाह ने कहा मतदाता जागरूकता के माध्यम से हम मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करेंगें। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू, पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर, संयोजक नागेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रज़ा खान, अतीत मौर्या, प्रितेश गुप्ता, अमित गुप्ता, हर्ष माहेश्वरी, आशीष सेठ, अनिल वर्मा सहित कालेज के सभी अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सद्भावना क्लब ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली और दिलाई मतदान करने की शपथ

बाबू सिंह कुशवाहा ने नुक्कड़ सभा कर मांगा जनसमर्थन

जौनपुर। लोकसभा जौनपुर से समाजवादीट्वपार्टी (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी व जनअधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा ने विधानसभा सदर के उड़ली ग्राम में नुक्कड़ सभा के माध्यम से सम्मानित जनता से आगामी 25 मई को चुनाव चिन्ह साइकिल पर वोट डालकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अरशद खान, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, पूनम मौर्य, आरिफ खान और इंडिया गठबंधन के अन्य साथी मौजूद रहें।

देश का किसान, युवा, जवान व महिलाओं का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

भाजपा सरकार में ही- बाबूराम निषाद

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के अन्नदाता सम्मेलन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय के अध्यक्षता मे मल्हनी विधानसभा के गोसाईगंज में आयोजित विशाल जनसभा का कार्यक्रम सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह रहे।मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को जनता से मिल रहा प्यार इस बात का प्रमाण है। विपक्षी दलों के लोग भारत के टुकड़े करने की मंशा के साथ राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। हम भारत को अपनी माता मानते हैं इसलिए हम सभी भाई भाई हैं न कि जाति में बंटे हैं जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें कार्य करना है। जातियों में बंटकर हमारा देश हजारों साल गुलाम रहा। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने उपस्थित किसानों, महिलाओं व युवाओं से मोदी व योगी के कार्यों पर वोट मांगते हुए विजयी बनाने का आग्रह करते हुए जौनपुर का चहुंमुखी विकास करने का आश्वासन दिये और कहा कि कार्यकर्ता के दम पर ही चुनाव लड़ा जाता है और भाजपा के कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं। बस इसे मंजिल तक पहुंचाना है और विजय पताका लहरानी है।

जिलाधिकारी ने किया स्थलीय पार्क का निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज सिधारी आजमगढ़ पर तमसा नदी के किनारे आजमगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लगाये गये पौधों में नियमित रूप से पानी डालने हेतु निर्देशित किया। बाउंड्री के किनारे शेड वाले ऊंचे पेड़ लगाने के निर्देश दिये। उन्होने पार्क मे एक किनारे छोटा तालाब बनाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पार्क में बच्चों के लिए नए डिजाइन वाले झूले एवं अन्य उपकरण लगाने के निर्देश दिये। उन्होने पार्क में एक निर्देश बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कृषि विभाग परिसर में मतदान हेतु पीठासीन अधिकारियों को बस्ता मे दिए जाने वाले लेखन सामग्री (फार्म, पटरी, पेन, पेंसिल, गोंद, पीठासीन की डायरी, मेडिकल किट आदि) की पैकेटिंग/ पैकेजिंग का निरीक्षण किया।

शिक्षकों ने क्रिकेट खेलकर मतदान को किया प्रेरित

आझुराय इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सिकरारा) लोकसभा चुनाव में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए ब्लाक के परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने शुक्रवार को आझुराय इंटर कालेज के मैदान में क्रिकेट खेलकर लोगो को जागरूक किया गया तथा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई।

फाइनल मुकाबले में विश्वनाथ प्रताप सिंह के तूफानी शतक से न्याय पंचायत रीठी ने डमरुआ को हराकर विजेता कब अपने नाम कर लिया।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने फीता काटा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह देव व शिक्षक अतुल सिंह महाजन के नेतृत्व में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बीइओ ने अपने संबोधन में कहा कि एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमे पांच साल बाद मौका मिलता है। इसलिए इस मौके का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमे मजबूत राष्ट्र व लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। स्वयं मतदान करे और परिवार समाज को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे। पहला मैच रीठी और खपरहा के बीच खेला गया जिसमें रीठी की टीम टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और आठ ओवर में 99 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में खपराहा की टीम 58 रन ही बना सकी और 30 रन से मुकाबला हार गई उसके बाद दूसरा मुकाबला डमरूआ और बढ़ौना के बीच खेला गया जिसमें डमरूआ की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 99 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में बढ़ौना की टीम 65 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला डमरूआ और रीठी के बीच खेला गया जिसमें रीठी की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। निर्धारित दस ओवर में विश्वनाथ प्रताप सिंह की तूफानी पारी से 152 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में डमरूआ की टीम 125 रन ही बना सकी। सुमित सरोज मैन ऑफ द मैच रहे जबकि विश्वनाथ प्रताप सिंह मैन ऑफ द सीरीज रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से देशबंधु यादव, धीरेंद्र यादव, महेंद्र सिंह, अजय पांडेय, संतोष सिंह, कृपानिधि यादव, ओमकार नाथ पाल, संदीप सिंह, संतोष सिंह गोली, अंकित सिंह, हर्ष सिंह, भानू मिश्र, चंद्र प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बना रही है सरकार

अवधनामा संवाददाता

टाटा आईटीआई के माध्यम से एडवांस स्किल ट्रेनिंग की हो रही है शुरुआत

प्रयागराज में जुलाई से टाटा आईटीआई का प्रथम शैक्षिक सत्र शुरू

चार करोड़ की लागत से तैयार हुए हैं टाटा आईटीआई

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में युवाओं का इंडस्ट्री के हिसाब से स्किल्ड करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और बाजार की मांग के अनुकूल युवाओं के कौशल को निखारने के लिए पिछले वर्ष जो मंच प्रदान किया था उसे इसी शैक्षणिक सत्र में जुलाई से धरातल में उतारा जा रहा है। इंडस्ट्री 4.0 के हिसाब से टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ प्रदेश के जिन 150 आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए करार हुआ था उसमें प्रयागराज में भी दो टाटा आईटीआई भवन का निर्माण हो चुका है जिसमे इसी शैक्षिक सत्र से प्रशिक्षण शुरू हो रहा है।

प्रदेश के युवाओं को इंडस्ट्री और बाजार की डिमांड के अनुसार अपना कौशल निखारने के लिए अब कहीं और नहीं भटकना पड़े इसके लिए सरकार अलग मंच दे रही है। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से टाटा टेक्नोलॉजी के साथ पांच हजार करोड़ से ज्यादा का एमओयू साइन करने के बाद अब जुलाई से यह प्रयास जमीनी धरातल पर उतर रहा है। प्रयागराज में इसी के अंतर्गत दो टाटा आई टी आई भवन का निर्माण हुआ है जिसमे जुलाई से प्रथम शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। राजकीय काष्ठ कला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के प्राचार्य हिमांशु द्विवेदी बताते हैं कि प्रयागराज में नैनी और कटरा में इनका निर्माण हुआ है। जिले की सरकारी आईटीआई परिसर में ही ये बनाए गए हैं। प्रत्येक टाटा आईटीआई में पढ़ाने के लिए टाटा की ओर से दो-दो प्रशिक्षक भी इसमें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा आईटीआई के चार-चार शिक्षकों को भी इन नए कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक के निर्माण में चार करोड़ की लागत आई है। जुलाई से इसका शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है।

प्रदेश के सभी जिलों में राजकीय आईटीआई हैं जहां से हर साल हजारों की संख्या में युवा प्रशिक्षित होकर आ रहे हैं। लेकिन इनमें रोजगार पाने वालों का प्रतिशत कम है। इसकी वजह बदलती टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखकर इंडस्ट्री के अनुकूल इनका प्रशिक्षण नहीं हुआ था लेकिन अब टाटा आईटीआई इस कमी को पूरा कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने पहली बार आईटीआई को अपग्रेड करने का कार्य शुरू किया है।

राजकीय काष्ठ कला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज प्राचार्य हिमांशु द्विवेदी के मुताबिक आईटीआई में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आगामी सत्र से इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई ओ टी) दो वर्षीय, मैन्युफैक्चरिंग प्रॉसेस कंट्रोल एण्ड ऑटोमेशन एक वर्षीय तथा बेसिक डिज़ाइन एण्ड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एक वर्षीय कोर्स संचालित किए जाने है। इन कोर्सेस के संचालन हेतु टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा संस्थान को ट्रेनर्स भी उपलब्ध कराए गए है। अब इस शुरुआत से आईटीआई की प्रयोगशालाएं, इक्विपमेंट अपग्रेड होंगे और टाटा टेक्नोलॉजीज के अच्छे ट्रेनर भी आईटीआई को मिलेंगे। इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उन्नत मशीनरी और इक्विपमेंट से अपग्रेड करने का अवसर मिला है, भवन निर्माण का काम पूरा हो चुका है। वैसे इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत का 87 प्रतिशत अंश टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड द्वारा तथा 12 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

भाजपा सरकार में व्यापारियों को मिला सर्वाधिक सम्मान

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी जिला लालगंज में व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन जिला कार्यालय पर किया गया। भाजपा द्वारा व्यापारी हित में उठाए गए कदम के बारे में बताया और सभी को 25 मई को मतदान हेतु आग्रह किया। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में व्यापारियों को सर्वाधिक सम्मान मिला।आज व्यापारी अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। जब प्रदेश में दूसरे दल की सरकार थी तो दिन दहाड़े व्यापारियों को लूटने का काम किया जाता था।भाजपा हमेशा व्यापारियों के हित में काम करती रही है।आज हर व्यवसाई भयमुक्त हो कर अपना व्यापार कर रहा है।जब से प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है तब से माफिया प्रदेश छोड़ के भाग गए या तो वह ऊपर चले गए और जो होंगे भी वह बिल में घुस के बैठे है।मोदी ने बैंको के माध्यम से व्यापारियों को बिना गारंटी ऋण देने का काम जिससे वह अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में सुविधा मिल सके। केंद्र में 57 साल तक शहजादे और उनकी पार्टी ने लुटा और प्रदेश को 15 साल तक नवाब जादे की सरकार और उनकी पार्टी ने लुटा है।

कायस्थ पाठशाला क्लब की जीत

प्रयागराज। कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मूर्तजा स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता में राम बाबू पाल क्रिकेट क्लब को 60 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में देवांश पठाक के शानदार (55 रन, 61 गेंद, आठ चौके व आदर्श पाण्डेय की उम्दा गेंदबाजी (7 - 0 - 17-3) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 244 रन (देवांश पठाक 55, अभिषेक सिंह 39, आशीष रत्नम 32, अमन पटेल 22 रन, आदित्य राज तिवारी 2/38, आदित्य पाल 2/40, रौनक चौरसिया 2/49, करन यादव 2/56) पर बनाए। जवाब में राम बाबू पाल क्रिकेट क्लब की टीम ने 31.4 ओवर में 184 रन (आदित्य पाल 48, अनुराग यादव 39, आशीष यादव 30, अभ्युदय प्रताप सिंह 28 रन, आदर्श पाण्डेय 3/17, मयंक दुबे 3/26, सुमित पाण्डेय 2/37, मो. उमर 1/36) पर सिमट गई। मैच में मो. आरिफ व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की।

हृदय रोग पर चर्चा के लिए जुटेंगे पूरे भारत के चिकित्सक

एएमए का कार्डियोलॉजी अपडेट कॉन्फ्रेंस आज

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन अपनी वार्षिक आईएमएसीजीपी कांफ्रेंस आयोजित कर रहा है जिसका थीम कार्डियोलॉजी अपडेट है। यह कान्फ्रेंस 12 मई को एएमए कन्वेंशन सेंटर प्रयागराज में एएमए अध्यक्ष डॉक्टर कमल सिंह की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी यह जानकारी एएमए अध्यक्ष डॉक्टर कमल सिंह ने प्रेसवर्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस अपराह्न 1ः30 बजे डेलीगेट्स के पंजीकरण से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर अतुल गोयल एमडी मेडिसिन डायरेक्टर जनरल ऑफ़ हेल्थ सर्विस मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा होगा। इस सेमिनार में हृदय रोग से संबंधित कारण उपचार सावधानियां तथा नवीनतम वीडियो द्वारा उपचार पर परिचर्चा होगी। जिसमें फरीदाबाद सर्वोदय अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ रंजन मोदी उच्च रक्तचाप से संबंधित वर्तमान गाइडलाइंस से अवगत कराएंगे। इस सेमिनार में दो ऑपरेशन होंगे जिसमें डॉ के एस नियोगी और डॉ पीके गोयल निदेशक इंटरनेशनल कार्डियोलॉजी मेदांता लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें वह इंटरनेशनल कार्डियोलॉजी की नवीनतम वीडियो पर प्रकाश डालेंगे तथा डॉक्टर सी के अग्रवाल ऑपरेशन डॉक्टर एके पांडे निदेशक मैक्स अस्पताल नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत होगा। जिसका विषय रोजमर्रा होने वाली हृदय रोग संबंधित दुविधाएं हैं।

डॉक्टर सिंह ने बताया कि डॉ आलोक सिंह परामर्शदाता कार्डियोलॉजी वाराणसी हार्ट फैलियरकी वर्तमान गाइडलाइंस पर अपना वक्तव्य देंगे। वयस्कों में पैदाइशी हृदय विकार के समाधान विषय पर फॉर्टिसनई दिल्लीके निदेशक पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी डॉक्टर नीरज अवस्थी अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

जीडी ग्लोबल स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस

आजमगढ़। शुक्रवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में मातृ दिवस कार्यक्रम बड़ी भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उसके पश्चात कक्षा 1 के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया । विद्यालय के चारों सदन के छात्र-छात्राओं ने क्रमशः ग्राम आएंगे, मीठे रस, है कथा संग्राम की, ओ पालनहारे पर मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आयी हुई सभी माताओं ने रैंप वॉक का भी आनंद लिया। कक्षा 2 के नौनिहालों ने कार्यक्रम में चार चांद लगाने वाला मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग की हुई माताओं ने म्यूजिकल चेयर, फन गेम्स, लकी ड्रा आदि जैसे विभिन्न खेलों का लुत्फ भी उठाया।

विभागाध्यक्ष के प्रयास से लगे चर्म रोग विभाग में एसी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। स्वरूप रानी अस्पताल चर्म रोग विभाग में मरीजों की सुविधा के लिए एयर कंडीशन का शुभारंभ आज हुआ। स्वरूप रानी अस्पताल के त्वचा एवं गुप्त रोग विभाग में मरीजों को हो रही भयंकर असुविधा गर्मी उमस से बेहाल बच्चे एवं महिलाएं के लिए विभाग में बने कॉरिडोर में विभागाध्यक्ष डॉ अमित शेखर के प्रयास से दो एयर कंडीशन लगवाए गए।

जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडे एवं पूर्व प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह के कर कमल द्वारा संपन्न हुआ। बता दें कि गर्मी को दिनों में मरीज के वेटिंग स्थान कॉरिडोर पर अत्यधिक गर्मी उमस होने के कारण अनेक मरीजों की तबीयत खराब हो जाती थी। बच्चे और महिलाएं गर्मी के कारण बेहाल हो जाते थे। मरीजों की इस पीड़ा को देखते हुए विभाग अध्यक्ष ने अपने प्रयास से यह कार्य करवाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारीज्ञडॉ आशु पांडे ने इस प्रयास की सराहना की। डॉ एसपी सिंह ने इसे एक नजीर बताते हुए कहा कि सरकारी सहायता उपलब्ध न होने पर भी डॉक्टर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अपने प्रयास से मरीजों का भला करते हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अजय सक्सेना ने शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण कांत ने जूनियर डॉक्टरों को अनेक चर्म रोग से संबंधित विधाओं के बारे में प्रेजेंटेशन दिया और विभाग को अपनी ओर से दो सर्जिकल चेयर डोनेट की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने परोपकारी सेवा कार्य के लिए डॉक्टर अमित शेखर को पूरे नगर की आम जनमानस व्यापारियों की ओर से साधुवाद दिया। इस मौके पर डॉ मनोज माथुर, डॉ कमलेश सोनकर, गौतम त्रिपाठी, डॉ एस के ओझा अनेक जूनियर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:–

क्रम सं.-1, कार्य का नामः समइं/बलिया कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से एक वर्ष के लिये संचित पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर- बीएसबी-2024-30, अनुमानित लागतः ₹ 40,82,976/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 81,700/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।

क्रम सं.-2, कार्य का नामः समइं/छपरा कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से एक वर्ष के लिये संचित पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर-बीएसबी-2024-31, अनुमानित लागतः ₹ 36,74,678/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 73,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।

क्रम सं.-3, कार्य का नामः वाराणसी में स्टेडियम कालोनी के विभिन्न क्वाटरों का सुधार। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर-बीएसबी-2024-32, अनुमानित लागतः ₹ 2,34,43,942/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 2,67,200/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 09 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-30 से एनईआर-बीएसबी-2024-32 दिनांक 07-06-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-63

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

57 गर्भवती महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन गुरुवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। यह रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बहुत गर्म है ऐसे में गर्भवती महिलाएं हरी सब्जी का प्रयोग करें व लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 57 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया।

भानु प्रताप क्लब ने डीएसए-एनसीआर को हराया

प्रयागराज। भानु प्रताप सिंह क्लब ने डीएसए-एनसीआर को 39 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिविजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में लेफ्ट आर्म स्पिनर दिव्यांश यादव की उम्दा गेंदबाजी (7-0-18-4) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रेलगांव सूबेदारगंज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 180 रन (अखिल कुमार कश्यप 42, ऋषभ सिंह 33, पंकज विश्वकर्मा 27, अथर्व प्रजापति 21, दिव्यांशु यादव 20 नाबाद, दिलीप यादव 2/08, फ़ैज़ अहमद 2/25, दानिश अली 1/26, भारत अवस्थी 1/30) बनाकर डीएसए-एनसीआर को 33.4 ओवर में 141 रन (फ़ैज़ अहमद 46, बलराम यादव 34, दानिश अली 21, दिव्यांश यादव 4/18, शुभम गुप्ता 2/21, सुब्रत प्रसाद तिवारी 2/36) पर समेट दिया।

एसोसिएट प्रोफेसर के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में शुक्रवार को शहर के प्रतिभा निकेतन स्कूल अटलस पोखरा में शोकसभा का आयोजन किया गया। सदस्यों ने संगठन के प्रति समर्पित व श्री दुर्गा जी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर स्व.डॉ. राजेश तिवारी के असामयिक निधन पर शोक जताया। लोगों ने गतात्मा को अश्रुपूरित श्रद्धाजलि अर्पित की।

संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भक्तवत्सल ने कहा तिवारी जी सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे । उनका पूरा जीवन होम्योपैथी के लिये समर्पित था। प्रकृति प्रेमी,गोशाला के प्रति अनुराग ,योगा के बारे में उनकी काफी रुचि थी,ओ हमे निरंतर याद आते रहेंगे। हमाई अध्यक्ष डॉ. देवेश दुबे ने कहा तिवारी जी का संगठन के प्रति काफी अनुराग था ,उनके जाने से संगठन की काफी क्षति हुई है ।कभी भी किसी सेमीनार में जाना हो तिवारी जी हमेशा तैयार रहते थे। तिवारी जी के सहपाठी रहे डॉ. चमन लाल ने उनके जीवन पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर डा. राजेन्द्र राजपूत, डा.अजय राय,डा. प्रमोद गुप्ता,डा. नवीन दूबे, डॉ.एस. के .राय,डा.नीरज सिंह,डा. रणधीर सिंह,डा. नेहा दूबे, डा. रीना राजपूत, डा. अभिषेक राय, डा. अनुराग श्रीवास्तव, डा. चमनलाल, डॉ. राजकुमार राय,डा. सी. जी.मौर्य, डा. इस .सी .सैनी, डा. राजीव पांडेय,डा. एच.एन.पाठक, डा. बी .पांडेय, मो.अफजल, डा.अविनाश श्रीवास्तव, रमाकांत वर्मा,डा. मनोज मिश्रा, डा. राजीव आनंद अजेंद्र राय, डा. नीरज दूबे, डा. अनुतोष वत्सल,डा.मनोज मिश्र, नरेन्द्र श्रीवास्तव, डा. सिद्धांत, डा. बृजेश सिंह, डा. सुरेंद्र सिंह, सेराज अहमद, मनोज पांडेय,अरविंद यादव,राकेश यादव, एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद गुप्ता ने किया।

ओला इलेक्ट्रिक ने अपने मास-मार्केट एस1 एक्स स्कूटर्स की डिलीवरी शुरू की

बैंगलुरू। आज ओला इलेक्ट्रिक ने देश में विभिन्न शहरों में अपनी ऑल-न्यू एस1 एक्स रेंज की डिलीवरी शुरू की। एस1एक्स स्कूटर ग्राहकों को भिन्न-भिन्न रेंज प्रदान करने के लिए तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन 2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा और 4 किलोवॉटघंटा में लॉन्च किया गया था। 69,999 रुपये एक्सशोरूम के शुरुआती मूल्य में लॉन्च किए गए इस इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ ओला ने मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर किफायती मूल्य में और बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी के साथ आता है, जिसके कारण एस1एक्स स्कूटर वर्तमान में बाजार में उपलब्ध सबसे आकर्षक ईवी प्रस्तावों में से एक है। इस अवसर पर अंशुल खंडेलवाल, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज़ ने कहा, ''इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के मार्ग में आने वाली मुख्य बाधाओं में से एक इसकी बहुत ऊँची अग्रिम लागत थी, जिसे एस1 एक्स के साथ हमने खत्म कर दिया है। मास-मार्केट पोर्टफोलियो में हमारे प्रवेश से हमें अपने ग्राहकों का विस्तार करने में मदद मिलेगी और हम भारत में टू-व्हीलर्स का उपयोग करने वाले मौजूदा व संभावी ग्राहकों को ज्यादा संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन के तेजी से विकसित होते हुए परिवेश में शामिल कर पाएंगे। किफायती, आसानी से उपलब्ध होने और स्वामित्व पाने की विशेषताओं के कारण एस1एक्स हर भारतीय के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव है।'' ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में एस1 एक्स पोर्टफोलियो के लिए नए मूल्यों की घोषणा की है।

यह तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन 2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा, और 4 किलोवॉट घंटा में क्रमशः 69,999 रुपये इंट्रोडक्टरी मूल्य; 84,999 रुपये और 99,999 रुपये में मिलेगा। साथ ही, कंपनी एस1 प्रो, एस1 एयर और एस1 एक्स+ के मूल्य संशोधित कर इन्हें क्रमशः 1,29,999 रुपये; 1,04,999 रुपये और 84,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है। भारी मांग के बाद एस1एक्स रेंज के साथ फिज़िकल की दी गई है, और यह भिन्न-भिन्न रेंज की जरूरतों को पूरा करेगी। एस1एक्स द्वारा 4 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा और 2 किलोवॉटघंटा वैरिएंट्स के लिए क्रमशः 190 किलोमीटर, 143 किलोमीटर और 95 किलोमीटर की आईडीसी-सर्टिफाईड रेंज मिलेगी।

जीई एयरोस्पेस ने जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन को लॉन्च किया

नई दिल्ली। जीई एयरोस्पेस ने हाल ही में जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च की घोषणा की है। ये कंपनी के इतिहास में एक नया अध्याय है जो पिछले जीई फाउंडेशन के 100 से ज्यादा सालों की विरासत पर आधारित है। जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन की परोपकारी नीतियां और कार्यक्रम कंपनी के कार्यबल के विकास, आपदा राहत और जीई एयरोस्पेस के कर्मचारियों की कार्यकुशला को बढ़ाने में योगदान करेंगी। इससे जीई एयरोस्पेस से जुड़े ÷लोगों का उत्थान करने (लिफ्ट पीपल अप) के कंपनी के उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। दक्षिण एशिया में, जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के लिए आपदा राहत, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को सपोर्ट करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ काम करना जारी रखेगा। पिछले 10 सालों में दक्षिण एशिया को फाउंडेशन से संबंधित कुल अनुदान में 12 लाख अमेरिकी डॉलर मिले हैं। इसमें अनुदान और संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं। इन प्रयासों से बेंगलुरु, पुणे और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों के लोगों को फायदा हुआ है। जीई एयरोस्पेस के चेयरमैन और सीईओ एच. लॉरेंस कल्प, जूनियर ने कहा, हम जहां रहते हैं और काम करते हैं उसके आसपास रहने वाले लोगों को सपोर्ट करने और उनको मजबूत बनाने की जिम्मेदारी लेते हैं। जीई एयरोस्पेस इस काम को गंभीरता से लेती है। जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही एक प्रमुख ग्लोबल एयरोस्पेस कंपनी के रूप में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स विकसित कर सकेगी। हमें अपने अच्छे कामों की 100 साल की विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व है। मुझे उम्मीद है कि जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन आने वाले कई सालों तक सकरात्मक बदलाव का नेतृत्व करता रहेगा। फाउंडेशन के कार्यक्रम तीन मुख्य क्षेत्रों पर फोकस करेंगे। फाउंडेशन 2030 तक अपने नए कार्यक्रमों पर 2.2 करोड़ डॉलर से ज्यादा खर्च करेगा। यह फाउंडेशन मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग इंडस्ट्री के लिए एक मजबूत और अलग-अलग तरह के काम करने वाले वर्कफोर्स तैयार करने और दुनिया भर में अपना सकारात्मक असर दिखाने वाले और कर्मचारियों के बीच सहभागिता को बढ़ाने वाले मानवीय और सामुदायिक कार्यक्रमों में निवेश करने जैसे काम करेगा।

एमजी ने भारत में 100-ईयर लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया

गुरुग्राम। 100 साल पुरानी विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) ने आज ब्रिटिश रेसिंग की पहचान बन चुके प्रतिष्ठित एवरग्रीन रंग की विशेषता वाला 100-ईयर लिमिटेड संस्करण लॉन्च किया। एक सदी से अधिक के रेसिंग इतिहास का जश्न मनाता हुआ ये सीमित संस्करण मॉडल प्रदर्शन और शिल्प कौशल के सार को दर्शाता है। यह एमजी हेक्टर INR INR 21,19,800, MG ZS EV INR 24,18,000, MG Astor INR 14,80,800 और स्त्र ष्टश्वद्गह्ल ढ्ढह्लक्र ढ्ढह्लक्र 9,39,800 में उपलब्ध होंगे। ये संस्करण एवरग्रीन एक्सटीरियर में तारों वाली काली फिनिश वाली छत और डार्क फिनिश वाले तत्वों के साथ टेलगेट पर 100-ईयर एडिशन बैज के साथ आएंगे। इसके अतिरिक्त, इंटीरियर में ऑल-ब्लैक थीम है, जिसमें फ्रंट हेडरेस्ट पर 100-ईयर एडिशन की कढ़ाई की गई है, जो रेसिंग की दुनिया के इतिहास का सम्मान करने के लिए स्पोर्टी कैरेक्टर प्रदान करती है। यह सीमित संस्करण कस्टमाइज़ की जा सकने वाले विजेट रंग के साथ सदाबहार थीम वाली हेड यूनिट के साथ भी आएगा।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, सतिंदर सिंह

बाजवा ने कहा, हमारा 100-वर्षीय सीमित संस्करण ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के लिए हमारी विरासत और जुनून का प्रमाण है। एवरग्रीन रंग हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। यह प्रदर्शन और विरासत की भावना का प्रतीक है और हमारे ब्रांड को परिभाषित करता है। एमजी का लक्ष्य खुद को अपनी समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध ब्रांड के रूप में स्थापित करना है, जो आने वाले वर्षों तक ग्राहकों के बीच बना रहे।

पिछले कुछ वर्षों में, ऑटोमोटिव परिदृश्य में महत्वपूर्ण विकास हुआ है, जो मोटरिंग के क्षेत्र में हो रहे गतिशील बदलाव को दिखलाता है। यह विशेष संस्करण मोटर रेसिंग की दुनिया में एमजी की विरासत और वर्चस्व का प्रतीक है। यह भविष्य का नेतृत्व करने वाले वाहनों की एक श्रृंखला प्रदान करने में और इससे भी बढ़ कर एक अंतरराष्ट्रीय कार ब्रांड बनने की इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। यह सीमित-संस्करण श्रृंखला उत्साही लोगों को लुभाने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो एमजी के ऐतिहासिक इतिहास को सहेजने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें फिर रद्द, रविवार तक होंगे हालात सामान्य

नई दिल्ली (हि.स.)। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल (केबिन क्रू) के सदस्यों की कमी के कारण शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द कर दी हैं। गुरुवार देर रात हड़ताल वापस होने के बाद चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं लेकिन अभी भी कर्मचरियों की कमी से उड़ानें रद्द करनी पड़ रही हैं। एयरलाइन को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है।

हड़ताल पर गए चालक दल के सदस्य वापस काम पर लौट रहे हैं। इसके साथ ही एयरलाइन का परिचालन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है, जो काम पर लौटने के लिए आवश्यक है। एयर इंडिया एक्सप्रेस में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों का एक वर्ग हड़ताल पर था।

अपने चौथे साल में भारत पहुँचा बाफ्टा ब्रेकथ्रू

कानपुर। पर्दे पर पेश की जाने वाली कला के लिए यूके की अग्रणी चैरिटी बाफ्टा, नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी में

भारत में चौथे साल अपना ब्रेकथ्रू प्रोग्राम लेकर आया है। बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया, देशभर में फिल्मों, गेम्स तथा टेलीविजन उद्योग में नई पीढ़ी के प्रतिभाशाली प्रोफेशनल्स की खोज करता है और उन्हें आगे लेकर आता है। इस साल दूसरी बार, बाफ्टा ब्रेकथ्रू प्रोग्राम ने भारत, यूएस तथा यूके क्षेत्रों के लिए एक साथ आवेदन जारी किए हैं। बाफ्टा ने अपने मेंटरशिप व टैलेंट प्रोग्राम के माध्यम से कई सारे रचनाशील लोगों को अपनी कला में आगे बढ़ने के लिए उनका मार्गदर्शन किया है। इसके लिए उन्होंने प्रोग्राम तैयार किया है, जो कि उनके संबंधित क्षेत्र में दाखिल होने वाली रुकावटों को दूर करता है, उनकी कला को निखारता है और उनके करियर को गति देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क बनाने में उनकी मदद करता है। इस प्रोग्राम से जुड़ने वाले इंडस्ट्री के दिग्गजों से मुलाकात कर पाएंगे और सामूहिक बातचीत में हिस्सा ले पाएंगे। उन्हें अपनी प्रोफेशनल तथा रचनात्मक कला को निखारने के लिए पेशेवर कोचिंग मिलेगी। उन्हें बाफ्टा के 12 महीनों के प्रोग्राम के दौरान सभी ट्रेनिंग, डेवलपमेंट तथा नेटवर्किंग कार्यक्रमा में जाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही बाफ्टा मेंबरशिप के तहत उन्हें दुनियाभर के इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। टिम हंटर, बाफ्टा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, लर्निंग, इन्क्लूजन, पॉलिसी एवं मेंबरशिप ने कहा, ÷हमें यह कहते हुए बेहद गर्व हो रहा है कि बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया, एक बार फिर आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इसके लिए हम नेटफ्लिक्स के आभारी हैं। यह पहल हमें भारत के फिल्म, टेलीविजन और गेम उद्योगों में काम कर रहे रचनात्मक लोगों के एक समूह को निखारने और उनकी प्रतिभा को दुनियाभर के सदस्यों के सामने प्रस्तुत करने का मौका देगी- इस साल के अंत तक इसे जारी किया जाएगा।'' मोनिका शेरगिल,वाइस प्रेसिडेंट, कंटेंट, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा, बाफ्टा ब्रेकथ्रू प्रोग्राम, नेटफ्लिक्स के भावी रचनात्मक लोगों को सशक्त बनाने और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक उन्हें पहुंचाने की सोच से पूरी तरह मेल खाता है। पिछले चार सालों में जिस तरह की प्रतिभाओं को देखने का मौका मिला है, वह इस प्रोग्राम की सफलता बयां करती है। बाफ्टा के साथ इस साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए और भारतीय रचनाकारों की अगली पीढ़ी को तलाशने व उन्हें निखारने में हमें बेहद खुशी महसूस हो रही है।''

डिश टीवी द्वारा डिशटीवी स्मार्ट सर्विसेज के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति

लखनऊ। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है।

डिश टीवीस्मार्ट+ सर्विसेज के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। डिश टीवी स्मार्ट सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी

सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

अभिनेत्री अहाना कुमरा ने कहा, एक कलाकार के रूप में, मैं अपने सभी दर्शकों तक पहुंचने के महत्व को समझती हूं।

मोटोरोला ने बोस के साथ मिलकर मोटो बड्स और मोटो बड्स प्लस को लांच किया

नई दिल्ली। दुनिया में टेक्नोलॉजी के अग्रणी ब्रांड, मोटोरोला ने आज भारत में वायरलेस स्टीरियो की पेशकश करते हुए मोटो बड्स इनके और मोटो बड्स प्लस के लॉन्च की घोषणा की। स्मार्टफोन के दायरे से आगे बढ़ते हुए, मोटो बड्स फैमिली ने यूजर्स को सुकून भरा और उत्साहजनक अनुभव प्रदान करने के लिए मोटो के इकोसिस्टम में एक्सेसरीज को शामिल करते हुए मोटोरोला के मौजूदा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाया है। आज की तेज़ गति वाली दुनिया में बेहद सहज तरीके से इंटीग्रेशन और डायनेमिक ऑडियो अनुभव आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखते हुए मोटो बड्स फैमिली ने अपनी अलग पहचान बनाई है, जो यूजर्स को स्पष्टता के साथ-साथ इन्टेन्सिटी, स्टाइल एवं इनोवेशन का बेहतरीन तालमेल प्रदान करता है। मोटोरोला ने इस लॉन्च के लिए 'साउंड ऑफ़ परफेक्शन' पेश किया है, जो किसी भी मोबाइल फोन ब्रांड द्वारा पहली बार पेश की गई इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी है जो पांच अलग-अलग भाषाओं में पांच गाने बनाने के लिए पूरे भारत के सबसे बड़े म्यूजिक आर्टिस्ट को एक साथ लाता है, और एक परफेक्ट फ्यूज़न के लिए सभी कलाकार एकजुट होते हैं और अंत में एक बेमिसाल फ्यूज़न ट्रैक तैयार होता है। इस एल्बम का उद्देश्य यूजर्स को दिल को छू लेने वाले संगीत का अनुभव प्रदान करना है, जो सही मायने में मोटो बड्स फैमिली की ओर से पेश किए जाने वाले बेमिसाल ऑडियो अनुभव के अनुरूप है। साउण्ड बाय बोस की पेशकश के साथ, मोटो बड्स प्लस इस सेगमेंट का इकलौता ऐसा ईयरबड है जो साउंड क्वालिटी को ऑप्टिमाइज करने, एक्टिव नॉइज़ कैंसिलेशन और ईक्यू ट्यूनिंग में बोस की अनोखी खूबियों को शामिल करता है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने जया त्रिपाठी को 'की रिलेशंस ग्रुप' का प्रमुख बनाया

मुंबई। भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने सुश्री जया त्रिपाठी को 'की रिलेशंस ग्रुप' का प्रमुख नियुक्त किया है। इस नई भूमिका में, सुश्री त्रिपाठी व्यवसाय के नये अवसरों और भागीदारियों के विस्तार का कामकाज देखेंगी। वह सेल्स टीम की ग्रोथ पर ध्यान देंगी और लाभ बढ़ाने के लिये हितधारकों के साथ कंपनी के रिश्तों को मजबूत करेंगी।

सुश्री त्रिपाठी को सामान्य बीमा, फैशन रिटेल और पर्यटन जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने का अनुभव है, जो नये पद में काम आएगा। उनकी विस्तृत पृष्ठभूमि में जानी-मानी संस्थाओं के साथ वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिकाएं शामिल हैं। उन्होंने महिन्द्रा हॉलिडेज़, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, फॉरएवरमार्क डायमण्ड्स (डी बीयर्स ग्रुप) और आदित्य बिरला ग्रुप के साथ काम किया है। उन्होंने इन संस्थाओं के व्यवसाय एवं रणनीतिक विकास में उल्लेखनीय योगदान किया है। सुश्री त्रिपाठी के पास बिजनेस

मैनेजमेंट (मार्केटिंग) में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स के सीबीओ श्री राकेश कौल ने कहा, ''हम एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स परिवार में जया का स्वागत करते हुए खुश हैं। हमें विश्वास है कि अपने गहन अनुभव और प्रमाणि ट्रैक रिकॉर्ड के साथ वह हमारे व्यावसायिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।'' अपनी नियुक्ति पर सुश्री जया त्रिपाठी ने कहा, ''मैं 'की रिलेशंस ग्रुप' की प्रमुख के रूप में एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूँ।

किराना स्टोर्स ने बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म क्यों अपनाना चाहिए?

आज के डिजिटल युग में, भारतीय रिटेल क्षेत्र की रीढ़ किराना स्टोर्स को, तेजी से बदलते मार्केट में तालमेल बनाए रखने के लिए लगातार चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि किराना मालिक, ग्राहकों को व्यक्तिगत ग्राहक सेवा और सुविधा देती हैं, लेकिन पारंपरिक व्यावसायिक तरीके अक्सर उन्हें पीछे खींचती हैं। लेकिन, बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने किराना स्टोर्स को उनके कामकाज को सरल करने, कार्य कुशलता में सुधार करने और मार्केट में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रभावी उपाय पेश किए हैं। आइए उन छह प्रमुख लाभों के बारे में गहराई से जानें जो बी2बी ई-कॉमर्स ऑफर को किराना स्टोर्स ने अपनाना चाहिए-

1. कार्यक्षमता में वृद्धि और परिचालन लागत में कमी- खरीदारी करते समय थोक विक्रेताओं के साथ मोल-भाव करने, भीड़-भाड़ वाले मार्केट में घूमने और खरीदारी करने के बाद सामान वापस स्टोर तक ले जाने में बहुत समय लगता है। बी2बी प्लेटफॉर्म इन सब परेशानियों को दूर करने में मदद करता हैं। बी2बी प्लेटफॉर्म पर निर्धारित डिलीवरी के विकल्प दिए जाते हैं, जहां किराना मालिक किसी भी समय ऑर्डर कर सकते हैं,जिससे मूल्यवान समय की बचत होती है। बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनाने से किराना मालिकों को ग्राहक सेवा पर ध्यान देने, लोकल निवासियों के साथ संबंध बनाने और बिक्री और स्टाफ मैनेजमेंट जैसे इन-स्टोर कामकाज के लिए अधिक समय मिल सकता है।

2. वाइडर सिलेक्शन और कॉम्पिटिटिव प्राइस- पारंपरिक तौर पर, किराना स्टोर लोकल डिस्ट्रीब्यूटर के एक सीमित स्टॉक पर निर्भर रहते हैं, जबकि बी2बी प्लेटफॉर्म एक डिजिटल मार्केटप्लेस के रूप में काम करते हैं, जो उन्हें देश भर में आपूर्तिकर्ताओं के एक बड़े नेटवर्क से जोड़ते है। यह प्लेटफॉर्म नए ब्रांड और विशेष वस्तुओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है जो नए ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। विभिन्न डिस्ट्रीब्यूटर से कीमतों की तुलना करने की क्षमता, बी2बी प्लेटफॉर्म से निगोशिएट की गई थोक खरीदारी के माध्यम से आगे की लागत बचत में मदद करती है।

फ्लिपकार्ट ने की नई सरलीकृत रेट कार्ड नीति की घोषणा

लखनऊ। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने एक बिल्कुल नई सरलीकृत रेट कार्ड नीति की घोषणा की है। इसका उद्देश्य फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना और सेटलमेंट में अधिक स्पष्टता लाना है। आगामी 18 मई से प्रभावी हो रहे नए रेट कार्ड की मुख्य विशेषताओं में सरलीकृत रेट कार्ड स्ट्रक्चर और किफायती एफबीएफ दरें शामिल हैं,जिनसे बड़े पैमाने पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है। इनके अलावा, एक अपडेटेड शिपिंग नीति भी इसका हिस्सा है, जो विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को उचित मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाती है। सरलीकृत रेट कार्ड के माध्यम से यह परिवर्तनकारी पहल विकास के समान अवसरों को बढ़ावा देगी। यह पहल विक्रेताओं को सशक्त बनाने की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल के बारे में राजेश कृष्णन, वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने कहा, ÷एक घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी के रूप में हम मानते हैं कि ई-कॉमर्स के लगातार बदलते परिदृश्य में ढलना विक्रेताओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हमारी तरफ से किए गए ये परिवर्तन विक्रेताओं के साथ हमारी सतत बातचीत का प्रतिबिंब हैं।जटिलताएं कम करके और स्पष्ट सेटलमेंट सुनिश्चित करके हमारा लक्ष्य फ्लिपकार्ट पर व्यापार को सहज और अधिक फायदेमंद बनाना है। रेट कार्ड को रीडिजाइन करने का यह कदम पूरे भारत में विक्रेताओं के विशाल नेटवर्क के लिए परिचालन को सुव्यवस्थित करने और मजबूत समर्थन प्रदान करने की फ्लिपकार्ट की व्यापक पहल का हिस्सा है। इन बदलावों से व्यापार करने में आसानी होगी और नएबाजारों तक पहुंच एवं उपभोक्ता से जुड़ाव बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की स्ट्रोक यूनिट ने महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाया

लखनऊ। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में स्थित स्ट्रोक यूनिट ने लखनऊ में पहली बार 100 से अधिक IV थ्रॉम्बोलायसिस और थ्रॉम्बेक्टमी प्रक्रियाएँ पूरी करने के साथ, आवश्यकता पाने वाले रोगियों को जीवन बचाने वाली तीव्र स्ट्रोक देखभाल प्रदान की है। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में स्ट्रोक यूनिट का प्रभारी और सहयोगी न्यूरोलॉजी विभाग के सहयोगी निदेशक डॉ ऋत्विज बिहारी ने भारत में स्ट्रोक के पैमाने और उपचार के चिंताजनक आंकड़ों के संदर्भ में इस उपलब्धि की महत्वता को जोर दिया। डॉ ऋत्विज ने इसका महत्व जताते हुए कहा कि भारत और विश्वभर में मौत और अक्षमता का प्रमुख कारण होने के बावजूद, स्ट्रोक के बारे में जागरूकता काम है। वैश्विक स्तर पर कम से कम 10% योग्य रोगियों को इस उपचार मिलता है, और उत्तर प्रदेश में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां कम से कम 1% रोगियों को इस प्रकार का उपचार प्राप्त हो रहा है, और वह भी सीमित स्थानों पर।

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में स्थित स्ट्रोक यूनिट एक समर्पित स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की टीम से मिलकर बना है जिसमें डॉ ऋत्विज बिहारी के नेतृत्व में न्यूरो फिजिशियन की टीम, डॉ रोहित अग्रवाल के नेतृत्व में इंटरवेंशनिस्ट की टीम, डॉ लोकेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी की टीम, डॉ रवि शंकर के नेतृत्व में न्यूरोसर्जन की टीम, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारी शामिल हैं जो 24×7 घंटे स्ट्रोक देखभाल प्रदान करते हैं।

टाटा एसेट मैनेजमेंट के फंड मैनेजर-कमॉडिटी, तपन पटेल का लेख

इस अक्षय तृतीया पर सोना क्यों आपके पोर्टफोलियो के लिए एक रणनीतिक परिसंपत्ति हो सकता है?

भारत में सोने में निवेश का समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास रहा है क्योंकि लोग विभिन्न अवसरों, त्योहारों और शुभ दिन को सोने की खरीदारी से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति में सोने की मूल्य सुरक्षा की विशेषता पारंपरिक आभूषण खपत के अलावा निवेश को बढ़ावा देती है। अक्षय तृतीया उन दिनों में से एक है, जिसे धार्मिक मान्यता के अनुसार साल का सबसे शुभ दिन माना जाता है। अक्षय का अर्थ है, कभी नष्ट न होने वाला और इस तरह यह नए व्यवसाय, विवाह, निवेश और खेती की नई शुरुआत का दिन है। भारत में लोग कभी न खत्म होने वाली समृद्धि और प्रचुरता के लिए निवेश के रूप में सोना खरीदते हैं।

मौजूदा बाज़ार माहौल धार्मिक आस्था के साथ-साथ पोर्टफोलियो में निवेश के रूप में सोने के रणनीतिक निवेश के लिए अनुकूल हो सकता है। हाल के महीने में सोने की कीमत में तेज़ी दर्ज हुई और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

शेयर-मार्केट भारत का पहला डिस्काउंट ब्रोकर

लखनऊ। शेयर-मार्केट, फोनपे का एक प्रॉडक्ट है। यह, स्टॉक के लिए इंटेलिजेंस लेयर उपलब्ध कराता है, जो कि हर स्टॉक के लिए बारीकी से क्वांटिटेटिव फैक्टर-आधारित एनालिसिस करता है। यह डिस्काउंट ब्रोकिंग उद्योग में इस तरह का पहला प्रॉडक्ट है। प्रॉडक्ट की सुविधाओं और एक्जिक्यूशन लेयर के साथ इंटिग्रेट की गई इंटेलिजेंस लेयर यह सुनिश्चित करती है कि निवेशकों को डिस्काउंट ब्रोकिंग ढांचें के अंतर्गत डीआईवाई मोड में व्यापक रूप से संपत्ति का समाधान उपलब्ध कराए जा सकें।आत्मविश्वास से भरा फैसला लेने के लिए निवेशक शेयर.मार्केट की इंटेलिजेंस लेयर की फैक्टर-आधारित व्यापक रूप से की गई एनालिसिस पर भरोसा कर सकते हैं। निवेशकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सभी स्टॉक पर क्वांट-आधारित रिसर्च की अनुमति देता है। निवेशक किसी स्टॉक के फैक्टर स्कोर की तुलना उसके जैसे अन्य स्टॉक्स के साथ भी कर सकते हैं, जिससे वे निवेश के लिए सोच-समझकर फैसला ले सकें।निवेशक, शेयर.मार्केट के वेल्थबास्केट या स्टॉक कलेक्शन में शामिल स्टॉक्स का विश्लेषण कर सकते हैं। पुराने फुल-सर्विस ब्रोकर की ओर से दी जाने वाली रिसर्च का दायरा कुछ चुनिंदा स्टॉक्स तक ही सीमित होता है। हालाँकि, शेयर.मार्केट जगत में सभी सूचीबद्ध स्टॉक शामिल हैं जिनका प्रकाशित डेटा उपलब्ध है, जो डिस्काउंट ब्रोकिंग ढांचे के भीतर रिसर्च में कमी को पूरा करता है।

चुनावी मौसम में सक्रिय और एनर्जी से भरपूर बने रहने के लिए खाएं मुट्ठी भर बादाम-रितिका समद्दर

कानपुर। भारत में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में चलने वाले आम चुनावों के बीच, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इन पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण की कोई सीमा नहीं है। चुनावी गतिविधियों के प्रति अथक प्रतिबद्धता के साथ, एनर्जी का उच्च स्तर बनाए रखना इन लोगों के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है जो देश के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में सबसे आगे हैं। इस भागदौड़ के बीच, खुद को सक्रिय एवं एनर्जी से भरपूर बनाए रखने के लिए एक मुट्ठी बादाम का सेवन करें जिससे ये कार्यकर्ता पूरे दिन सक्रिय बने रहेंगे और अपने काम पर पूरा ध्यान दे पायेंगे। इस गहन अवधि के दौरान, अपनी एनर्जी का लेवल उच्च बनाये रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड रितिका समद्दर ने बताया प्रोटीन, विटामिन ई और मैग्नीशियम जैसे 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर, बादाम संपूर्ण सेहत को बढ़ावा देने के साथ ही प्राकृतिक ऊर्जा प्रदान करता है। पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे दिन सक्रिय रखने और उनका फोकस बनाए रखने के लिए बादाम एक सबसे बढ़िया स्नैक है। बादाम अविश्वसनीय रूप से सुविधाजनक और बहुपयोगी भी हैं। कैम्पेन के कार्यक्रमों के बीच चाहे भागदौड़ हो या रैलियों का आयोजन, आप मुट्ठी भर बादाम आसानी से अपने साथ कहीं भी ले जा सकते हैं और चलते-फिरते खा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बादाम का आनंद किसी भी रूप में लिया जा सकता है, चाहे सिंगल स्नैक के रूप में हो या भोजन में शामिल करके । निरंतर ऊर्जा प्रदान करने के अलावा, बादाम में हार्ट को हेल्दी रखने वाले फैट्स होते हैं और इसमें मांसपेशियों को सहारा देने वाला मैग्नीशियम भी होता है जोकि थकान को कम करता है, कार्यकर्ताओं को सजग बनाता है और चुनावी मौसम की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।

अमेज़न मिनीटीवी ने नए जमाने के दिल को छू लेने वाले फेयरी-टेल तुझपे मैं फ़

तीसरे चरण के मतदान तक विपक्ष ने मान ली हार: योगी

गोरखपुर में सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन के नामांकन के बाद चुनावी जनसभा में गरजे मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के औचित्य पर सपा

- **आतंकियों की पैरवी करने वालों को राम मंदिर बुरा ही लगेगा : सीएम योगी**
- **पूरे देश में गूंज रहा एक ही स्वर, फिर एक बार-मोदी सरकार**

और कांग्रेस के कुछ नेताओं की तरफ से दिए गए बयान पर इन दोनों दलों पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। योगी ने कहा कि आतंकवादियों की पैरवी करने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद और भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के नामांकन के बाद, उनके पक्ष में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए आज के विपक्ष ने राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ, आज देश में हो रही कार्रवाई और यूपी में माफिया के खिलाफ हो रहे एक्शन जैसे कड़े कदम उठाए होते तो संकटमोचन मंदिर और कचहरी पर पर आतंकी हमले नहीं होते। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में लोकसभा का चुनाव अब उस मोड़ पर पहुंच गया है जहां विपक्ष ने हार मान ली है। कांग्रेस, सपा बसपा सबने हार स्वीकार कर ली है। तीन चरणों में 285 सीटों पर यानी पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। योगी ने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के अंदर उन्हें नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। पूरे देश के अंदर एक ही स्वर गूंज रहा है , ÷फिर एक बार मोदी सरकार÷। देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। जनता यही कह रही है, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। हम उनको लाएंगे जिन्होंने रामराज की परिकल्पना को साकार किया है। सीएम योगी ने कहा कि आज देश में बिना चेहरा देखे 80 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है, जबकि कांग्रेस, सपा और बसपा के समय में चेहरा देखकर राशन दिया जाता था। आज 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये के निशुल्क इलाज वाली आयुष्मान योजना की सुविधा मिल रही है। बिना चेहरा देखे, पात्रता के आधार पर 50 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट खुल गए हैं जिससे अब योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है।

12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है जबकि पहले किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। 12 करोड़ घरों में शौचालय बन गए हैं। 10 करोड़ घरों में उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस के कनेक्शन हैं। चार करोड़ लोगों के मकान बन गए हैं, अकेले एक लाख मकान गोरखपुर में बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संसदीय चुनाव सामान्य चुनाव भर नहीं है। यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चुनाव है।

देश की महिलाओं, नौजवानों, किसानों, व्यापारियों, हरेक तबके को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का चुनाव है। नए भारत के लिए, आने वाली पीढ़ी को विकसित भारत देने के लिए इस चुनाव में सबको एकजुट होकर भाजपा को जिताना है। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में तो विकास की इतनी लंबी श्रृंखला है कि लोग गिनते-गिनते थक जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने एम्स, खाद कारखाना, रामगढ़ताल, फोरलेन-सिक्स लेन सड़कों, आयुष विश्वविद्यालय, पिपराइच चीनी मिल, सैनिक स्कूल आदि का उल्लेख करने के साथ ही कहा कि पहले यहां बिजली के लिए आंदोलन करना पड़ता था, आज चौबीस घंटे बिजली मिल रही है। सीएम ने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों बच्चों के लिए काल बनने वाली इंसेफेलाइटिस भी अब पूरी तरह समाप्त हो गई है। गोरखपुर में अब माफिया भी समाप्त है और मच्छर भी मच्छर समाप्त है।

आज देश में सबकुछ अच्छा है : मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने कहा कि रामराज का मतलब सबका सम्मान, सबकी सुरक्षा, सबका विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर तबके को बिना भेदभाव प्राप्त होना है। और, आज यह पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाले आज के नए भारत में सम्मान, सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण के साथ आस्था का सम्मान भी है। आज के भारत में बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक की योजना है, नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार है, किसानों के लिए योजनाएं हैं। हर घर नल, हर घर बिजली, हर घर रसोई गैस है। उन्होंने कहा कि आज देश में सबकुछ अच्छा है और इस अच्छे का श्रेय पीएम मोदी को तो जाता ही है, उससे अधिक जनता को जाता है क्योंकि 2014 में जनता ने ही मोदी जी को चुनकर भेजा। जनता ने मोदी को वोट दिया और उस वोट के कारण मोदी जी ने चमत्कार कर दिया, नए भारत का निर्माण कर दिया।

मतदान कार्मिकों का चार दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय व तृतीय को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव मोहम्मद असलम राजीव प्रजापति संदीप यादव के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने मतदान कार्मिकों से कहा कि आप लोग सभी चीजों को ध्यान पूर्वक पढ़ और समझ लें जो चीज समझ में ना आए उसे मास्टर ट्रेनर से दोबारा पूछ ले। प्रशिक्षण प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या ना रहे मतदान के दिन क्या करना है क्या नहीं करना है के बारे में विस्तार पूर्वक समझ लें जो भी शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होंने कहा कि आप लोगों को मतदान के दिन एमपीएस ऐप पर हर 2 घंटे में मतदान प्रतिशत अपडेट करते रहना है इसके अतिरिक्त उन्होंने कार्मिकों को मतदान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी बताई। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों से कहा कि पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर लें जो कुछ समस्या आ रही हो उसका समाधान यहीं पर ही कर लें जिससे मतदान के दिन आपको किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

गोरखपुर लोकसभा से 8 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

चार प्रत्याशी पहले कर चुके हैं नामांकन अब तक गोरखपुर लोकसभा से 12 प्रत्याशी कर चुके नामांकन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। लोकसभा गोरखपुर से आठ प्रत्याशियों ने किया शुक्रवार को नामांकन भारतीय जनता पार्टी से रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन गठबंधन से काजल निषाद जन वादी पार्टी से श्रवण कुमार भारतीय सर्व धर्म पार्टी से संजय सिंह राणा भागीदारी पार्टी से शिव शंकर प्रजापति भारतीय जवान किस पार्टी से आनंद कुमार यादव निर्दल नफीस अख्तर मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से सोनू राय ने रिटर्निंग ऑफिसर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग अफसर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष अपना अपना नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने आज पर्चा लिया सुभाष पलक धारी तिवारी भारतीय लोकमत पार्टी सतीश सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी सत्येंद्र कुमार बहुजन मुस्लिम पार्टी से पर्चा लिया। लोकसभा बांसगांव से चार प्रत्याशियों ने किया शुक्रवार को नामांकन भारतीय जनता पार्टी से कमलेश पासवान गठबंधन से सदल प्रसाद निर्दल हीरालाल निर्दल रामा ने रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन के समक्ष नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा से 8 प्रत्याशियों ने शुक्रवार को किया नामांकन चार प्रत्याशी पहले कर चुके हैं नामांकन अब तक गोरखपुर लोकसभा से 12 प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन। बांसगांव लोकसभा से आज चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन। बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशीपहले कर चुके हैं नामांकन अब तक 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने शुक्रवार को पर्चा लिया है।

चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अब तक 9 प्रत्याशियों द्वारा किया जा चुका है नामांकन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत देवरिया लोकसभा सीट के लिए हो रहे नामांकन के चौथे दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। कांग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह ने 04 सेट में, राष्ट्रीय समानता दल से अगम स्वरूप 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी रामदास मिश्रा 01 सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल ने 02 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल 09 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। इसके अतिरिक्त आज 02 प्रत्याशी/ प्रतिनिधियों ने 06 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक कुल 27 प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा कुल 58 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है।

धर्म का मार्ग प्रशस्त करने को भगवान परशुराम ने किया आतताइयो का संघार

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। नगर के अंतू रोड स्थित ओम नगर में शुक्रवार को अवधी साहित्य संस्थान की ओर से भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि भृगु कुल तिलक परशुराम जी को शस्त्र एवं शास्त्र का ज्ञान भगवान शिवजी से मिला।

लोक कल्याण एवं आतताइयों के दमन हेतु शिवजी ने उन्हें परशु प्रदान कर राम से परशुराम बना दिया। भगवती सीता के स्वयंवर में पिनाक भंग होने पर महेंद्र गिरि से वे मन के वेग से सीधा वहां पहुंचे थे। जिसका वृतांत जग जाहिर है। साहस शक्ति शौर्य ज्ञान एवं भक्ति के प्रतीक के रूप में वे आज भी

हमारे बीच उपस्थित हैं। भगवान परशुराम को याद करना वक्त की जरूरत है। द्वापर युग में भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र देकर यह कहा था कि धर्म की रक्षा और दुष्टों का संहार कीजिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अंबरीश मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम ने आतताइयों का संहार करके धर्म का मार्ग प्रशस्त किया था। वे चिरंजीवी हैं उनका स्मरण और अनुकरण सर्वथा कल्याणकारी है। ब्राह्मणों को नैतिक रहते हुए समाज के सभी वर्गों को दिशा देनी चाहिए। मानवता की सेवा ही अभीष्ट लक्ष्य होना चाहिए।मुख्य अथिति के रूप में उद्बोधन देते हुए कैप्टन पी एन मिश्र ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम को न्याय का देवता कहा जाता है। उनके दान विवेक एवं त्याग के गुण समाज के लिए आज भी आदर्श हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्ञानेंद्र पांडेय मधुरस ने कहा कि मुख में वेद पीठ पर तरकश कर में कठिन कुठार शाप और शर दोनों ही ऋषि के संबल हैं। श्रीनाथ शुक्ल द्वारा प्रस्तुत गीत छठा अवतरण विष्णु जी का लीला बड़ी निराली बोलो जय जय परशुराम को उपस्थित लोगों द्वारा जमकर सराहा गया। पूर्व प्राचार्य सत्येंद्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि आजादी के बाद जातिगत राजनीति को बढ़ावा देकर महान ऋषियों संतों एवं व्यक्तियों को विशेष जाति समूह से जोड़कर उनके प्रति श्रद्धा सम्मान एवं विश्वास को कम किया गया।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समेत चार उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

आठ प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किया जा चुका है नामांकन

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन अंतर्गत कुशीनगर लोकसभा सीट के लिए हो रहे नामांकन के चौथे दिन शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह समेत चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र मे समाजवादी पार्टी से अजय प्रताप ने 02 सेट में, भारतीय लोकनायक पार्टी से सुनील कुमार शुक्ल ने 01 सेट में , आजाद अधिकार सेना से हरिकेश ने 2 सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज कुल 04 प्रत्याशी सहित अब तक कुल 08 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। इसके अतिरिक्त आज 06 प्रत्याशी/ प्रतिनिधियों ने कुल 08 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक कुल मिलाकर विभिन्न प्रत्याशी/ प्रतिनिधि द्वारा कुल 36 सेट नामांकन पत्र वितरण किया जा चुका है।

प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857 ई. की 167वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा एवं कवि सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। क्रांतिवीर शहीद सरदार अली खान फाउंडेशन गोरखपुर के द्वारा प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857ई0 की 167वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन शहादत स्थल कोतवाली परिसर गोरखपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ई.एम.पी कंदोई ने कहा कि क्रांतिवीर शहीद सरदार अली खान एक महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने अंग्रेजों के प्रलोभन को ठोकर मार दिया और देश को आजाद करन के लिए शहीद हो गये परिवार के अधिकतर लोगों के साथ जिनकी कब्र (समाधि)आज भी कोतवाली परिसर और आसपास मौजूद हैं। मुख्यअतिथि डॉक्टर सत्या पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि शहीद सरदार अली खान जिन्हें गोरखपुर भूल चुका है वह इतिहास के पन्नों में आज भी अमर हैं और सरकार जैसे समीप में स्थित

- **क्रांतिवीर शहीद सरदार अली खान ने गोरखपुर को अंग्रेजों से 6 महीने के लिए कराया था आजाद : पांडेय**

योगानंद जन्मास्थली को स्मारक बना रही है उसी प्रकार कोतवाली परिसर में स्थित शहीद सरदार अली खान की मजार को भी स्मारक के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जिससे गोरखपुर के लोग उनके त्याग और बलिदान से परिचित हो सके। सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. कृष्ण कुमार पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि शहीद सरदार अली खान जिन्होंने तन मन धन से प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मे न सिर्फ भाग लिया बल्कि गोरखपुर को 6 महीने के लिए अंग्रेजों से आजाद करने में सफलता पाई। विशिष्ट अतिथि सरदार जसपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि ऐसे महान क्रांतिकारी के उपेक्षित स्मारक को एक भव्य रूप दिया जाए ताकि युवा वहां से प्रेरणा ले सकें। साथ ही साथ हाजी जियाउल इस्लाम आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक सरदार अली खान के वंशज पांचवीं पीढ़ी के मुख्तार खान ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों को सरकार के द्वारा वह सम्मान व स्थान नहीं दिया गया जो उन्हें मिलना चाहिए था।

किसानों के साथ खड़ी है भाजपा सरकार: निषाद

मोदी सरकार ने किसानों को ढेर सारी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से देश के अन्नदाता किसानों को सशक्त बनाने का काम किया गया

अवधनामा संवाददाता

भाटपाररानी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा निर्मल मैरेज हाल भाटपाररानी में अन्नदाता किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यादव स्नेही ने लोकगीत के माध्यम से जनता को मंत्रमुग्ध कर किया। मुख्य अतिथि रूद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि जब हमारा गांव समृद्ध होगा तभी हमारा प्रदेश एवं देश भी समृद्ध होगा इसलिए देश के किसानों का समृद्ध होना देश की उन्नति में एक सशक्त आधार है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश के किसानों को छलने का कार्य किया है। आज का यह चुनाव एक तरफ जहां बीते समयों में कांग्रेस एवं उनके सहयोगी गठबंधन की सरकारों द्वारा किसानों को गर्त में डालने का काम करने वाले हैं तो वही दूसरी तरफ

देश में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार द्वारा किसानों की आय दुगना करने के साथ ही अन्नदाता किसानों को समृद्ध बनाने वाले के बीच है। आज देश के किसानों ने यह मन बना लिया है कि वह एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजय दिलाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे और इसी क्रम में सलेमपुर लोकसभा से भी ऐतिहासिक बहुमत से भाजपा प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। मोदी सरकार ने किसानों को ढेर सारी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से देश के अन्नदाता किसान भाइयों को सशक्त बनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ किसानों की आय दुगनी करने को लेकर निरंतर कार्य किए गए हैं। वहीं किसानों को सम्मान निधि जैसा सीधा लाभ पहुंचा कर किसान साथियों को समृद्ध बनाने का कार्य किया गया है। भाटपाररानी के विधायक सभाकुँवर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा की सरकार किसान भाइयों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ी है। 2014 से भाजपा की प्रतिबद्धता रही है कि गांव गरीब और किसान, झुग्गी झोपड़ी का इंसान, बेरोजगार नौजवान और देश की माता और बहनों को सम्मान के साथ आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बनाना है जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनगिनत योजनाएं चलाई गई। प्रदेश सरकार और केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अव्वल रही है। अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों, नौजवानों, गरीबों, महिलाओं समेत अन्य लाभार्थियों को लाभ पहुंचा है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता के लिए अभियान संचालित किया गया है। जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान भाइयों के लिए काम हो रहे हैं और आज हालात पूरी तरह से बदलते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस प्रकार से योजनाएँ बनाई हैं, उसके चलते हिंदुस्तान की 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर आ गई है। भारत के इतिहास में आज तक ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

मथौली में मनी भगवान परशुराम की जंयती

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने वाले भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से कस्बा के मेन चौराहे पर स्थित श्री अयोध्या प्रसाद राजा रामदास सुर भारती विद्यापीठ के परिसर में ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम का विधिवत पूजा अर्चन कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। सबसे पहले भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन कर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम को बचपन का नाम राम भी माना जाता है। इन्हें बचपन में लोग राम कह कर भी बुलाते थे। कहा जाता है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। जिन्हें कलयुग तक अमर माना जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, सत्येंद्र पांडेय, वरुण मिश्रा, गौतम मुनि तिवारी, संजय पांडेय, रितेश पांडेय, मणिंद्र पांडेय, बलदाऊ पांडेय, आदित्य पांडेय, कमलनयन पांडे आदि मौजूद रहे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत शिक्षिकाओं ने बनाई रंगोली

अमेठी अवधनामा संवाददाता। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज की शिक्षिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली बनाई गई। जिसका सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने अवलोकन किया तथा जन सामान्य से आगामी 20 मई 2024 को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गुमटी में आग लगने से सामान जलकर खाक

मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत आगजनी की घटनाएं थम नहीं रही हैं।बीते 18 मार्च को एक ही रात पांच दूकानों में हुई आगजनी की घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी कि थाना क्षेत्र के परतोष पुलिस चौकी से चंद कदम पर गुरुवार रात एक गुमटी में अज्ञात कारणों से फिर आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी दुकानदार इंद्रपाल निवासी परतोष को दी। इस बीच लोगों की मदद से आग बुझाई गई। जानकारी के अनुसार दुकानदार इंद्रपाल कश्यप परतोष तिराहे पर गुमटी में चाय आदि की दुकान कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गुरुवार शाम को दुकान बंद कर घर चले आए। सुबह करीब 04 बजे तिराहे के लोगो ने आग लगने की जानकारी दी।

जैन समाज ने मनाया अक्षय तृतीया दान दिवस

अवधनामा संवाददाता

सिरसागंज। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर्व दान दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर जी में श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सम्पूर्ण विधि विधान पूर्वक किया गया। तदुपरांत मंदिर जी के बाहरी भाग में जैन श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों को गन्ने के रस को वितरित किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान आदिनाथ ने सबसे पहले समाज में दान के महत्व को समझा। भगवान आदिनाथ राज-पाठ का त्याग करके वन में तपस्या करने निकल गए। उन्होंने वहां छै महीने तक लगातार ध्यान किया।

छै महीने बाद जब उन्होंने सोचा कि इस समाज को दान के बारे में समझाना चाहिए तो वे ध्यान से उठकर आहार मुद्रा धारण करके नगर की ओर निकल पड़े। नगर में तीर्थकर मुनि को देखकर सारे लोग खुशी से झूम उठे और तीर्थकर मुनि को अपनी सारी चीजें देने के लिए आगे आ गए। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मुनिराज दुनिया की मोह-माया को त्याग चुके हैं। ऐसा करते-करते उन्हें छै महीने हो गए और उन्हें आहार की प्रप्ति कहीं नहीं हुई. और इस तरह लगभग एक साल से ज्यादा का समय हो गया। फिर एक दिन वे हस्तिनापुर के नाम से प्रचलित शहर चले गए, जो राजा सोम और राजा श्रेयांस का राज्य था। राजा श्रेयांस बहुत ज्ञानी राजा थे और उन्हें आहार विधि का भी ज्ञान था। मुनिराज को देखकर उन्होंने आहार दान की प्रक्रिया शुरू कर दी और सबसे पहले मुनिराज को इक्षुरस यानी कि गन्ने के रस से आहार कराया, इस प्रकार राजा श्रेयांस और राजा सोम के घर सबसे पहले तीर्थकर मुनिराज के आहार हुए। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषाधि दान या फिर मंदिरों में बहुत दान करते हैं. बता दें कि जैन धर्म की मान्यता के हिसाब से भगवान आदिनाथ ने इस दुनिया को असि-मसि-कृषि के बारे में बताया था। इसे आसान भाषा में समझें तो असि यानि तलवार चलाना, मसि यानि स्याही से लिखना, कृषि यानी खेती करना होता है। भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को इन विद्याओं के बारे में समझाया और लोगों को जीवन यापन के लिए इन्हें सीखने का उपदेश दिया। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले अपनी बेटियों को पढ़ाकर जीवन में शिक्षा का महत्व बताया था। इस अवसर पर नरेन्द्र भान जैन, अभिनय जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, अंकुश जैन, संजू जैन, रजत जैन, सुनील जैन, बल्लू जैन, राजीव जैन, विनीत जैन विक्की, संस्कार जैन, ऋषभ जैन, राज जैन, सचिन जैन, गौरव जैन रपरिया, नमन जैन, गौरव रावत, अनिल जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, राजू जैन, संदीप जैन, सौरभ जैन, नितिन जैन, मनीष जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

निर्वाचन अभिकर्ता व पदाधिकारी किए नामित

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान के उपरान्त मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति, शिकोहाबाद में बने पोल्ड ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीनों के स्ट्रॉगरूम पर समस्त प्रत्याशी, निगरानी हेतु आप स्वयं एवं अपने निर्वाचन अभिकर्ता अथवा किसी अन्य पदाधिकारी को नामित कर सूचित करें, जिसके कम में पहचान-पत्र/प्रवेश पत्र निर्गत किये जा सके। आप कृषि उत्पादन मण्डी समिति, शिकोहाबाद में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीनों के स्ट्रॉगरूम की निगरानी हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पता, उनके 02 फोटो लगाकर उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

चतुर्थ चरण चुनाव हेतु पुलिस बल किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण का चुनाव कराने हेतु पुलिस बल को ब्रीफकरते हुए रवाना किया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण के मतदान के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन ग्राउण्ड में जनपदीय पुलिस बल को पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने एवं भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी गयी, जिससे आगामी मतदान निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल संपन्न हो सके। द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ करने के पश्चात सभी को बसों द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एफएस विश्वविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस

शिकोहाबाद। एफएस विश्वविद्यालय के नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। यह दिन फ्लोरेन्स नाइटएंगल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जिसका उद्घाटन कुलाधिपति डॉ.दिलीप यादव,प्रतिकुलाधिपति डॉ.योगेश यादव, डॉ.राहुल यादव,डॉ. नितिन यादव,कुलपति डॉ.संजीव भारद्वाज,महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। जिसके बाद बच्चों ने कोरोना एवं मलेरिया,टायफाइड के खिलाफ नुक्कड़ जनसभा कर अतिथियों को जागरूक किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इसके बाद विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिये उन्हें पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। अन्त में प्राचार्या निशा नायर द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कानून व्यवस्था मजबूत हेतु शामिल किए 12 स्कॉर्पियो एवं दो पल्सर मोटरसाईकिल

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त 12 स्कार्पियों एवं 02 पल्सर मोटरसाइकिलों को हरी झण्डी दिखाकर फिरोजाबाद पुलिस के बेड़े में शामिल किया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त गाड़ियों को महत्वपूर्ण स्थानो पर तैनात किया जायेगा जिससे जनपद की कानून व्यवस्था मजबूत होगी।

जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुई 12 स्कार्पियों गाड़ी एवं 02 पल्सर मोटरसाइकिलों को फिरोजाबाद पुलिस के डायल-112 बेड़े में शामिल किया गया जिससे जनपद की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनेगी।

फिरोजाबाद पुलिस को मिली गाडियों को जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जायेगा जिससे आमजनों को राहत मिलेगी। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना पर मिलने पर पुलिस टीमें तत्काल मदद हेतु मौके पर पहुंचेगी। फिरोजाबाद पुलिस को मिली 12 गाड़ियों में से 05 गाडियों में आधुनिक कैमरा एवं सर्च लाइट की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गयी है जिससे अंधेरे में पुलिस टीम को सर्च अभियान के दौरान मदद मिल सके। द्वारा सभी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, प्रतिसार निरीक्षक, डायल-112 प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण मौजूद रहे। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु कटिबद्ध है।

मतदान की समाप्ति तक सील रहेगी भारत नेपाल सीमा

बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 13 मई को होने वाले मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा 01 अप्रैल को सम्पन्न भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा समन्वय बैठक में हुई सहमति के क्रम में जनपद बहराइच की नेपाल राष्ट्र से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा 10 मई को सांय 05:00 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए सील किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि उपरोक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी किये जाने हेतु एसएसबी कमाण्डेंट 42वीं वाहिनी एवं 59वीं वाहिनी बहराइच अथवा उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन करने हेतु पास जारी करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा व मिहींपुरवा (मोतीपुर)/ पुलिस क्षेत्राधिकारी, नानपारा व मोतीपुर को अधिकृत किया जाता है।

संजीवनी लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में पशु क्रूरता और जानवरों की सुरक्षा, उपभोक्ता अधिकार, शिक्षा का अधिकार एवं लिंग समानता के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुधाकर त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के विषय के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात् संजीवनी लॉ कालेज मे विधि के छात्र/छात्राओं को मो. रागन खान, यूसूफ लियाकत, श्रेयसी सिंह, शीला वर्मा, भारती यादव एवं मानषी गौतम द्वारा विषय के अनुरूप अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये साथ ही उनके द्वारा यह भी कहा गया कि वह सभी अपने आस-पास के इलाकों में आमजनमानस को जागरूक करेगें। मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा गया कि 86 वें संविधान संशोधन मे आर.टी.ई. एक्ट को लागू किया गया। जिसमें भारत के 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है, प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को रोका नहीं जाएगा, निष्कासित नहीं किया जाएगा। निशा त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम का उद्देश्य पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुँचाने या पीड़ा देने से रोकना है, जिसके लिये अधिनियम में पशुओं के प्रति अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुँचाने के लिये दंड का प्रावधान किया गया है। वर्ष 1962 में इस अधिनियम की धारा 4 के तहत भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई थी।सचिव ने शिविर में उपस्थित छात्र/छात्राओं को ए.डी.आर. केन्द्र की भूमिका, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सहायता दिलाये जाने में भूमिका एवं प्रक्रिया, मध्यस्थों एवं संधिकर्ताओं के प्रयासों द्वारा सुलह-समझौता के आधार पर वादों का निपटारा, पी.एल.वी. की भूमिका, लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, सुलह-समझौता केन्द्र एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा जरुरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने के विषय में बताया गया। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क टोल फ्री नं. 15100 के बारे मे बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को विधिक सलाह व अपनी समस्याओं के सम्बन्ध मे किसी भी प्रकार के सुझाव/परामर्श की आवश्यकता हो तो वह उपरोक्त नं. के माध्यम से सही सलाह व सटीक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

आखिर मे सचिव महोदय द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रोहित प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य, सुधाकर प्रसाद त्रिपाठी प्रवक्ता लॉ, अरूण कुमार कन्नौजिया, मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता, श्रीमती निशा त्रिपाठी, प्रवक्ता, समस्त शिक्षकों एवं छात्र/ छात्राएं संजीवनी लॉ कॉलेज का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

चुनाव प्रचार की अनुमति हेतु नामित किये गये अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपद बहराइच के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज में चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा/जूलूस/रोड शो/रैली इत्यादि तथा सभी प्रकार के वाहनों की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर हेतु उप जिलाधिकारी पयागपुर/ सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज हेतु उप जिलाधिकारी कैसरगंज/ सहायक रिटर्निंग आफिसर, 57-कैसरगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को नामित किया गया है।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत एक से अधिक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा/ जूलूस/ रोड शो/रैली इत्यादि तथा सभी प्रकार के वाहनों की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी बहराइच को नामित किया गया है।

निःस्वार्थ भाव से पंद्रह महीने से लगातार मुफ़्त भोजन उपलब्ध कराना महान कार्य

अवधनामा संवाददाता

प्रत्येक बृहस्पतिवार जन सहयोग से जरूरतमंदों को दी जाती है थाली

सुल्तानपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली जिले की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ का सप्ताह में एक बार मरीजों तीमारदारों यात्रीयों तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण करने का काम निरंतर चल रहा है। संघ के अध्यक्ष मेराज खान के संयोजन में बृहस्पतिवार की देर शाम राजकीय मेडिकल कालेज एव जिला चिकित्सालय में शुद्ध और पौष्टिक निःशुल्क भोजन मरीजों व उनके तीमारदारों को वितरित किया गया। निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त सुल्तानपुर स्वच्छता के ब्रांड अम्बेसडर एवं गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रख्यात अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने निःशुल्क भोजन की थाली मरीज को देकर किया। उन्होंने कहा कि अन्नदान सर्वश्रेष्ठ होता है। मनुष्य को मानवता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ लगभग पंद्रह महीने से लगातार जरूरतमन्दों को मुफ़्त भोजन उपलब्ध करा कर परोपकार के कार्य में अपना महती योगदान कर रहा है जो बहुत ही महान कार्य एव अनुकरणीय है। उधर स्थानीय रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के सामने महाराष्ट्र के महाविद्यालय में प्रोफेसर और राइटर मौलाना आलम नदवी ने खाने की थाली वितरित किया। मौलाना मुंबई से चल कर आये राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की रसोई द्वारा मुफ़्त खाना कैसे बाटते है यह सब जानकारी लेने के लिए इनके संस्था के अध्यक्ष ने भेजा था। कुरान में कई जगह यतीमो मिस्कीनों को खाना खिलाने के जिक्र आया है उसके बारे में विस्तार से बताया। सुरह माऊन में अल्लाह तआला ने गरीबो मिस्कीनों यतीमो को खाना न खिलाने वाले लोगो पर क्या फरमाया आयत की तिलावत कर तर्जुमा बताया। कुरान में कई जगह जरूरतमन्दों को खाना खिलाने का क्या मर्तबा है कई जगह जिक्र आया है। हंमारे पैगम्बर मुहम्मद सल्ललाहु वसल्लम ने गरीबो मिस्कीनों यतीमो के खिदमत के लिए हमेशा लोगो को प्रेरित करते रहे इसी तरह की खिदमत सेवाओं के उन्होंने एक कमेटी बनाई थी। उन्होनें संघ के जन सेवा के कार्यों का मंजर देख कर सराहना की। संघ की भोजन वितरण की खबर देख कर पुनीत कार्य से प्रेरित हो कर मतीन साहब गाजियाबाद से चल कर आये।

भगवान परशुराम के पदचिह्नों पर चलें: अशोक

ललितपुर। शुक्रवार को चण्डी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में परशुराम जयंती मनाई गई। ललितपुर ब्राह्मण महामंडल से मुख्य अतिथि अध्यक्ष अशोक पटैरिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशा से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे।

ब्राह्मण महामण्डल (रजि.) के तत्वावधान में ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। संगठन के अध्यक्ष अशोक पटैरिया के नेतृत्व में चण्डी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में भगवान परशुराम के चित्र पर पुजारी रामेश्वर पटेरिया ने पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अशोक पटैरिया, प्रमोद बबेले, अंकित पटैरिया, विनोद भोंडेले, ओमप्रकाश तिवारी, डा.मुकेश तिवारी, दीपक गोस्वामी, बंटी पटैरिया, अरविंद संज्ञा, रज्जन पटैरिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन महामंत्री परमानंद तिवारी ने सभी विप्रजनो का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पत्रकार पवन संज्ञा ने दी।

अक्षय तृतीया विशेष अभियान चला कर रोके गए 270 से अधिक बाल विवाह

अवधनामा संवाददाता

टीकमगढ़। साई ज्योति संस्था टीकमगढ़ द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस के सहयोग से संचालित बाल अधिकार एवं न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा टीकमगढ़ जिले के जनपद टीकमगढ़ एवं बल्देवगढ़ में 1 मई 2024 से 10 मई 2024 तक अभियान चलाकर 270 से अधिक बाल विवाह रोकने का कार्य किया गया। इस कार्य में संस्था के साथ जिला प्रशासन, बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन, एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों, ग्राम प्रधान, वार्ड मम्बर्स आदि का भी विशेष सहयोग रहा। साई ज्योति संस्था के परियोजना समन्वयक कृष्णकांत अहिरवार ने बताया कि संस्था द्वारा अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों को ध्यान में रखते हुए अप्रैल माह से ही बाल विवाहों को चिन्हित करना शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि लगातार फॉलो अप एवं समन्वय के माध्यम से संस्थान को जनपद टीकमगढ़ एवं बलदेवगढ़ में अपने 15 सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से 270 से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली हैं।

कचहरी परिसर में प्याऊ का हुआ शुभारंभ

वादकारियों को उपलब्ध होगा शीतल

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मुख्यालय स्थित न्यायालय के लिए आने वाले लोगों को शीतल पेयजल मुहैया कराने के लिए शुक्रवार को युवा अधिवक्ता कमलेश लोधी ने अपने जन्म दिवस को अनौखे अंदाज में मनाते हुये निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। इस प्याऊ से जहां सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले वादकारियों और आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा, तो वहीं अन्य लोगों के लिए भी यह प्रेरणादायक साबित होगा।

इस दौरान जिला बार एसोशियेशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान में आवश्यकता है कि अधिवक्ता वादकारियों को हितों को भी ध्यान में रखते हुये ऐसे पुण्य कार्य के लिए आगे आना चाहिए। महामंत्री महेन्द्र जैन ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है।

इसलिए हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि कचहरी परिसर में आने वाले वादकारियों व अन्य लोगों के लिए इस भीषण गर्मी में शीतल पेयजल तो आवश्यक रूप से मुहैया करायें। पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष ने कहा कि अधिवक्ताओं को ऐसे अवसरों पर जनसेवा के कार्य अवश्य करना चाहिए, ताकि अधिवक्ताओं द्वारा किये जाने वाले कार्यों को समाज में भी अन्य कार्यों की तरह ही सराहा जाये।

उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर में आने वाले लोगों की समस्याओं का हरसंभव प्रयास करते हुये निस्तारण कराने में सहयोग करें। इस दौरान अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव, महामंत्री महेंद्र जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवत कुशवाहा, ओमप्रकाश घोष, श्रीप्रकाश चौबे, राजीव चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत राजपूत, अमित ग्वाला, भागीरथ लोधी, बलवीर यादव, तिलक यादव, जयराम यादव, रविंद्र घोष, प्राण सिंह आदि कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

एक ही रात में तीन अलग-अलग गांव में हुई चोरी

सुल्तानपुर। लंभुआ क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि एक ही रात में तीन अलग-अलग गांव में चोरी की घटना को अंजाम दिया। अलग-अलग गांव में खिड़की एवं छत से आए और लाखों रुपए के गहनों और नगदी पर हाथ साफ किया। तीन अलग-अलग घटनाएं लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौतमपुर सरैया हृदय राम यादव चिंतामणि यादव लालमणि यादव और परमानपुर में भी दो घरों में चोरी हुई।देवी प्रसाद मिश्रा और वेद प्रकाश मिश्रा के यहां भी चोरी हुई है।चौकिया गांव में कीरत सिंह के यहां चोरों ने लाखों रुपए एवं गहनों पर हाथ साफ कर दिए। मौके पर पहुंच कर कोतवाल लंभुआ अखंड देव मिश्रा पीड़ितों के घर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।पूर्व में भी हुई कई चोरियों का भी नहीं हुआ था खुलासा और चोरों ने कई चोरी घटनाओं को अंजाम दे दिया।

भगवान परशुराम जयंती मनी

सुल्तानपुर। भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा, अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण किया। मेनका गांधी ने परशुराम चौराहा पहुंचकर पुष्प चढ़ाएं। अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बस स्टेशन से निकलकर कलेक्ट्रेट गेट के सामने से होते हुए डाकघर चौराहे की तरफ रवाना हुई। विभिन्न राजनीतिक दल समेत सामाजिक कार्यकर्ता और परशुराम संगठन के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी के साथ सांसद मेनका गांधी शहर के गोलाघाट स्थित परशुराम चौराहे पर पहुंची। जहां पर पुष्प चढ़ाया। युवाओं की तरफ से सामाजिक एकजुट और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

भाजपा नेत्री पूजा व परिजनों के विरुद्ध पड़ी तहरीर

सुल्तानपुर। भाजपा नेत्री पूजा कसौंधन और उनके परिजनों के खिलाफ परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।मृतक के परिजनों ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। एक दिन पूर्व निर्माण कार्य के दौरान संदिग्ध हालत में मजदूर की हुई मौत का मामला बताया जाता है। नगर पालिका में तैनात संविदा कर्मचारी/ सफाईकर्मी की मौत पर सफाई कर्मियों में भी दिनभर आक्रोश देखा गया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों का गुस्सा देख कर मौके पर एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद और नगर कोतवाल श्री राम पांडेय पहुंच गए थे। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शाहगंज चौराहे के निकट स्थित भाजपा नेत्री के गोदाम में काम करने के दौरान मजदूर की मौत का मामला बताया जा रहा है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय बोले, तहरीर की जांच पड़ताल चल रही है। जल्द ही सख्त विधिक कार्रवाई की जायेगी।

भारत को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: सीडीओ

सुलतनपुर। सीडीओ अंकुर कौशिक ने पंचायती राज विभाग के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए सबसे अपील की वे अपने आसपास के लोगो को आगामी लोकसभा के चुनाव में मतदान अवश्य करें। यही मौका है अपने सपनों का भारत अपने अनुसार वे स्वयं बना सकते हैं। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से और शहर के मुख्य मार्गो व चौराहों पर बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। सीडीओ ने जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आवाहन किया और लोगो को प्रेरित करने हेतु अपील किया।सीडीओ ने कहा कि मतदान को अधिकार नहीं कर्तव्य मानकर मतदान अवश्य करें। सीडीओ ने कहा कि वे स्वयं जिले में मतदान करेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल,बीएसए दीपिका चतुर्वेदी व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

सं0 30/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.:** 1. **कार्य का विवरण:** जोन सं. 1. मकरन्दपुर से समपार सं. 250 ए (दोनो सहित) चौपला कालोनी, बरेली सिटी कालोनी बरेली सिटी स्टेशन के सामने वाली कालोनी। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,29,51,533.53 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,14,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 2. **कार्य का विवरण:** जोन सं. 2 समपार सं. 250 ए (रहित) समपार सं. 244 बी (सहित) स्टेशन कालोनी, लोको शैड तथा स्टेशन बरेली सिटी। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,27,71,566.26 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,13,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 3. **कार्य का विवरण:** जोन सं.3. समपार सं. 244 बी से भोजीपुरा (दोनो रहित) लोको कालोनी इज्जतनगर स्टेशन एवं कालोनी अनु. इंजी./कार्य/ रेलपथ/सि. समंइ/ला./स्टेशन व कालोनी एवं कलक्टरबकगंज लाइन स्टेशन तथा कालोनी एवं प्लान्ट। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,36,05,567.11 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,18,000/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 4. **कार्य का विवरण:** जोन सं. 4 मंडल अस्पताल एवं अस्पताल कालोनी, आई.बी.आर.आई रोड के उत्तर में वमई/सम. इज्जतनगर। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 99,58,797.15 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 1,99,200/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 5. **कार्य का विवरण:** जोन सं. 5 मंडल कार्यालय, बी. आर. आई, कार्यालय इत्यादि साथ मे आफिस कालोनी इज्जतनगर। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,17,38,940.54 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,08,700/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 6. **कार्य का विवरण:** जोन सं.6. यांत्रिक कारखाना साथ में प्रशासनिक भवन एवं भंडार डिपो इज्जतनगर। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,70,24,130.58 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,35,100/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 7. **कार्य का विवरण :** जोन सं. 7. अधिकारी कालोनी रोड नं. 1 से 7 तक काली बाडी (सभी सहित) इज्जतनगर। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,85,88,256.58 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,43,000/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं.:** 8. **कार्य का विवरण:** जोन सं. 8. कालीबाडी (रहित) से न्यू मॉडल रेलवे कालोनी, डीजल शैड इत्यादि इज्जतनगर। **अनुमानित लागत रुपयों:** रु. 1,96,50,213.54 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 2,48,300/- निविदा प्रपत्र का मूल्य : **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : **30.06.2025 तक क्र.सं. :** 9. **कार्य का विवरण :** जोन सं. 9. भोजीपुरा (सहित) से लालकुँआ (रहित)। **अनुमानित लागत रुपयों:**

मतदान ड्यूटी में लगाये गये अधिकारीयों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी, हमीरपुर के निर्देशों के अनुक्रम में दिनांक- 10.05.2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर एवं राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय हमीरपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान ड्यूटी में लगाये गये पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों, द्वितीय मतदान अधिकारियों एवं तृतीय मतदान अधिकारियों का दो पालियों में द्वितीय प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम जो राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर एवं राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय हमीरपुर में प्रत्येक पाली में 288 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाना था जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 288 एवं द्वितीय पाली में भी 284 मतदान कार्मिक उपस्थित हुए एवं 04 कर्मचारी अनुपस्थित रहें। अनुपस्थित मतदान कार्मिक में 02 मतदान कार्मिक अस्वस्थ होने के कारण एवं 01 मतदान कार्मिक के पिता जी के देहान्त हो जाने के कारण तथा 01 मतदान कार्मिक श्री कुलदीप तिवारी, एच0डी0एफ0सी0 बैंक के कैशियर के बिना कारण अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक आदि द्वारा मतदान सम्बन्धी दायित्वों की सम्यक जानकारी प्रदान की गयी तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 संचालन का विधिवत् प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही समस्त मतदान कार्मिकों कों अपने नियत समय के 30 मिनट के पूर्व अपने स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कस्बा कुरारा के वार्ड तीन टेनरी मोहल्ले में इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत के समर्थन में बैठक कर लोगो से वोट देकर जिताने की अपील की। कस्बे की पूर्व चेयरमैन प्रांतीय सदस्य सपा माया बाल्मीकि ने कस्बे के वार्ड तीन में बैठक कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत के लिए समर्थन करने की अपील की। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगो से कहा कि भाजपा सरकार संविधान में दिए गए अधिकार को समाप्त करना चाहती है।इस लिए लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए इंडिया गठबंधन सरकार बनाने में सहयोग करें।इस अवसर पर राम आसरे वर्मा, उदयभान, हल्कू नाना, चंद्रभान, रामावतार,दिलीप कुमार, जगदीश चंद्र, वेदप्रकाश,रामबिहारी, देवीदीन, लालाराम आदि मौजूद रहे।

कुरारा पुलिस ने पांच किलो 500 ग्राम नाजायज गांजे के साथ एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी आरोपी को पुलिस ने बीती शाम गश्त के दौरान बोरी में सूखा गांजा ले जाते समय मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। क्षेत्र के पतारा गांव निवासी शंभू कुशवाहा पुत्र गया प्रसाद के खिलाफ थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बीती शाम चौकी इंचार्ज पतारा शिवकुमार सिंह अपने हमराह कांस्टेबल देवेश कुमार व रज्जन लाल के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर द्वारा जानकारी मिली की एक व्यक्ति बोरी मे संदिग्ध सामान लेकर क्योटरा तिराहा से पैदल चलकर गांव की तरफ जा रहा है। तब दबिश देकर उसको गिरफ्तार कर बोरी की तलाशी ली गई तो गांजा बरामद हुआ। जिसकी तौल कराने पर पांच किलो पांच सौ ग्राम निकला। आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से गांजा रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया है। जहा से उसे जेल भेज दिया गया।सम्भू कुशवाहा के खिलाफ पहले भी कई मामले थाने में दर्ज है बीते वर्ष फरवरी माह में पतारा गांव में शम्भू ने ही सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र यादव को गोली मारी थी जिसमे उनकी जान जाते जाते बची थी।

विशेष अभियान चला कर रोके गए 200 से अधिक बाल विवाह

अवधनामा संवाददाता

विकासखंड मौदहा एवं सुमेरपुर में 1 मई से 10 मई तक चला अभियान

हमीरपुर। साई ज्योति संस्था हमीरपुर द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस के सहयोग से संचालित बाल अधिकार एवं न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा जनपद हमीरपुर के विकासखंड सुमेरपुर एवं मौदहा में 1 मई 2024 से 10 मई 2024 तक अभियान चलाकर 200 से अधिक बाल विवाह रोकने का कार्य किया गया। इस कार्य में संस्था के 15 सामाजिक कार्यकर्ता, परियोजना समन्वयक, सपोर्ट पर्सन आदि ने सहयोग किया।

साई ज्योति संस्था के परियोजना समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने बताया कि संस्था द्वारा अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों को ध्यान में रखते हुए अप्रैल माह से ही बाल विवाह का चिन्हित करना शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि लगातार फॉलो अप एवं समन्वय के माध्यम से संस्थान को विकासखंड मौदहा एवं सुमेरपुर में अपने 15 सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से 200 से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली हैं। इन परिवारों से अंडरटेकिंग भी लिखवाई गई है कि जब तक उनकी लड़की 18 वर्ष से अधिक या लड़का 21 वर्ष से अधिक नहीं हो जाता तब तक वह उसका विवाह नहीं करेंगे।

इस कार्य में संस्था के सामाजिक कार्यकर्ता रवि करन, धीरेंद्र द्विवेदी, चंद्रकेतु, दीपचंद, भैयालाल, बाबू पाल, ओमप्रकाश, जयंत कुमार, कुमारी रित, के साथ-साथ सपोर्ट पर्सन आरती वर्मा का भी विशेष सहयोग रहा।

द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज पं.जे.एन.पी.जी. कॉलेज बांदा में मतदान कार्मिकों के चल रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में मतदान कार्मिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन में मतदान के महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थितढंग से सम्पन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी कार्मिक मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में एवं ईवीएम मशीन सहित सभी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने निर्देश दिये कि इस प्रशिक्षण में संवेदनशीलता व कुशलता से मतदान कराए जाने के सभी कार्यों का बेहतर रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, जिससे कि मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि जिस किसी मतदान कार्मिक को मतदान प्रक्रिया के संबंध में कोई प्रश्न या जानकारी लेनी हो तो आज अवश्य ही अपनी सभी समस्याओं का समाधान कर लें। उन्होंने स्वयं भी प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों से प्रश्न करते हुए उनके द्वारा चाही गयी जानकारी दी। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों से कहा कि मतदान प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात ईडीसी पोस्टल बैलट के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कार्मिकों को माकपोल के समय विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण दौरान पीठासीन अधिकारियों के कार्य, मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी के कार्यों, ईवीएम संचालन प्रक्रिया सहित मतदान के समय मतदाता की बांई तर्जनी पर स्याही का निशान अवश्य लगाएं जाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मतदान के दौरान मतदाता के इपिक कार्ड के अतिरिक्त मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्रों के लाये जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनरों द्वारा माकपोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट तथा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार किये जाने एवं मशीन सीलिंग किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने मतदान कार्मिकों के द्वारा पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी के माध्यम से मतदान करने के लिए बनाए गए पोस्टल बैलेट काउंटरो का निरीक्षण करते हुए उपस्थित कार्मिकों से मतदान कराए जाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए व्यवस्थित रूप से कार्यों को सम्पादित कराये जाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में एक कक्ष में 48 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रथम व द्वितीय पॉली में प्रदान किया जा रहा है।

इसके पश्चात उन्होंने मंडी समिति बांदा में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग कार्य किए जाने का निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इस कार्य हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दबंगों ने युवक को घर में बुलाकर मार किया अधमरा

अवधनामा संवाददाता

8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

हमीरपुर राठ। कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में दबंगों ने दुकान पर बैठे एक युवक को बहाने से बुलाकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से इलाज हेतु सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक की मां ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव निवासी तुलसिया ने बताया कि उसका पुत्र मुकेश गांव के ही करन यादव की दुकान पर बैठा हुआ था। तभी गांव के ही मातादीन, शीला, निशा, मलखान, गोविंद, देवीदीन, पप्पू और अरविंद ने उसके पुत्र मुकेश को बहाने से घर के अंदर बुला लिया और उसकी हथौड़े व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। जिसे 108 एंबुलेंस के द्वारा के पुत्र को इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसके पुत्र की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीः अंकिता केजरीवाल

सोनभद्र। शुक्रवार को बताते हुए हर्ष की अनुभुति हो रही है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला ने एक बार फिर प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहिं होता कथन को सत्य कर दिखाया है।। तथा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों एवं मंदिर में आने वाले भक्तगणों की प्यास बुझाने के लिए जल ही जीवन है अमृत धाराप्रकल्प के तहत नगर में स्थित बगीचे वाले हनुमान जी के मंदिर पर स्थाई प्याऊ; वाटर कूलर लगवाया गया। पिछले वर्ष इसी कड़ी में मारवाड़ी सोन महिला मंच ने नगर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में एक स्थाई वाटर कूलर लगवाया था , जिसका जीर्णोद्धार भी कराया गया। लोकार्पण मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सरोज के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मारवाड़ी समाज की महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं राष्ट्र हित में सहयोग कर रही हैं। और मारवाड़ी सोन महिला मंच के लिए इस नेक कार्य को सम्पन्न करने के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर मंच के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे , निवर्तमान अध्यक्षा तथा प्रांतीय सह संयोजिका अंकिता केजरीवाल ने बताया की हमारा मंच समय - समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है और आगे भी करता रहेगा।

दंगा नियत्रंण व बलवा ड्रिल का किया गया अभ्यास

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के द्वारा प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत गठित दंगा नियन्त्रण जोनल टीम व पुलिस बल के साथ पुलिस परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एन्टी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, वॉडी प्रोटेक्टर, कैन्शील्ड, हैण्ड गार्ड व लेग गार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा उनको चेक करते हुए अल्प समय में इन उपकरणों से सुसज्जित होकर दंगा नियन्त्रण करने का अभ्यास कराया गया क्षेत्राधिकारी सदर के द्वारा दंगा नियंत्रण की समस्त पुलिस पार्टियों को दंगा नियंत्रण के समय उनके कर्तव्यों को जांचा व परखा गया तथा दंगा नियंत्रण किटों का निरीक्षण कर दंगा नियंत्रण किट को व्यवस्थित रूप से धारण करने व उसके उपयोग करने हेतु अभ्यास कराया गया।सभी को सदैव दंगा निरोधी उपकरणों से अल्प समय में ही सुसज्जित होने, साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, पुलिस विभाग की गरिमा बनाये रखने हेतु सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश व हिदायत दी गयी । इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर, प्रभारी यातायात व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

दिव्यांगो ने स्नेहिल आमंत्रण पत्र एवं गुलाब देकर की मतदाताओं से मतदान की अपील

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। स्वीप कार्यक्रम में चलाए गये मतदाता जागरूकता अभियान की कमान अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर के नेतृत्व में जनपद के दिव्यांग जनों ने संभाली जिसमें प्रातः से ही अम्बेडकर पार्क गेट पर आईकान देवनारायण सोनी के साथ दिव्यांग ट्राई साइकिल, बैसाखी व सहयोगी के साथ उपस्थित हुए तथा नुक्कड़ नाटक कर मतदान की अपील की। कार्यक्रम शुभारंभ पर बोलते हुए नोडल अधिकारी स्वीप चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि हमीरपुर में दिव्यांग मतदाताओं का उत्साह और जागरूकता देख कर लग रहा है कि हमीरपुर 20 मई को रिकॉर्ड मतदान करने जा रहा है। दिवयांगो का उत्साहवर्धन हिमांशु अग्रवाल जिला दिव्यांग जन शसक्तीकरण अधिकारी ने किया। दिव्यांग मतदाताओं द्वारा जनपद हमीरपुर के सभी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु लगातार नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी व मतदाताओं को गुलाब देकर मतदान दिवस पर मतदान हेतु अपील की जा रही है। साथ ही जनपद के समस्त दिव्यांगो ने ठाना है कि वह सभी अपने अपने बूथ पर प्रथम वोट डालने जाएंगे। इस अवसर पर अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर, देवनारायण सोनी दिव्यांग आईकान, मंगल,रघुनाथ विश्वकर्मा मैया दिन चौरसिया , दुर्गेश कुमार प्रजापति , राजेंद्र कुमार उज्जैनी शिवपाल विश्वनाथ जगराम निर्देश कुमार शिवसरन ओमरे धर्मराज ऋतुराज सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

आमलोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी द्वारा प्याऊ की व्यवस्था कराई गई

सोनभद्र/ओबरा। गर्मी और तेज धूप के मध्य नजर राहगीरों एवम आम नागरिकों के लिए नगर पंचायत ओबरा द्वारा में बाजार हनुमान मंदिर के निकट प्याऊ की व्यवस्था कराई गई। शुक्रवार को हनुमान मंदिर सुभाष चौक पर आम नागरिकों राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चांदनी जी एवं समस्त सभासद जनों द्वारा किया गया। तथा नगर के मुख्य बाजार ,चौक चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत सभासद , राहुल श्रीवास्तव,राकेश मिश्रा, विकास सिंह, अनुज वर्मा, अरशद हुसैन, सुरेश शर्मा, गिरिजा शंकर, राकेश कुमार, अमित गुप्ता, आनंद जायसवाल, नगर पंचायत लिपिक के सुधांशु मिश्रा, संत लाल यादव, राजेश कुमार यादव,दिनेश यादव,एवम अन्य सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे।।

जुलूस के साथ बहुजन समाज पार्टी ने भी किया नामांकन

सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो। बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा कार्यालय से जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया गया नामांकन अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष बी सागर ने बताया कि कार्यकर्ता हूं मैं काफी उत्साह है जिसके साथ कार्यकर्ता उसका सदैव विजई है। वही नामांकन के चौथे दिन लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 राबर्ट्सगंज में 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में बनाये गये नामांकन स्थल पर शुक्रवार चौथे दिवस 04 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किये,जिसका विवरण निम्नवत् है-1-अशोक कुमार कनौजिया-भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी से-02 सेट 2-धनेश्वर-बहुजन समाज पार्टी-01 सेट 3-प्रभु दयाल-राष्ट्रीय समाज दल-01 सेट 4-राम शिरोमणी-सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी-01 सेट पर्चा दाखिला किया गया।

सही नियत और सधी रणनीति के सहारे मयंक चले विजय की ओर

अवधनामा संवाददाता

परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्रह्म समाज के साथ नजर आये मयंक

बाँदा। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्यासी मयंक द्विवेदी एकमात्र ब्राह्मण प्रत्यासी है बाँदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र से जबकि आर के पटेल भाजपा से अभी तक सांसद थे और पुनः सांसद बनने की तैयारी कर रहै है वही तीसरी प्रत्यासी है श्रीमती कृष्णा पटेल जो समाजवादी पार्टी से सांसद बनना चाहती है। अब जबकि बाँदा लोकसभा मे पांचवे चरण मे मतदान होना है तो स्थितियां भी बार बार बदल रही है समाजवादी पार्टी ने अंत तक अपने दोनो प्रत्यासी तैयार रखे थे श्रीमती कृष्णा पटेल और उनके पति शिवशंकर पटेल जो पूर्व मे मंत्री रहै है भाजपा सरकार मे , आर के पटेल सबसे पहले भाजपा की लिस्ट मे स्थान प्राप्त कर अपनी दावेदारी पेश कर चुके है वही मयंक भी आखरी समय मे बसपा से चुनाव मैदान मे कूद गये और समीकरण तभी से डगमगाने लगे , आज जब लगभग एक सप्ताह का समय बचा है चुनाव प्रचार मे ताकत झोकने का तो सभी प्रत्यासी अपनी अपनी ताकत (धन बल छल) के साथ जुटे है। अगर जातिगत मतदाताओ की बात की जाये तो पटेल और ब्राह्मण मतदाताओ की अधिकता है यहां पर , मुसलमान मतदाता भी एक लाख से ऊपर है अब ऐसे मे सभी की नजरें ब्राह्मण मतदाताओ पर है। आज परशुराम जन्मोत्सव पर सिर्फ मयंक ही ऐसे प्रत्यासी थे जिन्होने भगवान परशुराम के कई कार्यक्रमो मे हिस्सा लिया।

बांदा मे 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की भांति अखंड भारत विप्र एकता मंच के बैनर तले भगवान परशुराम जी मंदिर कचेहरी में पूजा पाठ हवन यज्ञ किया गया व सम्राट पैलेस तिंदवारी रोड में भव्य संगीतमय सुंदर कांड व संगीतमय परशुराम स्तुति पाठ किया गया लोक कल्याण की कामना की गई। जिसमें सैकड़ों की तादाद में विप्र जनों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व समाज में जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश शुक्ला लाला व कार्यक्रम में शामिल हुए मयंक द्विवेदी प्रत्याशी लोकसभा 48 कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभिषेक बाजपेई ने आगामी चुनावों में सफलता हेतु आशीर्वाद देते हुए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आकाश दीक्षित,रितेश त्रिपाठी, राज द्विवेदी, श्यामबाबू त्रिपाठी, संदीप पांडेय जिलाध्यक्ष अखिल भारत ब्राह्मण एकता परिषद व नवीन तिवारी ,संजय दीक्षित अनिल तिवारी सचिव, रामकृष्ण त्रिपाठी क्षितिज त्रिपाठी राजीव द्विवेदी सहित सैकड़ों विप्रों ने प्रतिभाग किया।

वर्षों से नाली सफाई व मरम्मत की राह देख रहे ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता

डाला/सोनभद्र। ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी में पानी निकास से परेशान ग्रामीणों को बीमारी का खतरा बढ़ने लगा। शिकायतों के बाद भी नही ध्यान दे रहे जिम्मेदार। विकास खण्ड -चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी के वार्ड 5 में रियाज अहमद के घर के पास नाली की सफाई व टूटने के कारण पानी रास्ते मे भरता जा रहा। जहां स्थानीयों व स्कूल के बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा। 2021 में हुए पंचायत चुनाव के बाद वार्ड 5 में हमेशा नाली सफाई , व मरम्मत न होने से नाली में घास पतवार की भरमार लग गयी। वही ग्राम प्रधान को शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी को नही भेजा गया। कभी-कभी नाली की समस्या को देख स्थानीयों ने स्वयं के हाथों ही नाली सफाई करनी सुरु कर दी। ग्राम पंचायत-बिल्लीमारकुंडी विधान सभा ओबरा (402) में आता है जहां विधायक संजय कुमार गौंड जी ही जिनका यह दूसरा पंचवर्षीय शासन काल है। ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी के वार्ड न0 - 01 में निवास स्थान भी है। जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण राज मंत्री भी है। तथा मंत्री जी की पत्नी लीलावती देवी विकास खण्ड-चोपन की ब्लॉक प्रमुख है। ऐसे में भी स्थानीयों ने मंत्री जी से शिकायत किया लेकिन कोई सुलभ उपाय नही निकाला जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि इस सरकार में सुनने वाला कोई नही। इसी रास्ते मे छोटे बच्चों का स्कूल भी है। जहाँ बच्चे कभी कभी गिर भी चुके है। यह समस्या कोई नई नही है लगभग 10 वर्षो से झेल रहे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस बार नए ग्राम प्रधान आएंगे तो वार्ड 5 का कायाकल्प हो जायेगा। परन्तु स्थिति बदलने का नाम नही ले रहा। इस सम्बंध में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राहुल सिंह से मोबाइल के जरिए सम्पर्क किया गया तो उन्होंने अपना फोन उठाना उचित नही समझा।

मेरा सोनभद्र मेरी शान, 1 जून को करे मतदानः सौरभ

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लाक परिसर राबर्ट्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका व ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के तहत जनपद सोनभद्र में1 जून को मतदान होना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए कम प्रतिशत वाले मतदान बूथों पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जन-जन को मतदान करने हेतु जागरूक करें।

जय श्री राम के नारे के साथ दुद्धी उपचुनाव का हुआ नामांकन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र विधानसभा दुद्धी उपचुनाव के प्रत्याशी के रुप में श्रवण गोंड ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। इस शुभ अवसर पर मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल द्वारा अन्य दलों सपा बसपा से आये पदाधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी जिसमे मुख्यरुप से दीपक कुमार यादव पूर्व सपा प्रदेश सचिव, रिषभ मिश्रा, सागर गोंड एनएसयुआई कार्यकर्ता, सत्येन्द्र कुमार, अनिष शर्मा, मनोज यादव सपा कार्यकर्ता, बसपा के शंकर कनौजिया, प्रकाश पटेल, रमेश चेरो ने सदस्यता ग्रहण किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता देवतुल्य होता है, जो हर बूथ पर पार्टी को जिताने का कार्य करता है, आज इस सभागार में जो भी कार्यकर्ता मौजूद है मै उनका आवाह्न करता हूं कि दुद्धी विधानसभा उपुचनाव में और लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाकर एक एक व्यक्ति तक पहुंचकर संगठन और सरकार कि जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए हर एक बूथ को जितने का सफल रणनीति सफल बनायें ताकि हम दोनो चुनाव प्रचण्ड बहुमत से जीत सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि होने वाले चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आगे कई संगठनात्मक कार्यक्रम होने है जिसमें हमारे सभी मोर्चो के सम्मेलन व बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एवं वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, शिक्षक, प्रबंधक /प्रधानाचार्य सम्मेलन प्रमुख रुप से तय है अतः आप सभी लोग इन कार्यक्रमों को सफल बनाये ताकि होने वाले चुनावों को हम प्रचण्ड बहुमत से जीत का परचम लहराये और आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, विधानसभा पालक दुद्धी रमेश मिश्रा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुबाष खरवार, गेंदालाल घसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे,डॉ धर्मवीर तिवारी, रामलखन सिंह, जिला पंचायत सदस्य म्योरपुर सुषमा सिंह गोंड, रामविचार गोंड, बृजेश श्रीवास्तव, सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी में इंडिया अलायंस की आंधी से डरे हैं मोदी: राहुल

अवधनामा ब्यूरो

- कन्नौज को विकास की ऊंचाईयों तक ले जाने का काम किया: अखिलेश
- 10 साल में नरेंद्र मोदी ने कभी अडानी और अंबानी का नाम नहीं लिया: राहुल

लखनऊ/कन्नौज। लोकसभा चुनाव को लेकर कन्नौज में इंडिया गठबंधन की साझा चुनावी सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश यादव और आप नेता संजय सिंह शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया अलायंस और अखिलेश यादव यहां जीत हासिल करने जा रहे हैं। मैं आपको लिखकर देता हूं, उत्तर प्रदेश में इंडिया एलायंस का तूफान आने वाला है। मैं आपको लिखित में देता हूं, भाजपा को देश में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना यहां उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश देश का मार्ग प्रशस्त करता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने मन बना लिया है कि यहां परिवर्तन लाना है, भारत में परिवर्तन लाना है और इसीलिए ये निर्णय लिया गया है। जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि 10 साल में नरेंद्र मोदी ने कभी अडानी और अंबानी का नाम नहीं लिया। उन्होंने 10 साल में हजारों भाषण दिए लेकिन कभी उनका नाम नहीं लिया। जब कोई डर जाता है तो वह उन लोगों का नाम लेता है जो उसे लगता है कि उसे बचा सकते हैं। तो नरेंद्र मोदी ने अपने दो दोस्तों का नाम लिया- मुझे बचा लो, इंडिया गठबंधन ने मुझे घेर लिया है, मैं हार रहा हूं। अडानी-अंबानी, मुझे बचा लो। इसीलिए नरेंद्र मोदी ने उनका नाम लिया। राहुल ने कहा कि उन्हें यह भी पता है कि अडानी टेम्पो में पैसे कैसे भेजते हैं। प्रधानमंत्री को गति का निजी अनुभव है। अब बीजेपी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले 10-15 दिनों तक वे आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करेंगे...आप विचलित न हों। भारत में आम चुनाव में एक ही मुद्दा है, सारे मुद्दे उसी से निकलते हैं- भारत का संविधान। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि ये कन्नौज के हमारे लोग इस बार हमें ना केवल जिताने जा रहे हैं बल्कि देश की बड़ी जीतों में कन्नौज का नाम शामिल करने जा रहे हैं। मैंने अपना पहला चुनाव भी कन्नौज से लड़ा था।

सपा नेता ने कहा कि कन्नौज को विकास की ऊंचाईयों तक ले जाने का काम किया है, कन्नौज में जितने भी बड़े-बड़े काम दिखाई दे रहे हैं समाजवादी सरकार के किए हैं। जो लोग हाईवे पर चलते हैं उनको पता है कि हाईवे समाजवादियों ने बनवाया है लेकिन हमने कभी हाइवे को धुलवाया नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो चोरों में झगड़ा तभी होता है जब बंटवारा ठीक से ना हो, मुझे वो दिन भी याद हैं जब बादलों की वजह से रडार से दिखाई नहीं दे रहा था, नाले की गैस से चाय बना रहे थे, ये लोग झूठे हैं। भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग हमारे आपके और संविधान के पीछे पड़े हैं।

सुब्रत पाठक को अधिक सें अधिक वोटो से जितायें

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सैफई परिवार वाले मुझे गाली देते हैं। आने वाली 13 मई को आप लोग गाली का जवाब कमल का बटन दबाकर दीजिए। समाजवादी पार्टी समासवादी पार्टी बन जाएगी। उन्होंने कहा कि सपा के लोग आप लोगों से कुछ कहें तो आप कोई जवाब मत देना। योगी जून की गर्मी में शिमला जैसा ठंडा कर देंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग इनकी साइकिल को पंचर करके सुब्रत पाठक को अधिक सें अधिक वोटो से जिता दीजिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है।

प्रवास कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार 11 मई 2024, को कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, बेगूसराय (बिहार) और वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:35 बजे करिया झाला का मैदान, झींझक रसूलाबाद, कानपुर देहात में लोकसभा कन्नौज की जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा सुबह 11:50 बजे सेन्ट्रल पार्क, बाबू पुरवा, छावनी, कानपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। तत्पश्चात् दोपहर 01 बजे रामलीला मैदान उन्नाव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 03:50 बजे बेगूसराय (बिहार) में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें और सायं 6:30 बजे होटल ताज वाराणसी में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में सम्मिलित रहेंगे।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी

लखनऊ। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी शनिवार 11 मई 2024, को झांसी, जौनपुर, बहराइच और लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी सुबह 11 बजे लक्ष्मी गार्डन, झांसी में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 2 बजे सल्तनत बहादुर इण्टर कालेज, बदलापुर, जौनपुर में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् बहराइच में दोपहर 03 बजे पानी की टंकी चौराहा से नगर पालिका ऑफिस तक रोड शो करेंगे। तत्पश्चात् लखनऊ में सायं 05:15 बजे रामलीला मैदान, कुर्मांचलनगर, में पर्वतीय समाज सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे और सायं 06:30 बजे पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमतीनगर में आयोजित पर्वतीय समाज बैठक में सहभागिता करेगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार 11 मई को रायबरेली के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 2 बजे विशाल टॉकिज के बगल मैदान में तहसील, सलोन, रायबरेली में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 03:20 बजे गांव पिछौरा चौराहा, जगतपुर, रायबरेली में आयोजित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व प्रमुख सामाजिक लोगों की बैठक को सम्बोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार 11 मई को रायबरेली, जौनपुर और लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह11 बजे होटल सेनानी, रायबरेली में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 12:40 बजे ग्राम सरसरा माफी, बरसठी, मडियाहूं जौनपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 03:40 बजे आई.एम.ए. हॉल रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ में आयोजित चिकित्सक बैठक को सम्बोधित करेंगे। चिकित्सक बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री डा. अरूण सक्सेना भी सम्मिलित होगें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजयुमों तेजस्वी सूर्या

लखनऊ। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजयुमों तेजस्वी सूर्या शनिवार 11 मई को फतेहपुर और रायबरेली के प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजयुमों तेजस्वी सूर्या सुबह 11 नवीन रिसार्ट विन्दकी, फतेहपुर तथा सायं 4 बजे मुराईबाग पडवा नाला, डलमऊ, रायबरेली में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ।प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार 11 मई को झांसी व ललितपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह दोपहर 12 बजे राजीव गांधी खेल मैदान टेहरौली, मऊरानीपुर, झांसी में जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 03 बजे गदनपुर सभा मैदान, मेहरौनी, ललितपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

मंत्री डा. संजय निषाद

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद शनिवार 11 मई को इटावा, औरैया और कानपुर देहात के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 11:05 बजे गढ़ा कासदा, भरथना, इटावा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 12:05 बजे जैनपुर अजीतमल, औरैया में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 01:45 बजे जाफरपुर गांव, राजपुर, सिकन्दरा, कानपुर देहात में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

मंत्री ए.के. शर्मा

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार 11 मई को बलिया के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा सुबह 11 बजे मैरिज हॉल, बासडीह, बलिया तथा सायं 04 बजे बाला उत्सव गृह वैना, फेफना, बलिया में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें

मंत्री धर्मपाल सिंह

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह शनिवार 11 मई को चित्रकूट के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह सुबह 11 बजे बोडी पोखरी के पास नारायण खेड़ा महाविद्यालय, मानिकपुर, चित्रकूट में आयोजित सामाजिक सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

मंत्री नन्दगोपल गुप्ता नंदी

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी शनिवार 11 मई को प्रतापगढ, जौनपुर और प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सुबह 11 बजे तुलसीपुर, सदर हादीहाल, प्रतापगढ़ तथा दोपहर 01 बजे सीएल पैलेस रामपुर, मछलीशहर, जौनपुर में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् सायं 05 बजे केन्दीय कार्यालय जार्जटाउन, फूलपुर प्रयागराज में व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु शनिवार 11 मई को भदोही के प्रवास पर रहेंगे।
प्रदेश सरकार में मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु रात्रि 8 बजे भाजपा जिला कार्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आयोजित चिकित्सक बैठक को सम्बोधित करेंगे।

साइकिल और हाथ की दोस्ती पहले भी फेल हो चुकी है: पाठक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को इंडी अलायंस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि साइकिल और हाथ की दोस्ती पहले भी फेल हो चुकी है। इनका गठबंधन एक बार फिर फ्लॉप होगा, दोनों ही पार्टियों को इस चुनाव में एक भी सीट नसीब नहीं होगी। प्रदेश की जनता मोदी-योगी के कामकाज से प्रसन्न है और सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को बलिया लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नीरज शेखर की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का डीएनए भी एक ही है क्योंकि दोनों ही दलों के कर्ता-धर्ता विदेश से पढ़कर आये हैं इन्हें देश और प्रदेश की कोई जानकारी नहीं है। इनके संस्कार भी विदेशी ही हैं। उन्होंने कहा कि जब पुलवामा में अटैक हुआ था तो मोदी ने कहा था कि घर में घुसकर दुश्मन को मारेंगे। जिसका नतीजा रहा कि हमारे जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का खात्मा करने का काम किया था।

ड्रोन लेजर शो के जरिए काशी के विकास की गौरव गाथा

- भव्य आयोजन, दशाश्वमेध घाट पर विशिष्टजन संग उमड़ी भीड़
- मोदी के संकल्प विकसित भारत का जीता-जागता प्रमाण देख लोग हुए आनंदित

वाराणसी/लखनऊ। दिन-गुरुवार। समय-गंगा आरती के बाद सायं 7.40 बजे। गंगा पार से जब सतरंगी एलईडी लाइटों से आसमान जगमगाने लगा तो दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित जनसमूह के 'हर-हर महादेश' और 'फिर एक बार मोदी सरकार' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जी हां, ड्रोन लेजर शो के माध्यम से काशी के विकास की गौरव गाथा का बखान का अद्भुत नजारा जो सामने था। पीएम मोदी के संकल्प विकसित भारत का जीता-जागता प्रमाण देख लोग आनंदित नजर आए। गंगा पार में हुए इस भव्य आयोजन के साक्षी सिर्फ दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित विशिष्टजन संग उमड़ी भीड़ नहीं बनीं, बल्कि अन्य गंगा घाटों से देशी-विदेशी पर्यटकों ने भी इसका लुत्फ उठाया। पीएम मोदी के नामांकन के पूर्व ही काशी में लोकसभा चुनाव का पारा हाई हो चुका है। इसमें सोने पे सुहागा जैसा काम किया गुरुवार को दशाश्वमेध घाट के ठीक सामने गंगा पार पर आयोजित भव्य ड्रोन लेजर शो ने। इसके माध्यम से बीते 10 साल के दौरान हुए काशी के विकास गाथा को दर्शाया गया। पीएम मोदी के सांसद के तौर पर काशी में 10 साल के बीच हुए विकास कार्यों के काशीवासी ही नहीं देशी-विदेशी पर्यटक भी साक्षी बने। ड्रोन लेजर शो के माध्यम से 'डमरू', 'कमल', 'नमो घाट', 'मां गंगा', 'वंदेभारत ट्रेन', 'क्रूज', 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' आदि को दर्शाया गया। इस दौरान बीच-बीच में 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'कमल के खिलते फूल', आदि को भी प्रदर्शित किया गया, जिसे देख हर कोई आश्चर्यचकित नजर आया। इस दौरान उद्घोषिका बराबर विकास कार्यों के बारे में बताती नजर आयी। करीब 15 मिनट तक चले ड्रोन लेजर शो के माध्यम से बनारस में अब तक हुए विकास कार्यों का जहां प्रदर्शन किया गया।

मानवता और विकास शब्द को प्रो. अनवर ने खूबसूरती से समझाया: आरिफ नक़वी

एक बेहतर इंसान की खोज, एक बेहतर ब्रह्मांड की खोज और बेहतर चीजों की खोज ही प्रगति का नाम है: प्रो. अनवर पाशा

अवधनामा ब्यूरो

मेरठ/लखनऊ। हमें शब्दों के जाल में नहीं उलझना चाहिए कि आप साहित्य को कितने नामों में बदल देंगे। प्रोफेसर अनवर पाशा द्वारा मानवता और विकास शब्द की बहुत ही खूबसूरती से व्याख्या की गई है। कार्ल मार्क्स ने आज के विज्ञान और कंप्यूटर के विकास के बारे में नहीं सोचा था. लेकिन आज भी श्रमिकों की समस्याएँ वही हैं जो पचास साल पहले थीं। हमें परिस्थितियों और जीवन को समझना चाहिए। हमें साहित्य को शब्दों के घेरे में नहीं रखना चाहिए। ये शब्द थे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग और इंटरनेशनल न्यू-उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन (आईयूएसए) द्वारा आयोजित जर्मनी के जाने-माने लेखक आरिफ नकवी के प्रोफेसर के। जो उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कही। कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शायर आरिफ नकवी, जर्मनी थे। प्रोफेसर अनवर पाशा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। स्वागत भाषण डॉ. आसिफ अली ने दिया, परिचय डॉ. इरशाद स्यानवी ने दिया और संचालन का दायित्व इरफान आरिफ ने निभाया।

कार्यक्रम का परिचय देते हुए उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर असलम जमशेद पुरी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रोफेसर अनवर पाशा के शामिल होने पर हमें गर्व है. साहित्य की दुनिया में आपको किसी परिचय की जरूरत नहीं है. हमारा एकमात्र उद्देश्य हमारे छात्रों को हमारे विद्वान मेहमानों से लाभान्वित होने में मदद करना है। मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए डॉ. इरशाद स्यानवी ने कहा कि प्रोफेसर अनवर पाशा साहित्य प्रेमी हैं, उनका असली नाम सैयद मोहम्मद अनवर आलम है और वह पूरी दुनिया में प्रोफेसर अनवर पाशा के नाम से लोकप्रिय हैं।

ये नया भारत है, ये आँखों में आँखें डालकर बात करता है: स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि ये नया भारत है, ये आँखों में आँखें डालकर बात करता है और अगर कोई साजिश करे तो घर में घुसकर मारता है। चाहे चीन हो या अमेरिका, भारत आज बराबरी से बात करता है और पाकिस्तान की तो वो हालत कर दी है कि कभी हमें आतंक परोसने वाला देश आज रोटी-रोटी को मोहताज हो गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता महेन्द्र नाथ पांडेय के नामांकन में सम्मिलित हुए और चन्दौली में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय के विकास कार्यों की गवाही चंदौली की जनता स्वयं देती है। उन्होंने दिल्ली में मोदी के मंत्रीमंडल के सहयोगी के तौर पर तो दायित्व निभाया ही, चंदौली का भी जमकर विकास किया।

ज़ीशान की मर्ज़ी चार्टेड एकाउंटेंट बनने की

लखनऊ। छात्र राजनीति में अपना लोहा मनवा चुके प्रॉपर्टी डीलर घसियारी मंडी निवासी अनवर अहमद के बेटे ज़ीशान अनवर ने अपने पिता से भी दो हाँथ आगे निकल कर आईसीएसई में 93 प्रतिशत नंबर लाकर अपने माता पिता का नाम रोशन कर दिया। ज़ीशान ने एल पी एस के छात्र हैं और इन्होंने सेल्फ़ स्टडी कर ये प्रतिशत हासिल किया है। अब ज़ीशान का कहना है कि वो एक चार्टेड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं।

डॉक्टर बनकर ग़रीबों की सेवा करना चाहते हैं अरीब

लखनऊ। सेंट फ्रांसिस कॉलेज के 10वीं के छात्र अरीब अहमद ने आईसीएसई में 95.6 प्रतिशत नम्बर लाकर अपने माता पिता के इस सपने को साकार करते हुए कहा कि वह आगे इससे भी अच्छे प्रतिशत लाकर एक डॉक्टर बनना चाहते हैं।

परिवहन निगम की बसें सड़क सुरक्षा के तहत करेंगी जागरुक

लखनऊ। बाइक व कार चालक के साथ साथ आम वाहन सवारों को सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए अब परिवहन निगम की बसों के जरिए भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया है। निगम की बसों के पीछे सड़क सुरक्षा के स्लोगन और संदेश लगाये जायेंगे जिससे बड़ी संख्या में वाहन सवार सड़क सुरक्षा पर जागरूक होंगे। इसके लिए परिवहन निगम को 10 करोड़ रुपये आवंटित किये जायेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अध्यक्ष और प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनुमोदन किया गया। इससे प्रदेश भर में रोडवेज की 12000 बसों के पीछे सड़क सुरक्षा का संदेश प्रचारित किया जायेगा। बस के पीछे लगे स्लोगन में लोगों को साइड में वाहन चलाने, कार चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाने, नशे का सेवन कर वाहन न चलाने के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अन्य संदेश शामिल होंगे।

कायम, जैनुल और जाफर की तिकड़ी से यूनिटी कालेज की 4-0 से जीत

सुब्रतो बालक अण्डर-17 फुटबॉल कप

- कानपुर को एक तरफा मुकाबले में दी करारी शिकस्त

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आगरा के सेंट पीटर्स कालेज मैदान पर खेले जा रहे सुब्रतो बालक अण्डर-17 फुटबॉल कप के रोमांचक व एक तरफा मुकाबले में यूनिटी कालेज लखनऊ ने कानपुर को 4-0 गोल से हराकर अगले दौर में जगह पक्की कर ली।

यूनिटी कालेज की ओर से कायम जैदी, जैनुल इमाम और अली जाफर की तिकड़ी ने हरफनमौला प्रदर्शन कर प्रतिद्वंद्वी टीम कानपुर को खेल के पूरे समय तक छकाते हुए आसान जीत हासिल कर ली। खेल के पहले हाफ में यूनिटी कालेज की ओर से कायम जैदी और जैनुल इमाम ने 1-1 गोल दाग कर टीम को मजबूती प्रदान की। खेल के दूसरे हाफ में दोनों टीमों जब मैदान में उतरी तो कुछ देर दोनों के बीच आक्रामक प्रदर्शन देखने को मिला। दूसरे हाफ में करीब 15 मिनट तक दोनों ओर से कोई गोल नही हुआ। खेल के बचे 10 मिनट में यूनिटी की ओर से अली जाफर ने गोल दागकर टीम का स्कोर 3-0 पहुंचा दिया। वहीं खेल के अंतिम क्षणों में यूनिटी को एक स्वयं के गोल का फायदा मिला जिसकी बदौलत विपक्षी टीम कानपुर को 4-0 से हरा दिया। बताते चले कि एसोसिएशन फुटबॉल में, स्वयं का गोल तब होता है जब कोई खिलाड़ी गेंद को अपनी ही टीम के गोल में जाने का कारण बनता है, जिसके परिणामस्वरूप विपक्षी टीम को गोल मिलता है। रक्षक अक्सर खतरनाक गेंदों को पेनल्टी क्षेत्र में पीछे घुमाते हैं, विशेष रूप से क्रॉस, किक मारकर या गेंद को अपने गोल, लाइन के पीछे खेल से बाहर कर देते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में 10 मई 2024 को सुबह 11: 00 बजे से एरा यूनिवर्सिटी बिल्डिंग, 7वीं मंजिल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी, माननीय कुलपति, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा किया गया। प्रोफेसर एचसीएल रावत, प्रिंसिपल एरा कॉलेज ऑफनर्सिंग, डॉ. डी. अंजलाची, वाइस प्रिंसिपल और नर्सिंग अधीक्षक, ईएलएमसीएंडएच ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। यह कार्यक्रम सभी स्वयंसेवकों के लिए था। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ की एक मेडिकल टीम ने रक्त का सुरक्षित संग्रह और भंडारण किया।

एरा कॉलेज ऑफनर्सिंग के संकाय सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी स्वैच्छिक दाताओं की उचित अपेक्षित जांच के बाद, लगभग 50 स्वयंसेवकों ने मानवीय उद्देश्य के लिए सफलतापूर्वक रक्तदान किया। आयोजक/स्वयंसेवक/ ओम प्रकाश शुक्ला, शिप्रा वशिष्ठ, अली हसन, रेनू शर्मा, फैकल्टी एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग।

हादसा रोकने वाले रेल कर्मियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ मंडल में रेल हादसा रोकने वाले रेल कर्मियों मैन ऑफ द मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संभावित हादसों को रोकने में अहम भूमिका निभाने पर रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। 21 मार्च को पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन पहुंची। वह प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर आ रही थी। इसी बीच कोच को जोडने वाला प्राइमरी इनर स्प्रिंग टूटा दिखा। मौके पर तैनात टेक्नीशियन प्रिया ने तत्परता से दिखाते हुए कोच को गाड़ी से निकलवाया। प्रिया की सजगता से संभावित ट्रेन हादसा होने से बच गया। प्रिया के इस कार्य की सराहना करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने उन्हें मैन ऑफ द मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया है। वाराणसी मंडल के भटनी गोरखपुर रूट पर क्रॉसिंग नम्बर 141 सी पर गेटमैन के पद पर तैनात प्रमोद कुमार को 25 मार्च को बिहार सप्तक्रांति के इंजन से आवाज सुनी तो लोको पायलट को सूचना देकर ट्रेन को रोका गया और टेक्निशयन की मदद से इसकी तकनीकी दिक्कत को दूर कराया। वहीं औड़िहार स्टेशन पर फाटक वाला के पद पर कार्यरत संदीप जायसवाल ने 18 जनवरी को मालगाड़ी के पास होते समय उसके एक वैगन से धुआं निकलता देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। गाड़ी को रोककर तुरंत आग वाले वैगन को अलग किया और मालगाड़ी जलने से बच गई।

अवैध वेंडरों के खिलाफ चला अभियान

लखनऊ। रेलयात्रियों को शुद्ध और पौष्टिक खाने का सामान के साथ पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए अवैध वेंडरों के खिलाफ शुक्रवार को लखनऊ मंडल में अभियान चला। अभियान के दौरान कई अवैध वेंडर पकड़े गये। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के नेतृत्व में मंडल के सभी छोटे बड़े स्टेशनों पर औचक निरीक्षण किया। खानपान के स्टॉल, पैंट्रीकारों, स्टेशन पर स्थित आहार स्थल, भोजनालय, जनाहार कक्ष में बिकने वाले सामानों की जांच पड़ताल की। जिसमें पानी की शुद्धता का गहन निरीक्षण किया गया। खाने पीने के सामान के निर्धारित मूल्य की जांच की गई।

डीआरएम ने लखनऊ से प्रयाग जंक्शन रेलखंड का किया निरीक्षण

लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कुम्भ मेले की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार को लखनऊ से प्रयाग जंक्शन रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरएम सचिंद्र मोहर शर्मा प्रयाग स्टेशन पर श्रद्धालुओं के खातिर कुम्भ मेले की तैयारियों को परखा। इस सम्बंध में राज्य सरकार की ओरसे आयोजित बैठक में शामिल हुए जिसमें मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जाने वाली तैयारियों पर विचार विमर्श करते हुए दिशा निर्देश दिये। सीनियर डीसीएम रेखा शमां ने बताया कि डीआरएम ने उत्तर प्रदेश शासन की ओर से नामित मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के साथ बैठक की। इसमें पर्यटकों एवं रेलयात्रियों के सुगम आवागमन और प्रबंधन की योजनाओं पर बातचीत की गई। बैठक के बाद प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, सरकुलेटिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया।